ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 34, अंक 134, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com






भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक 15

खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर 16







# मोदी @ 3.0



**मंत्रिमंडल में 11 मंत्री गैर भाजपाई**

- 02 पूर्व मुख्यमंत्री बने कैबिनेट मंत्री
- 03 महिलाओं को मिली है जगह
- 36 साल के राममोहन नायडू सबसे युवा मंत्री
- जीतन राम मांझी सबसे वृद्ध मंत्री

अमृत विचार

सोमवार 10 जून 2024


www.amritvichar.com

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे और 9 जून को देश को नई सरकार मिल गई। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार शपथ लेकर इतिहास रच दिया। इससे पहले पं. जवाहर लाल नेहरू के नाम तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की उपलब्धि दर्ज थी। साल 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी इससे पहले लगातार तीन बार साल 2002, 2007 और 2012 में गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे। राष्ट्रपति भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के बाद राजनाथ सिंह फिर अमित शाह ने शपथ ली। साल 2019 में मोदी सरकार 2.0 के गठन के समय भी शपथ ग्रहण का क्रम यही था। इस बार भाजपा को अकेले दम पर बहुमत नहीं मिलने के कारण मोदी सरकार 3.0 को एनडीए सरकार कहा जा रहा है। रविवार को प्रधानमंत्री समेत कुल 72 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्य मंत्री हैं।

# टीम मोदी @72 के साथ, अबकी बार# एनडीए सरकार


## मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री

### राजनाथ सिंह




- भाजपा के दिग्गज नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री 72 वर्षीय राजनाथ सिंह मोदी कैबिनेट 2.0 में रक्षा मंत्री थे। वह 2005 से 2009 और 2013 से 2014 तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस मर्तबा तीसरी बार लखनऊ से सांसद चुने गए हैं। राजनाथ सिंह की प्रतिष्ठा एनडीए के सहयोगियों और विपक्ष के दलों में समान रूप से है। उनके पुत्र पंकज सिंह नोएडा से विधायक हैं।

### अमित शाह



- भाजपा के 2014 से 2019 तक अध्यक्ष रहे करीब 60 वर्षीय अमित शाह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे भरोसेमंद साथी माना जाता है। वह पिछली सरकार में गृहमंत्री थे। वह गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी मोदी सरकार में मंत्री रहे थे। गांधीनगर लोकसभा सीट से दूसरी बार सांसद चुने गए हैं। इस बार रिकार्ड 7.44 लाख मतों से जीते हैं। अमित शाह के पुत्र जय शाह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव हैं।

### नितिन गडकरी




- मोदी सरकार 2.0 में सड़क परिवहन मंत्री रहे 67 वर्षीय भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नितिन गडकरी की पहचान अपने काम के कारण है। देश में तेजी से हाई-वे और एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने और अपनी साफगोई के कारण उन्हें सराहा जाता है। वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से निकट के संबंधों के कारण भी जाने जाते हैं। गडकरी इस बार नागपुर से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर सांसद बने हैं।

### जेपी नड्डा



- 63 वर्षीय जे पी नड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश गृह राज्य है। लेकिन गुजरात से राज्य सभा के लिए चुने गए थे। इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा था। संगठन में बढ़िया पकड़ रखते हैं।




### अश्विनी वैष्णव



- पूर्व आईआईटियन 54 साल के अश्विनी वैष्णव ने पिछली मोदी सरकार में रेल मंत्री के रूप में विशिष्ट पहचान बनाई थी। उन्होंने आईटी मंत्री के रूप में भी काम संभाला था। आईएएस अधिकारी के पद से इस्तीफा देकर राजनीति में आए थे। ओडिशा से राज्य सभा सांसद हैं। वंदे भारत ट्रेनों का तेजी से विस्तार, अमृत भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ स्टेशनों पर सफाई के लिए लोग सराहते हैं।

### शिवराज सिंह चौहान



- मध्य प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके 65 वर्षीय शिवराज सिंह चौहान किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा को बुलंदियों पर पहुंचाने में खास योगदान के लिए जाना जाता है। 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को शानदार सफलता दिलाई थी। विदिशा से 8 लाख मतों से चुनाव जीतकर सांसद बने हैं।


## 30 कैबिनेट मंत्री में 6 राज्यसभा से

### निर्मला सीतारमण



- निर्मला सीतारमण ने पिछली मोदी सरकार में वित्त मंत्री का पद बखूबी संभाला था। कर्नाटक से राज्य सभा की सदस्य हैं। जेएनयू की पढ़ी 64 वर्षीय अपनी तेज तर्रार टिप्पणियों की जानी जाने वाली निर्मला सीतारमण रक्षा मंत्री का भी बड़ा पद संभाल चुकी हैं। इस बार धन की कमी के कारण लोकसभा चुनाव लड़ने से मना करके चर्चा पायी थी।

### एस जयशंकर



- करीब 69 वर्षीय सुब्रह्मण्यम जयशंकर पिछली मोदी सरकार में विदेश मंत्री रहे हैं। कूटनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में गिनती होती है। इससे पहले जनवरी 2015 से जनवरी 2018 तक विदेश सचिव रह चुके हैं। 1977 में भारतीय विदेश सेवा में आए थे। 1981 में मास्को में सोवियत संघ के लिए द्वितीय और तीसरे सचिव फिर 1985-1988 तक वाशिंगटन में भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव के पद पर काम किया। वर्तमान में गुजरात से राज्यसभा के सदस्य हैं। कड़े फैसले लेने से पीछे नहीं हटते हैं।

### पीयूष गोयल



- मोदी सरकार में वाणिज्य और उद्योग तथा कपड़ा मंत्री रहे करीब 60 वर्षीय पीयूष गोयल इस बार पहली मर्तबा लोकसभा चुनाव लड़े थे। इससे पहले राज्य सभा के लिए चुने जाते थे। पीयूष गोयल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वास हासिल है। मुंबई नार्थ लोकसभा सीट से जीतकर संसद पहुंचे हैं। इससे पहले मोदी सरकार में रेल और कोयला मंत्रालय का काम भी संभाल चुके हैं।

### धर्मेंद्र प्रधान



- 55 वर्षीय धर्मेंद्र प्रधान की गिनती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भरोसेमंद साथी की है। पिछली सरकार में शिक्षा और कौशल विकास मंत्रालय का पद भार संभाल चुके हैं। ओडिशा गृह राज्य है। पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए हैं। संबलपुर सीट से जीतकर आए हैं। इससे पहले राज्य सभा के सांसद रहे हैं। भाजपा संगठन में काम करने का मजबूत अनुभव रखते हैं।

### जुएल ओरांव



- 63 वर्षीय जुएल ओरांव ओडिशा के सुंदरगढ़ से सांसद चुने गए हैं। पिछली मोदी सरकार में मंत्री नहीं थे, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। लगातार छठी बार सांसद चुने गए हैं। भाजपा में बड़े आदिवासी नेता के तौर पर पहचाने जाते हैं। पार्टी ने उन्हें कड़ी मेहनत का पुरस्कार दिया है।

### डॉ. वीरेंद्र खटीक



- मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ सीट से चुनकर संसद पहुंचे डॉ. वीरेंद्र खटीक की उम्र 70 साल है। वह आठवीं बार सांसद चुने गए हैं। पिछली मोदी सरकार में भी सामाजित न्याय और आधिकारिता मंत्री रहे हैं। मध्य प्रदेश के बड़े दलित नेता माने जाते हैं। संघ से जुड़े रहे हैं। साल 2019 में प्रोटेम स्पीकर चुने गए थे।

### जीतन राम मांझी



- बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 80 साल के जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) को बिहार में एनडीए से एक ही गया की सीट मिली थी, मांझी गया से जीतकर सांसद बने हैं। पहली बार मोदी सरकार का हिस्सा बने हैं। हालांकि बिहार में मांझी ने नितीश कुमार से विवाद के बाद अपनी अलग पार्टी बनाई थी।

### एचडी कुमार स्वामी




- पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र 65 साल के एचडी कुमार स्वामी कर्नाटक के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जनता दल सेक्यूलर के नेता कुमार स्वामी राज्य के वोक्कालिंगा समुदाय से आते हैं। मांड्या लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर आए हैं। उनकी पार्टी ने भाजपा के साथ समझौता करके चुनाव लड़ा था।

### राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह



- जेपी आंदोलन से राजनीति में आए 70 वर्षीय राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह नीतीश कुमार के काफी करीबी नेता माने जाते हैं। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। बीच में वह नीतीश कुमार के पाला बदलने के दौरान विवाद में आ गए थे। ऐसा माना जाता है कि नीतीश कुमार के अधिकांश फैसले में उनकी राय ली जाती है। पहली बार मोदी सरकार में मंत्री बने हैं।

### गिरिराज सिंह




- 71 वर्षीय गिरिराज सिंह मोदी सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री रह चुके हैं। लगातार दूसरी बार बिहार के बेगूसराय से सांसद चुने गए हैं। बिहार सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। अपने तीखे बयानों के लेकर देश भर में जाने जाते हैं। भाजपा में हिंदुत्व का चेहरा और फायरब्रांड नेता हैं। मोदी की पहली सरकार में भी मंत्री थे।

### के राममोहन नायडू



- प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी सरकार में सबसे युवा मंत्री के राममोहन नायडू की उम्र 36 साल है। वह आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम से टीडीपी के सांसद चुने गए हैं। पूर्व मंत्री येरेन नायडू के बेटे हैं। पिता की दुर्घटना में मृत्यु के बाद राजनीति में आए थे। पहली बार मोदी कैबिनेट का हिस्सा बन रहे हैं। तीसरी बार सांसद चुने गए हैं। 2020 में संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए थे।

### भूपेंद्र यादव




- भूपेंद्र यादव की उम्र 55 साल है। राजस्थान के अलवर से पहली बार लोकसभा का चुनाव जीते हैं। इससे पहले राज्य सभा सांसद थे। पिछली मोदी सरकार में श्रम, रोजगार और पर्यावरण मंत्री थे। भाजपा के मुख्य रणनीतिकारों के तौर पर पहचाने जाते हैं। संगठन के अनुभवी नेता हैं। राजस्थान में ओबीसी वर्ग के बड़े नेता की पहचान है।

### प्रहलाद जोशी




- प्रहलाद जोशी, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में संसदीय मामलों और कोयला व खान के कैबिनेट मंत्री बने थे। वह कर्नाटक की धारवाड़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। पांचवीं बार सांसद बने हैं और मोदी कैबिनेट में दूसरी बार मंत्री बनने का मौका मिला है। 2014 से 2016 तक कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं। हुबली स्थित ईदगाह मैदान में तिरंगा फहराने के लिए आंदोलन करके चर्चा में आए थे। जोशी की गिनती कर्नाटक के बड़े भाजपा चेहरे के रूप में होती है।

### हरदीप पुरी




- हरदीप पुरी की उम्र 72 साल है। वह उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सांसद हैं। इस कारण लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। पिछली मोदी सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री के अलावा आवास और शहरी मंत्रालय का काम बखूबी संभाल चुके हैं। भारतीय विदेश सेवा से रिटायरमेंट के बाद राजनीति में आए हैं। कई देशों में भारत के राजदूत रहे थे। हरदीप पुरी को राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद निरोधक मामलों का खास जानकार माना जाता है।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया




- साल 2020 में कांग्रेस छोड़कर आए 53 साल के ज्योतिरादित्य सिंधिया को अब मोदी और शाह का विश्वस्त माना जाता है। उनके कारण ही मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिर गई थी। पिता माधवराव कांग्रेस के बड़े नेता थे। ज्योतिरादित्य महाराज कहा जाना पसंद करते हैं। गुना लोकसभा सीट से जीतकर संसद पहुंचे हैं। पिछली मोदी सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। पांचवीं बार लोकसभा चुनाव जीते हैं।

### मनोहर लाल खट्टर



- हरियाणा के दो बार मुख्यमंत्री रहे 70 साल के मनोहर लाल खट्टर संघ पृष्ठभूमि से आते हैं और अविवाहित हैं। इस बार करनाल से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। भाजपा महासचिव के रूप में काम करते हुए हरियाणा में पार्टी को मजबूती प्रदान की थी। किसान आंदोलन के दौरान निशाने पर आए थे। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने उन्हें केंद्र में लाने के लिए मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। खट्टर को प्रधानमंत्री मोदी का करीबी माना जाता है।

### गजेंद्र सिंह शेखावत



- 57 वर्षीय गजेंद्र सिंह शेखावत दूसरी बार राजस्थान के जोधपुर से लोकसभा चुनाव जीते हैं। पिछली मोदी सरकार में जलशक्ति मंत्री रहे थे। विद्यार्थी परिषद से राजनीति की शुरूआत की थी। 2019 के चुनाव में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलौत के बेटे वैभव गहलौत को चुनाव हराया था। मोदी सरकार की हर घर नल योजना के सूत्रधार माने जाते हैं।

### चिराग पासवान



- दिग्गज दलित नेता स्व. रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवानकी उम्र 41 साल हैं। बिहार के हाजीपुर से सांसद चुने गए हैं। एनडीए के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास के नेता हैं। उन्होंने इस बार पहली बार केंद्रीय मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की है। पहले फिल्मों में किस्मत आजमाई बाद में राजनीति में आए हैं। अभी अविवाहित हैं। दो बार के सांसद हैं।

### किरेन रिजिजू



- किरेन रिजिजू की उम्र 52 साल है। अरुणाचल वेस्ट लोकसभा सीट से चुनाव जीते हैं। रिजिजू राज्य से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए हैं। पिछली मोदी सरकार में अर्थ साइंस विभाग के मंत्री थे। इससे पहले खेल, गृह और कानून मंत्री का काम भी संभाल चुके हैं। नॉर्थ ईस्ट राज्यों में रिजिजू की भाजपा के बड़े चेहरों में गिनती होती है। हालांकि एक दो बार बयानों को लेकर विवाद में रहे हैं।

### सीआर पाटिल



- 59 वर्षीय सीआर पाटिल गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और नवसारी लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। वह पहले गैर गुजराती हैं, जिन्हें भाजपा ने अध्यक्ष बनाया था। यह उनकी लगातार चौथी चुनाव जीत है। 2009 में पहला चुनाव लड़ा था। सीआर पाटिल पिछले तीन दशक से पार्टी से जुड़े हैं। साल 2019 के चुनाव में उन्होंने देश में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया था।

### सर्बानंद सोनोवाल



- 62 साल के सर्बानंद सोनोवाल असम के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वह अविवाहित हैं और आदिवासी समुदाय से आते हैं। हेमंत बिस्व सरमा के असम का मुख्यमंत्री बनने पर केंद्र में मंत्री बने थे। दो बार मोदी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पिछली सरकार में बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री रहे हैं। इस बार असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा चुनाव जीते हैं।

### अन्नपूर्णा देवी



- 54 साल की अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा से सांसद हैं और ओबीसी समुदाय से आती हैं। पिछली मोदी सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री थीं। अन्नपूर्णा देवी दूसरी बार लोकसभा का चुनाव जीती हैं। साल 2019 में राजद छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थीं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। पार्टी का ओबीसी महिला चेहरा मानी जाती हैं।

### जी किशन रेड्डी



- जी किशन रेड्डी की उम्र 64 साल है। वह तेलंगाना की सिकंदराबाद सीट से लगातार दूसरी बार लोकसभा का चुनाव जीते हैं। तेलंगाना में भाजपा का बड़े चेहरा हैं। पिछली मोदी सरकार में पर्यटन और संस्कृति मंत्री के साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास का काम भी देखते रहे हैं। चार दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं। तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### मनसुख मांडविया



- 51 साल के मनसुख मांडवियागुजरात के पोरबंदर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के करीबी लोगों में गिनती होती है। पिछली सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री रहे थे। कोविड के समय अपने काम के लिए चर्चित रहे थे। गुजरात में सबसे कम उम्र के विधायक चुने गए थे। पदयात्रा करने के लिए भी जाने जाते हैं।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 34, अंक 134, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



# मोदी ने रचा इतिहास

## तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

## लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

### मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

# 3.0

### विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

**मंत्रियों को मोदी का मंत्र**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।



रविवार को राष्ट्रपति भवन में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ' 'प्रचंड' ' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

## मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत उत्तर प्रदेश के 11 चेहरे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

### राजनाथ सिंह कैबिनेट, जयंत स्वतंत्र प्रभार जबकि अन्य बने राज्यमंत्री

**अमृत विचार :** मोदी सरकार 3.0 में उत्तर प्रदेश से 10 मंत्री बनाए गए हैं। वाराणसी के सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत यह संख्या 11 ठहरती है। मोदी सरकार 2.0 के मुकाबले इस बार मंत्रिमंडल में उप्र. की हिस्सेदारी घट गई। हालांकि इस बार भी मंत्रियों के जरिए उप्र. के जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की कवायद की गई है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह समेत प्रदेश के जिन 10 चेहरों को जगह मिली है, उनमें राजग के सहयोगी दलों में शामिल राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी, अपना दल एस से अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार में मंत्री व पीलीभीत से सांसद जितिन प्रसाद, महाराजगंज से सांसद पंकज चौधरी, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान,आगरा से सांसद एसपी बघेल, गोंडा से सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, राज्यसभा सदस्य बीएल वर्मा व हरदीप पुरी शामिल हैं।

● **मोदी सरकार 2.0 के मुकाबले इस बार मंत्रिमंडल में उप्र की हिस्सेदारी घटी**

राजनाथ सिंह मोदी के पहले कार्यकाल में गृहमंत्री व दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के रूप में सेवा दे चुके हैं। वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उप्र के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। इस लोकसभा चुनाव में उन्होंने सपा के रविदास मेहरोत्रा को हराकर जीत हासिल की। राजग में शामिल अपना दल एस की प्रमुख अनुप्रिया पटेल को तीसरी बार मंत्रिमंडल में जगह मिली है। मिर्जापुर सीट पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रमेश चंद बिंद को हराकर जीत हासिल की। अन्य पिछड़ा वर्ग कुर्मी समाज से आने वाले प्रमुख नेता और अपना दल के संस्थापक स्व. डॉ. सोनेलाल पटेल की पुत्री अनुप्रिया पटेल की पार्टी प्रदेश की विधानसभा में भाजपा और सपा के बाद तीसरा सबसे बड़ा दल है। कमलेश पासवान बांसगांव सुरक्षित सीट से सांसद बने हैं। उन्होंने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने कांग्रेस के सदल प्रसाद को हराकर जीत हासिल की है। पंकज चौधरी दूसरी बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हुए हैं। वह महाराजगंज सीट से सातवीं बार सांसद चुने गए हैं। अब तक केवल एक बार वर्ष 2009 में ही हारे थे। वह मोदी की पिछली सरकार में वित्त राज्य मंत्री के पद पर थे।

आगरा से सांसद चुने गए एसपी सिंह बघेल (सत्य प्रकाश सिंह बघेल) को मंत्रिमंडल में फिर से जगह मिली है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने सपा के सुरेश चंद्र कर्दम को हराकर जीत हासिल की। बघेल चौथी बार लोकसभा सदस्य के लिए चुने गए हैं। पिछली सरकार में वह राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण थे। गोंडा से सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पिता आनंद सिंह भी सांसद रहे हैं। गोंडा जिले की पूर्व रियासत मनकापुर के वारिस और पांच बार के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यमंत्री पद के रूप में शपथ ली।

हरदीप सिंह पुरी प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। वह मोदी की पहली व दूसरी दोनों सरकारों में भी मंत्री रहे हैं। पीलीभीत संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद जितिन प्रसाद ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में पद की शपथ ली। वह योगी सरकार में मंत्री रहे हैं। वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। वहीं, प्रदेश के बदायूं से आने वाले राज्यसभा सदस्य बीएल वर्मा ने राज्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली। वह मोदी 2.0 सरकार में भी मंत्री रहे। यूपी भाजपा के उपाध्यक्ष भी रहे। राजग में शामिल राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। जयंत चौधरी के पिता चौधरी अजीत सिंह कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे हैं।

### आज शाम को प्रधानमंत्री आवास पर होगी मंत्रिमंडल की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन प्रांगण में रविवार को शपथ ग्रहण करने वाली नरेन्द्र मोदी सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक सोमवार शाम को प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक नवनियुक्त मंत्रियों की बैठक शाम पांच बजे मोदी के आवास पर होगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद में शामिल मंत्रियों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन किया है।

### सीतारमण समेत 7 महिलाओं को मंत्रिपरिषद में मिली जगह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिपरिषद में कुल 7 महिलाओं को शामिल किया गया है, जिनमें दो कैबिनेट मंत्री बनाई गई हैं। वहीं, पिछली मंत्रिपरिषद में कुल 10 महिला मंत्री थीं। नई मंत्रिपरिषद में निर्मला सीतारमण, भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी, शोभा करंदलाजे, रक्षा खडसे, सावित्री ठाकुर और निमुबेन बांभनिया और अपना दल की सांसद अनुप्रिया पटेल को शामिल किया गया है। सीतारमण और अन्नपूर्णा को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, जबकि शेष ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।

### उप्र, बिहार और महाराष्ट्र को मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई मंत्रिपरिषद में उत्तर प्रदेश और बिहार को अधिकतम प्रतिनिधित्व मिला है, जबकि महाराष्ट्र से भी छह सांसदों को मंत्री बनाया गया, जहां विधानसभा चुनाव इस साल होने हैं। लोकसभा में सबसे अधिक 80 सदस्य भेजने वाले उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री समेत 11 मंत्री पद मिले हैं, जिनमें एक कैबिनेट मंत्री भी शामिल है जबकि बिहार से आने वाले कुल आठ मंत्रियों में से चार को कैबिनेट पद मिले हैं। रविवार को शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद में महाराष्ट्र से दो कैबिनेट मंत्रियों सहित छह मंत्री बने हैं जबकि गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से पांच-पांच सांसदों को मंत्री बनाया गया है। हरियाणा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से तीन-तीन मंत्री बनाए गए हैं। ओडिशा, असम, झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, पश्चिम बंगाल और केरल को दो-दो मंत्रिपद मिले हैं।



रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी 3 .0 मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों को शपथ दिलाई, जिसमें 30 कैबिनेट मंत्री और पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्री शामिल हैं। शपथ ग्रहण के पश्चात सामूहिक फोटोशूट में शामिल राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सभी मंत्रीगण। ● एजेंसी



## 9000 अतिथि बने गवाह

शपथ समारोह में राजनीति के अनुभवी और नये नेता, कारोबारी, फिल्मी सितारे सहित देशभर से आए नौ हजार लोग मौजूद रहे। दिन में चिलचिलाती धूप थी और जैसे-जैसे दिन ढलता गया, वैसे-वैसे मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन के भव्य बलुआ पत्थर के गुंबद की पृष्ठभूमि में शुरू हुआ, जो केसरिया, सफेद और हरे रंग से जगमगा रहा था। यह ढाई महीने की चुनाव प्रक्रिया का अंतिम अध्याय था, जिसमें एनडीए सरकार सत्ता में आई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंत्रियों को शपथ दिलाई और बिगुल, वर्दी में मौजूद गार्ड, फूल और भव्य साज-सज्जा के बीच शुरू हुआ। समारोह से पहले संभावित मंत्रियों की सूची का विश्लेषण किया गया और इस पर अंतहीन अटकलें लगती रही कि किन सहयोगियों को मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। समारोह में विपक्ष के बहुत ज्यादा नेता नहीं थे। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तो मौजूद थे, लेकिन कई अन्य विपक्षी नेता नहीं थे। भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के सात शीर्ष नेता भी शामिल हुए जिनमें मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, भूटान के शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ प्रमुख हैं। उद्योगपति गौतम अडाणी, उनकी पत्नी और भाई, मुकेश अंबानी और उनके बेटे और बेटी सहित उनका परिवार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ भी वहां मौजूद थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रतिभा पाटिल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# मोदी... मोदी... फिर मोदी

## मोदी ने लगातार तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, आगे कम नहीं होंगी चुनौतियां

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता और जवाहरलाल नेहरू के बाद दूसरे ऐसे नेता बन गए हैं। बहुत कम ही लोगों ने सोचा होगा कि भाजपा का कोई नेता यह उपलब्धि हासिल कर सकेगा।

मोदी को तीसरे कार्यकाल में जनादेश पूर्व के दो कार्यकालों की तरह नहीं मिला है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में विफल रही। चुनाव से पूर्व भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन वह अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ 300 के आंकड़े को भी पार नहीं कर सकी। इस चुनाव में कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान सहित कई हिन्दी पट्टी के क्षेत्रों में भाजपा के रथ को रोकने में सफलता हासिल की। यही कारण रहा कि नतीजों के बाद विपक्षी दलों ने चुनाव परिणामों को मोदी की 'नैतिक हार' करार दिया। कांग्रेस को इस चुनाव में 99 सीटों पर सफलता मिली। बहरहाल, यह भाजपा की विशाल राजनीतिक उपस्थिति का ही परिणाम है कि लगातार तीसरे लोकसभा चुनाव में उसने 240 सीटें हासिल कर सबसे बड़े दल का तमगा हासिल किया।

भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 293 सीटें जीती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे किसी भी चुनाव-पूर्व गठबंधन की सबसे बड़ी सफलता करार दिया है। हालांकि इस बार भाजपा की जीत सबसे अलग है क्योंकि वह अपने दम पर बहुमत लाने में विफल रही। मोदी को पहली बार इस दफे एक मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ा है। आलोचकों ने कई राज्यों में भाजपा को हुए चुनावी नुकसान के बाद उनकी क्षमता पर भी सवाल उठाए हैं। खासकर, उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन के कारण। लोकसभा में सबसे अधिक अस्सी सांसदों को भेजने वाले इस राज्य में सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को पीछे छोड़ दिया। भाजपा के संगठन में डेढ़ दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राजनीति की अनिश्चितताओं को देखने वाले मोदी ने इस चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करने में अडिग विश्वास की एक तस्वीर प्रस्तुत की है। देश के कुछ हिस्सों में विपक्ष की आश्चर्यजनक सफलताओं को उन्होंने कोई तरजीह ना देते हुए दावा किया है कि राजग ने इस चुनाव में बेहद शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि राजग जहां तीसरी बार सत्ता हासिल करने में सफल रहा वहीं विपक्षी 'इंडिया' के सीटों की संख्या भाजपा की ओर से अपने बूते जीती गई सीटों की संख्या से कम रही। लोकसभा चुनाव के साथ ही ओडिशा विधानसभा के भी चुनाव हुए थे जिसमें भाजपा ने बहुमत हासिल किया। यह पहली बार है जब भाजपा वहां सरकार बनाने जा रही है। तेलंगाना में भी भाजपा सांसदों की संख्या दोगुनी हुई जबकि केरल में उसने पहली बार खाता खोला।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मोदी के इर्द-गिर्द घूमने वाली है राजनीति

चुनावी चुनौतियों के बावजूद, आगामी वर्षों में भारतीय राजनीति मोदी के इर्द-गिर्द ही घूमने वाली है। उन्हें गठबंधन की राजनीति के कई पहलुओं का सामना करना पड़ेगा। गोधरा कांड के बाद राज्य में हुए दंगों में 2002 में गुजरात में पहली बार भाजपा का नेतृत्व करने के बाद से मोदी ने कभी पीछे नहीं देखा। हालांकि उनके विरोधियों ने 2002 में उन्हें राजनीतिक रूप से खारिज कर दिया था, लेकिन वह हिंदुत्व और विकास का विजयी मिश्रण बनकर ताकत के साथ उभरते चले गए। मोदी ने 2002, 2007 और 2012 में पार्टी को गुजरात की सत्ता में पहुंचाया और 2014 और 2019 में केंद्र में जीत दिलाने और सत्ता तक पहुंचाने में सबसे अहम भूमिका निभाई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन स्वीकार करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी

## मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए शाहरुख खान, रजनीकांत जैसे सितारे

नई दिल्ली, एजेंसी

नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शाहरुख खान, कंगना रनौत, रजनीकांत और अक्षय कुमार जैसे भारतीय सितारे शामिल हुए।

समारोह में अभिनेता अनिल कपूर, अनुपम खेर, रवीना टंडन, विक्रांत मैसी, निर्देशक राजकुमार हिरानी और निर्माता महावीर जैन शामिल हुए। शाहरुख के साथ उनकी मैनेजर पूजा ददलानी भी थीं, जबकि रजनीकांत ने अपनी निर्माता पत्नी लता रजनीकांत के साथ हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा सांसद अभिनेत्री रनौत ने अपने इंस्टाग्राम पर समारोह के लिए तैयार होने के कई वीडियो साझा किए। चेन्नई से रवाना होने से पहले रजनीकांत ने कहा कि यह ऐतिहासिक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा, मैं मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई देता हूं। खेर ने कहा कि समारोह में शामिल होने का यह उनका तीसरा अवसर होगा। उन्होंने एक्स पर समारोह के निमंत्रण पत्र की प्रति साझा करते हुए लिखा ये मेरा शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने का तीसरा अवसर होगा। ये तो खास है ही है। परंतु उससे बड़ी और खास बात ये है कि तीनों बार प्रधानमंत्री वही हैं। आज शाम डायलॉग भी सेम ही होगा। मैं नरेन्द्र दामोदर दास मोदी। जय हो। जय हिंद। अभिनेता और जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण अपनी पत्नी अन्ना लेझनेवा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। भोजपुरी सिनेमा के पूर्व स्टार-गायक और उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी और दिनेश लाल यादव कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्हें फिल्मों में 'निरहुआ' के नाम से जाना जाता है। इससे पहले अभिनेता अजय देवगन, राजकुमार राव और ऋषभ शेट्टी ने सोशल मीडिया पर मोदी को बधाई दी।

## तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर योगी ने दी मोदी को बधाई

लखनऊ। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। योगी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दीं। योगी रविवार को नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे हैं। योगी ने लिखा, भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है।





नई केंद्र सरकार के शपथ लेने पर भाजपा सांसद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और अन्य को बधाई देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## वृश्चिक लग्न में मोदी ने ली सातवीं बार शपथ

नई दिल्ली/देहरादून, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की आध्यात्मिक अभिरुचि किसी से छिपी नहीं है तथा वह ग्रह, नक्षत्रों की चाल और उनके परिणामों में भी खासी रुचि रखते दिखे हैं और यही वजह है कि उन्होंने वर्ष 2019 की तरह इस बार भी रविवार को वृश्चिक लग्न और पुनर्वसु नक्षत्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। ज्योतिष शास्त्रियों के अनुसार वृश्चिक लग्न को शास्त्र में स्थिर बताया गया है। इस लग्न में शपथ लेना कार्य में स्थायित्व और स्थिरता देने का काम करता है। साथ ही वृश्चिक लग्न को गुप्त रूप से काम करने वाला भी माना जाता है। ऐसे में सभी तथ्यों को ध्यान में रख मोदी ने रविवार 9 जून को शपथ ग्रहण के लिए शाम 7 बजकर 15 मिनट के बाद का समय चुना। ज्योतिष शास्त्र में चौघड़िया का भी महत्व है। आज शाम 5 बजकर 34 मिनट से 7 बजकर 18 मिनट तक उद्वेग चौघड़िया था। इस मुहूर्त में शुभ कार्य करने पर बेचैनी और परेशानी रहती है। इसलिए 7 बजकर 18 मिनट पर उद्वेग चौघड़िया के बीत जाने पर प्रदोष काल में शुभ चौघड़िया शुरु होने पर प्रधानमंत्री ने तीसरी बार पद की शपथ ग्रहण की। ऐसा पहली बार हो रहा है कि उन्होंने चुनाव परिणाम के 5 दिन बाद शपथ ग्रहण की। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर 2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने तक चुनाव परिणाम आने के बाद, 6 से 10 दिनों में शपथ ली। जबकि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उन्होंने 5 दिन में ही शपथ ग्रहण की।

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार


1- राव इंद्रजीत सिंह
2- जितेंद्र सिंह
3- अर्जुन राम मेघवाल
4- प्रतापराव जाधव
5- जयंत चौधरी

### राज्य मंत्री

1- जितिन प्रसाद
2- श्रीपद यशो नाइक
3- पंकज चौधरी
4- कृष्णपाल गुर्जर
5- रामदास आठवले
6- रामनाथ ठाकुर
7- नित्यानंद राय
8- अनुप्रिया पटेल
9- वी सोमन्ना
10- चंद्रशेखर पेम्मासानी
11- एसपी सिंह बघेल
12- शोभा करांदलाजे
13- कीर्तिवर्धन सिंह
14- बनवारी लाल वर्मा
15- शांतनु ठाकुर
16- सुरेश गोपी
17- एल मुरुगन
18- अजय टम्टा
19- बंडी संजय कुमार
20- कमलेश पासवान
21- भागीरथ चौधरी
22- सतीश चंद्र दुबे
23- संजय सेठ
24- रवनीत सिंह बिट्टू
25- दुर्गा दास उइके
26- रक्षा निखिल खडसे
27- सुकांता मजूमदार
28- सावित्री ठाकुर
29- तोखन साहू
30- डॉ राजभूषण निषाद
31- नीमूबेन बमभानिया
32- मुरलीधर मोहोल
33- पवित्रा मार्गेरिटा
34- भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा
35- जॉज कुरियन
36- हर्ष मल्होत्रा

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**राव इंद्रजीत सिंह**



74 वर्षीय राव इंद्रजीत सिंह हरियाणा के गुरुग्राम से कांग्रेस के राजबब्बर को हराकर चुनाव जीते हैं। वह लगातार चौथी बार सांसद बने हैं। राव इंद्रजीत सिंह के पिता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। 2013 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। पिछली मोदी सरकार में कारपोरेट मामलों के मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे थे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति राबर्ट वाड्रा के भूमि सौदे की जांच की मांग करके सुर्खियों में आए थे।

**जयंत चौधरी**



पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह के पौत्र 45 साल के जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल को एनडीए से उत्तर प्रदेश में बागपत और बिजनौर की दो सीटें मिली थीं। दोनों ही सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव जीती है। जयंत चौधरी वर्तमान में राज्य सभा के सदस्य हैं। पहली बार मंत्री बने हैं। उनके पिता स्व. अजित सिंह यूपीए के साथ अटल बिहारी बाजपेयी की एनडीए सरकार में मंत्री रहे थे।

**डॉ. जितेंद्र सिंह**



- डॉ. जितेंद्र सिंह लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पिछले दोनों कार्यकाल में मंत्री थे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय का कामकाज संभाल चुके हैं। 67 वर्षीय जितेंद्र सिंह उधमपुर, जम्मू से जीतकर आते हैं। बेहतर प्रशासक माने जाते हैं।

**अर्जुन राम मेघवाल**



70 साल के अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर से लगातार चौथी बार सांसद चुने गए हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी रहे हैं। राजस्थान भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिनती होती है। पिछली मोदी सरकार में कानून और न्याय मंत्री थे। साइकिल से संसद जाकर चर्चा में आए थे।

**प्रताप राम गणपत राव जाधव**



प्रताप राम गणपत राव जाधव का आयु 63 वर्ष है। महाराष्ट्र की बुलढाणा लोकसभा सीट से जीतकर आए हैं। पहली बार मंत्री बने हैं। चार बार के सांसद हैं। 1997 में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं। शिवसेना शिंदे गुट के नेता हैं।

## तेदेपा सांसद पेम्मासानी 18वीं लोकसभा में शपथ लेने वाले सबसे अमीर मंत्री



**नई दिल्ली।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी 5700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ 18वीं लोकसभा में मंत्रिपरिषद में शामिल होने वाले सबसे अमीर मंत्री हैं। रविवार को राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले पेम्मासानी लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सबसे अमीर उम्मीदवार भी थे। उन्होंने सभी 8390 उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 5705 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की। कैबिनेट रैंक वाले मंत्रियों में ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास 484 करोड़ रुपये की संपत्ति है। जीतने वाले लोकसभा सांसदों में संपत्ति के लिहाज से वह छठे स्थान पर हैं। लोकसभा चुनाव में शीर्ष 10 सबसे अमीर विजेताओं में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले केवल दो लोग पेम्मासानी और सिंधिया हैं।

## राम मोहन नायडू सबसे कम उम्र के केंद्रीय मंत्री बने



**नई दिल्ली।** छत्तीस वर्षीय किंजावरपु राम मोहन नायडू केंद्रीय मंत्रिपरिषद में सबसे कम उम्र के मंत्रियों में से एक हैं। अट्ठारह दिसंबर 1987 को जन्मे नायडू तीन बार लोकसभा के लिए चुने गए हैं। वह दिवंगत पूर्व तेदेपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री के येरन नायडू के बेटे हैं। उन्होंने दिल्ली के दिल्ली पब्लिक स्कूल से शिक्षा पूरी की, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई की और बाद में लॉन्ग आइलैंड से एमबीए किया। 2012 में कार दुर्घटना में अपने पिता की मृत्यु के बाद, राम मोहन नायडू ने 26 साल की छोटी उम्र में 2014 में श्रीकाकुलम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिससे वे 16वीं लोकसभा में दूसरे सबसे कम उम्र के सांसद बन गए।



नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश से आए मेहमान।

## स्मृति, अनुराग समेत कई नेताओं को मंत्रिमंडल में नहीं मिली जगह

**नई दिल्ली।** पिछली सरकार के कई अहम मंत्रियों को इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। जिनमें अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी भी हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में नारायण राणे, अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रूपाला को कैबिनेट में शामिल नहीं किया गया है, जबकि कैबिनेट में जगह नहीं पाने वालों में अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, आरके सिंह, महेंद्र नाथ पांडेय का भी नाम है जो चुनाव हार गए हैं। पिछली सरकार में राज्य मंत्री रहे अश्विनी चौबे, जनरल वीके सिंह, साध्वी निरंजन ज्योति, संजीव बालियान, राजीव चंद्रशेखर, दर्शना जरदोश, वी मुरलीधरन और मीनाक्षी लेखी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं है। अजय मिश्रा टेनी, सुभाष सरकार, जॉन बराला और निशीथ प्रमाणिक को भी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला है।

## बिहार के आठ सांसद बने केंद्रीय मंत्री

**पटना।** जदयू के कोटे से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर के पुत्र राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर और भाजपा के कोटे से राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने नरेन्द्र मोदी की सरकार में राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा के बेगूसराय से सांसद गिरीराज सिंह (कैबिनेट मंत्री), उजियारपुर से सांसद नित्यानंद राय (राज्यमंत्री), मुजफ्फरपुर से सांसद राजभूषण चौधरी निषाद (राज्यमंत्री) बनाए गए हैं। जदयू के मुंगेर से सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह कैबिनेट मंत्री बने हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से राष्ट्रीय अध्यक्ष और हाजीपुर (सु) से लोकसभा सांसद चिराग पासवान और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और गया (सु) के लोकसभा सांसद जीतन राम मांझी पहली बार नरेन्द्र मोदी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाये गये हैं।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 34, अंक 134, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हराया 15 | खूबसूरती को स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना 16

# वैष्णो देवी जा रही बस पर आतंकी हमला, 9 की मौत

## उप्र के तीर्थयात्री थे सवार, रियासी जिले में घात लगाकर किया गया हमला, बस खाई में गिरी

जम्मू, किशोर कुमार

**अमृत विचार :** जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से 9 तीर्थयात्री मारे गए और 30 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्री सवार थे और शिवखोड़ी से वैष्णोदेवी जा रहे थे। आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया। 25 से 30 गोलियां चलाई गईं। जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। मरने वालों में तीन महिलाएं हैं। घटना के बाद प्रधानमंत्री ने कडा संदेश देते हुए कहा कि दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

हमले में मरने वाले और घायलों में नोएडा, बलरामपुर, गौंडा के निवासी बताए जाते हैं। ये सभी लोग वैष्णो दवी और शिव खोड़ी के दर्शनों के लिए गये थे। हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके कटरा जा रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया गया। आतंकी सेना जैसे ही कपडे. पहने हुए थे। आतंकियों ने स्वचलित हथियारों से गोलियां चलायी गईं। एक गोली चालक को लगी। चालक ने बस को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन बस गहरी खाई में जा गिरी। तीर्थयात्रियों की चीखपुकार मच गयी। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं। आतंकी हमले के खिलाफ रियासी समेत जम्मू संभाग के विभिन्न इलाकों में लोगों के कई समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद की।

**पुलिस ने चलाया सर्च अभियान :** तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी रियासी मोहिता शर्मा ने कहा कि यात्रियों के स्थानीय नहीं होने के कारण पहचान की अभी पुष्टि नहीं की गई है। एसएसपी ने कहा, शिव खोरी तीर्थस्थल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।



आतंकी हमले के बाद खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार



बचाए गए घायल। ● अमृत विचार

### बस पर चलाई गईं 25 से 30 गोलियां



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कैसे बस पर 25 से 30 गोलियां चलाई गईं, उसके बाद बस खाई में गिर गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उसने लाल रंग का मफलर पहने एक नकाबपोश हमलावर को बस पर गोलीबारी करते देखा था। तेरयाथ के अस्पताल में भर्ती बनारस के एक घायल तीर्थयात्री ने बताया, हमें शाम चार बजे निकलना था, लेकिन बस शाम साढ़े पांच बजे निकली और अचानक बस पर गोलीबारी की गई। जिला अस्पताल में भर्ती उत्तर प्रदेश के संतोष कुमार ने बताया मैं बस चालक के बगल में बैठा था और वाहन घने जंगलों से नीचे की ओर आ रहा था, तभी मैंने देखा कि सेना जैसे कपड़े पहने और काले कपड़े से अपना चेहरा व सिर ढके एक व्यक्ति बस के सामने आया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा, गोलीबारी में चालक को गोली लगी और बस खाई में गिर गई। बस पर कई मिनट तक गोलीबारी हुई।

### मोदी ने उपराज्यपाल से बात की

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें स्थिति पर लगातार नजर रखने और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सिन्हा ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री ने स्थिति का जायजा लिया और मुझे स्थिति पर लगातार नजर रखने तथा परिवारों को हर संभव सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की तलाश के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया है । केन्द्रीय गृह मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे अमित शाह ने तीर्थयात्रियों की बस पर हमले को कायराना हरकत करार देते हुए कहा है कि इस हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, तीर्थयात्रियों पर हमले की घटना से बहुत दुखी हूं।

### मुख्यमंत्री योगी ने की हमले की निंदा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर हुआ कायराना हमला अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि अपर मुख्य सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार और आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित कराएं।

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में सातवें स्थान पर रहीं।

● **आईआईटी बंबई जोन की द्विजा को 360 में 322 अंक मिले**

शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं। परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य (दिल्ली जोन) और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश (मद्रास जोन) रहे। रिदम केडिया (आईआईटी रूड़की जोन), पुट्टी कुशल कुमार (आईआईटी मद्रास), राजदीप मिश्रा (आईआईटी बंबई जोन), कोदुरी तेजेश्वर (आईआईटी मद्रास ज़ोन), ध्रुवी हेमंत दोशी (आईआईटी बंबई जोन) और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास (आईआईटी मद्रास जोन) ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है।

## फेसबुक पर वीडियो वायरल कर मूर्तिकार ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रजनीश

● **पिता को पुलिस चौकी बुलाने पर आहत हो उठाया आत्मघाती कदम**

● **दंपति पर मारपीट व पुलिस पर प्रताड़ना का लगाया आरोप आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** अपनी मजदूरी मांगने पर मूर्तिकार को दंपति ने 4-5 लोगों के साथ मिलकर जमकर पीटा। इतना ही नहीं पुलिस चौकी में उसके खिलाफ झूठी शिकायत की। इस पर पुलिस ने भी उसे प्रताड़ित किया और उसके पिता को चौकी पर बुलाकर जलील किया। इससे आहत होकर मूर्तिकार ने जहर खाकर जान दे दी। इससे पहले उसने फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर आपबीती बताई। इस मामले में दंपति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला ठाकुरगंज क्षेत्र का है। शेखपुरा निवासी रजनीश रावत (26) पुत्र लक्ष्मी नारायण रावत हुसैनबाड़ी में दुकान मालिक रामू की दुकान में मूर्ति बनाने का काम करता है। फेसबुक पर वायरल वीडियो के अनुसार मजदूरी के 25 हजार रुपये मांगने पर रामू व उसकी पत्नी ने 4-5 लोगों के साथ मिलकर उसको जमकर पीटा। उसे गंभीर चोटें आईं थी। उसके शरीर पर निशान बन गए थे। सिर फट गया और आंख के पास भी चोट लगी। इतना ही नहीं, शनिवार को रामू ने दुबग्गा पुलिस चौकी में उसके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा दी। इसके बाद चौकी के कांस्टेबल का फोन आने लगा। वे उसे चौकी बुला रहे थे। उन्होंने उसके पिता को चौकी बुलाया। पत्नी पूजा भारती का आरोप है कि पुलिस की प्रताड़ना से आहत होकर रजनीश ने सोशल मीडिया पर दर्द बयां करने के बाद शनिवार रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन उसे बलरामपुर अस्पताल ले गये। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि पूजा भारती के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी रामू, उसकी पत्नी, कुलदीप और पांच अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर ने पुलिसकर्मियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने से इंकार किया है। कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## पाकिस्तान से छीनी जीत

**न्यूयार्क, एजेंसी।** नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 विश्वकप के हाईवोल्टेज मैच में भारतीय गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया ने छोटे स्कोर को डिफेंड करते हुए पाकिस्तान से जीत छीन ली। बारिश के खलल के बाद देर से शुरू हुए मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम कुछ खास कमाल न कर सकी और 19 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 119 रन ही बना सकी। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत काफी सधी हुई रही। मोहम्मद रिजवान बल्लेबाजी का एक छोर संभाले रहे, लेकिन नियमित अंतराल पर दूसरी छोर से भारतीय गेंदबाज विकेट निकालते रहे। रिजवान के आउट होने के बाद पाकिस्तान की पारी छह गई और टीम को छह रनों से हार का सामना करना पड़ा। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने तीन और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटके।




## आईआरईओ समूह, ओबेरॉय रियल्टी के महाप्रबंधकों के खिलाफ रिपोर्ट

**गुरुग्राम, एजेंसी।** आईआरईओ समूह के प्रबंध निदेशक ललित गोयल और ओबेरॉय रियल्टी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विकास ओबेरॉय समेच नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एडवांस इंडिया प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एआईपीएल) की ओर से दी गई शिकायत के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर शुक्रवार को डीएलएफ फेज 2 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें आरोपियों पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी के आरोप लगाए गए हैं। प्राथमिकी के अनुसार, दोनों रियल्टी समूह आईआरईओ और ओबेरॉय पर 2013 से निवेशकों को धोखा देने की साजिश रचने का आरोप है, जिसके तहत उन्होंने न केवल निवेशकों को धोखा दिया गया बल्कि एआईपीएल समूह से भी धोखाधड़ी की एआईपीएल ने अपनी शिकायत में दावा किया कि आईआरईओ समूह ने लगभग 1,777 करोड़ रुपये का गबन किया और धनराशि को देश से बाहर भेज दिया।

## खनन माफिया ने ट्रैक्टर से सिपाही को कुचला, गई जान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



● **फर्रुखाबाद के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का रहने वाला था**

● **मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। शहर के एक नर्सिंग होम में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर एसआई सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। रोहित गाड़ी से निकल खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर एसपी, एएसपी, सीओ अमृतपुर, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए। घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव, उसके साथी भूपेंद्र यादव और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

## तरन तारन में गिरजाघर बेअदबी मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर, एजेंसी

पंजाब के तरन तारन में 2022 में गिरजाघर की बेअदबी से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एक बयान में कहा कि आरोपी की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ मुंशी के रूप में हुई है और उसके कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन व दो कारतूस बरामद किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 31 अगस्त, 2022 को चार नकाबपोश लोगों ने तरन तारन जिले के एक गिरजाघर में घुसकर दो मूर्तियां तोड़ दी थीं और पादरी की कार में आग लगाकर भाग गए थे। डीजीपी यादव ने कहा कि मुंशी ने तरनतारन के गूत गांव के निवासी अपने साथी गुरविंदर सिंह उर्फ अफरीदी निवासी और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था।

## कोरियाई पार्क में रहेगा लग्जरी कॉटेज और वेज रेस्टोरेंट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच मधुर संबंधों को मजबूत करने के लिए सरयू तट स्थित रानी हो कोरियाई पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए कॉटेज और वेज रेस्टोरेंट जैसी सुविधा भी होगी। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

अयोध्या में 2018 के दीपोत्सव आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से रानी हो पार्क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया था। बीते 4 मार्च को लोकभवन में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्क का लोकार्पण भी किया जा चुका है, जिसके संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदायी संस्था आईएचडब्ल्यूएचसी को चुना गया है।



रानी हो मेमोरियल पार्क।

### दो हजार मीटर में फैला

सरयू तट पर 2 हजार वर्ग मीटर में फैला रानी हो मेमोरियल पार्क का निर्माण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था। नवंबर 2021 में इसका कार्य पूर्ण हो गया, जिसमें मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, वाटर टैंक, फुट ओवर ब्रिज, सब स्टेशन, ट्यूबवेल, पाथवे, शौचालय, फाउंटेन, लैंडस्केपिंग आदि का निर्माण किया गया है।

### कोरिया के सामान मिलेंगे

कार्यदायी संस्था के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि अयोध्या और कोरिया को जोड़ने वाले इस पार्क में किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। बाहर से आने वालों के ठहरने के लिए लग्जरी कॉटेज, कांफ्रेंस हॉल, मनोरंजन केंद्र, कोरियन-इंडियन कल्चर के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए हॉल शामिल है।

## इंजीनियरों ने लेसा को लगाई 800 करोड़ रुपये की चपत

नीरज अभिषेक, लखनऊ

● **बकायेदारों को दोबारा दे दिए गए बिजली कनेक्शन, जारी होंगे वसूली नोटिस**



**अमृत विचार:** अभियंताओं की लापरवाही से लेसा को करीब 800 करोड़ रुपये का भारी-भरकम नुकसान हुआ है। दरअसल लेसा के अभियंताओं ने ऐसे लोगों को दोबारा कनेक्शन दे दिया जिनकी बिजली बकाया होने पर काट दी गई थी। मामला सामने आने पर पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को पुराने बकाये की नोटिस व लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं को नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली है।

पावर कारपोरेशन को लखनऊ विद्युत आपूर्ति प्रशासन (लेसा) के क्षेत्र में बकायादारों को कनेक्शन देने की शिकायतें मिलीं थी। इस पर कारपोरेशन ने एक निजी संस्था से 20 साल पुराने बकायेदारों को कनेक्शन देने का आंकड़ा एकत्र कराया। इस खेल में ट्रांसगोमती और सिस गोमती के 130 से ज्यादा अभियंता शामिल बताए जा रहे हैं। इन अभियंताओं ने लगभग 1.73 लाख बकायेदारों को उसी नाम और पते पर दोबारा कनेक्शन जारी दे दिया। जिन उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए गए हैं, उनमें ज्यादातर पांच से 10 लाख रुपये तक के बड़े बकायेदार शामिल हैं। इस गड़बड़ी के कारण विभाग को 800 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अब पावर कारपोरेशन पुराने बकायेदारों को नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है। जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ एफआरआर भी दर्ज कराई जाएगी।

गड़बड़ी करने वाले अभियंताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जो अभियंता सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई हो सकती है।

### चिनहट डिवीजन में 10,510 बकायेदारों को दिए गए कनेक्शन

बकायेदार उपभोक्ताओं की सबसे ज्यादा संख्या चिनहट डिवीजन में है। यहां 10,510 बकायेदारों को कनेक्शन दिए गए हैं। इसी तरह मुंशी पुलिया डिवीजन में 6,460, गोमतीनगर डिवीजन में 4,450, सेस-1 में 7,330 और सेस-2 में 3,670 कनेक्शन दिए गए हैं।

> मामला बड़ा है, इसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी। बकाया पर कनेक्शन देने के मामले में जो भी अधिकारी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से बकाया रकम की वसूली के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।
>
> **-सुनील कपूर,** मुख्य अभियंता, ट्रांसगोमती लखनऊ

## मेरठ में सिपाही के 6 वर्षीय बेटे की फिरौती की रकम न देने पर हत्या

मेरठ, एजेंसी

जिले के थाना इंचौली क्षेत्र में स्थित धनपुर गांव में एक सिपाही के छह साल के बेटे की कथित तौर पर फिरौती की रकम न देने पर हत्या कर दी गयी। धनपुर निवासी गोपाल यादव प्रदेश पुलिस में सिपाही है और वर्तमान में सहारनपुर में तैनात है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब आठ बजे उसका 6 वर्षीय बेटा पुनीत घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गया जिसके बाद परिजनों ने आसपास काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले लोगों ने बच्चे का अपहरण कर लिया और पत्र भेजकर फिरौती की रकम मांगी और रकम नहीं मिली तो मासूम बच्चे की हत्या कर दी और बच्चे की लाश को गांव के ही गन्ने के खेत में फेंक दिया।

सीओ नवीना शुक्ला ने बताया कि आरोपियों के कथित पत्र की जांच कराई जा रही है। उनके मुताबिक, पत्र में 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई थी। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि पुलिस को आज सुबह करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली थी कि मेरठ के थाना इचौली के धनपुर गांव में 6 वर्षीय बच्चा खेलते समय गायब हो गया। परिवार ने पड़ोस की रहने वाली महिलाओं पर बच्चों को गायब करने का आरोप लगाया गया था जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया।

## एक नजर

### बिजली अभियंताओं ने दी मोदी को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के बिजली अभियंताओं ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद ग्रहण करना बहुत गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सार्वजनिक क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि बिजली अभियंता मोदी के नेतृत्व में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए तत्पर हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के बाद चार जून को आए परिणाम में एनडीए को सरकार बनाने के लिए बहुमत मिला जिसके बाद मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।

# कम नहीं हो रही बिजली की मांग, आपात कटौती शुरू

## अधिकतम मांग के समय हुई 250 मेगावाट की कटौती, ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थम नहीं रही है। रविवार को अधिकतम मांग 29,263 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब 250 मेगावाट बिजली की आपात कटौती की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज और अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, पर 'पीक आवर्स' में मांग के ज्यादा बढ़ जाने के कारण आपात कटौती करनी पड़ रही है। हालांकि, बाकी समय में सभी जिला मुख्यालयों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों, बुंदेलखंड क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार, बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि ओबरा सी परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की बंद इकाई अभी चालू नहीं हो पाई है। हालांकि, बिजली अभियंता इस इकाई को चालू करने के प्रयास में लगे हैं। अभियंताओं ने रविवार की देर रात तक इस इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार घट-बढ़ रही है, इस कारण मांग में भी उतार-चढ़ाव जारी है। एसी व गर्मी से राहत देने वाले अन्य उपकरणों के इस्तेमाल के कारण बिजली की मांग ज्यादा बनी हुई है।

### बिजली आपूर्ति ठप



● रविवार को अधिकतम बिजली मांग 29,263 मेगावाट दर्ज

### बीते दिनों में बिजली की अधिकतम मांग

| | |
|---|---|
| 1 जून : | 29,322 मेगावाट |
| 2 जून : | 28,456 मेगावाट |
| 3 जून : | 28,648 मेगावाट |
| 4 जून : | 29,344 मेगावाट |
| 5 जून : | 28,880 मेगावाट |
| 6 जून : | 28,820 मेगावाट |
| 9 जून : | 29,263 मेगावाट |

### नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर जल्द शुरू होगी कार्रवाई

**लखनऊ :** प्रदेश में नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बीते नवंबर में दरों से संबंधित प्रस्ताव भेजा था। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, आयोग की ओर से विस्तृत प्रस्ताव मांगें जाने पर कॉरपोरेशन उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव भेजेगा। सूत्रों ने बताया कि कॉरपोरेशन दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर विचार कर रहा है। बीते 5 वर्षों में कॉरपोरेशन अपने प्रस्तावों के जरिये दरों में बढ़ोतरी पर जोर देता रहा है, पर उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि इस बार भी दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

### हो रही 4400 मेगावाट आपूर्ति

**लखनऊ :** पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से लगभग 4400 मेगावाट बिजली आपूर्ति हो रही है, जबकि बाकी बिजली अन्य स्रोतों से ली जा रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, ओबरा बिजलीघर से 1090 मेगावाट, अनपरा से 2257 मेगावाट, हरदुआगंज से 671 मेगावाट व पारीछा से 444 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। अन्य बिजलीघरों में रोजाना 991 मेगावाट, बजाज एनर्जी से 226 मेगावाट, बजाज ललितपुर से 1850 मेगावाट, बारा से 1712 मेगावाट, मेजा से 1009 मेगावाट व अनपरा लैंको से 1105 मेगावाट बिजली आपूर्ति उपलब्ध हुई।

# भितरघातियों का ब्योरा मुख्यमंत्री को देने की तैयारी, होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● दिल्ली से लौटने के बाद नेता-अधिकारी ही नहीं एक-एक करीबी की भी कुंडली खंगालेंगे योगी
● मुख्यमंत्री तक भितरघातियों का नाम मय सबूत पहुंचाने की तैयारी में विश्वासपात्र
● हारे कई उम्मीदवारों ने खुलकर लगाया है अपनों पर साथ न देने का आरोप

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत में बाधक बनने वाले उप्र. के नेता व अधिकारियों के नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटकर आने पर विश्वासपात्र चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले एक-एक नाम का ब्योरा मय सबूत मुख्यमंत्री के सामने रखने की तैयारी में हैं। इन नामों पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मंत्रणा के बाद कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, करीबियों की कुंडली भी खंगाली जानी है जो सही तस्वीर का बखान नहीं कर रहे थे। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी से पहले ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाना प्राथमिकता पर है।

दरअसल, भितरघात का मामला गंभीर इसलिए है, क्योंकि इसको लेकर न केवल हारे हुए कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है बल्कि कुछ जीते हुए सांसदों ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। कुछ विधायकों से नाराज हैं तो किसी का आरोप है कि उन्हें स्थानीय संगठन के नेताओं का समर्थन अपेक्षानुरुप नहीं मिला। इसे लेकर पार्टी प्रमुख ने सभी जिला व महानगर इकाइयों से रिपोर्ट तलब की है। एक ओर संगठन स्तर से रिपोर्ट तैयार की ही जा रही है तो वहीं मुख्यमंत्री स्तर से भी उनके विश्वासपात्र पड़ताल कर सूचना दे रहे हैं।

उप्र. में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिलीं। साथ ही हारे हुए प्रत्याशियों ने खुलकर भितरघातियों को कटघरे में खड़ा कर दिया। फतेहपुर सीट से चुनाव हारीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने तो हार के तुरंत बाद इस पर प्रतिक्रिया दे दी थी। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने जीत में सेंध लगाने वालों के नाम भी संगठन को दिए हैं। जालौन सीट से हारे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने भी साध्वी की तरह क्षेत्रीय पार्टीजन में दो को आरोपी बताया है। हारीं सीटों कन्नौज, बांदा, इटावा, हमीरपुर में भी भितरघात की चर्चा है।

वहीं, उन्नाव से साक्षी महाराज जीते तो अवश्य, लेकिन काफी कम अंतर से, ऐसे में वह अपनों के असहयोग से वह दुखी हैं। इसी तरह चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने भी अपनी पीड़ा सीधे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने की बात कही। आंवला के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार में भी भितरघात को कारण बताया जा रहा है। खीरी सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की सीट पर चुनाव के दौरान गुटबाजी दिखी। इलाहाबाद-कौशांबी धौरहरा लोकसभा सीट से हारीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और इलाहाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को कुछ भितरघातियों के नाम बताए हैं। इन नामों में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी हैं। ऐसे उदाहरण सलेमपुर, बलिया, आगरा, फिरोजाबाद, एटा से भी सामने आए।

### राजा भैया को लेकर भी सवाल

**लखनऊ :** संगठन के लिए बड़ा सवाल यह भी है कि कुंडा विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भाजपा से मैनेज क्यों न हो सके। जबकि उन्हें साधने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और कौशांबी से पार्टी प्रत्याशी विनोद सोनकर कुंडा की बेती कोठी पहुंचे थे। बाद में राजा भैया ने घोषणा की कि इस लोकसभा चुनाव में वह किसी भी दल को समर्थन नहीं देंगे। बावजूद इसके राजा भैया का राजनीतिक दांव क्षेत्र विशेष में भाजपा पर भारी पड़ा।

# अफसरशाही में जल्द हो सकता है बदलाव

## कृषि, चिकित्सा शिक्षा व गृह समेत कई विभागों में प्रमुख पदों पर नजर आ सकते हैं नए चेहरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, एसीएस (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल व एसीएस (नियुक्ति) देवेश चतुर्वेदी समेत कई विभागों के प्रमुख पदों पर आगामी दिनों में नए चेहरे नजर आ सकते हैं। दुर्गा शंकर मिश्र का जहां 30 जून को रिटायरमेंट है। वहीं, एसपी गोयल के निकट भविष्य में उप्र. से दिल्ली जाने के बाद यहां पंचम तल की अफसरशाही में बड़े बदलाव की संभावना है। इसी क्रम में गृह, कृषि, चिकित्सा-शिक्षा, नियुक्ति, वित्त आदि विभागों में भी फेरबदल संभव है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र उप्र. कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें बीते दिसंबर माह में तीसरा सेवा विस्तार मिला था, जिसकी अवधि इसी माह तक है। वहीं, 1989 बैच के आईएएस अफसर एसपी गोयल 2017 से पंचम तल पर तैनात हैं। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफी भरोसेमंद अफसरों में से एक हैं। आने वाले दिनों में उन्हें केंद्र में महत्वपूर्ण पद मिलने की चर्चा शासन के गलियारों में है। ऐसे में पंचम तल के मुख्य धारा के आईएएस अधिकारियों के हटते ही कई और अफसर इधर से उधर हो सकते हैं। इस प्रक्रिया में नए अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारियां मिलना स्वाभाविक है।

चर्चा है कि इस माह के आखिरी सप्ताह में नए मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव गृह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के पद से लेकर कई विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और जिलाधिकारी भी बदले जाएंगे। दरअसल, लोकसभा चुनाव के बाद एक्शन में नजर आ रहे मुख्यमंत्री योगी विधानसभा चुनाव से पहले जनहित की योजनाओं को तेजी से जमीन पर उतारना चाहते हैं। इसी क्रम में वह शासन-प्रशासन पर अपनी पकड़ बनाने के लिए तेजतर्रार अफसरों की तैनाती करेंगे।

### मुख्य सचिव की रेस में मनोज कुमार सिंह आगे

मुख्य सचिव बनने की रेस में 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह का नाम आगे है। मनोज सिंह मौजूदा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के अवकाश पर होने की स्थिति में कार्यभार संभालते रहे हैं। हालांकि वरिष्ठता क्रम में 1987 बैच के दो अफसर अरुण सिंघल व लीला नंदन केंद्र में तैनात हैं। 1988 बैच के रजनीश दुबे राजस्व परिषद के चेयरमैन हैं और अगस्त में रिटायर होंगे। केंद्र में डीओपीटी की सचिव राधा एस चौहान भी 30 जून को सेवानिवृत्त हो रही हैं। बहरहाल, देखना यह है कि दुर्गाशंकर की कुर्सी यहां तैनात किस अफसर को मिलती है या केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से किसी अफसर की वापसी होगी।

### हलचल तेज

● कुछ आईएएस अधिकारी जाएंगे दिल्ली, कुछ हो जाएंगे रिटायर

# योगी ने 'एक्स' पर मोदी को दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ :** तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। योगी ने अपने एक्स हैंडल से मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले योगी रविवार को मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। उन्होंने लिखा, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। योगी ने लिखा, प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा।

# 51 जिलों में बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुई परीक्षा

**अमृत विचार :** प्रदेश के 51 जिलों में रविवार को राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 आयोजित हुई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में दो लाख 23 हजार 384 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें एक लाख दो हजार 16 महिलाएं व युवतियां, एक लाख 21 हजार 367 पुरुष और एक ट्रांसजेन्डर अभ्यर्थी शामिल थे। यह जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान व भाषा और द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षण व विषय योग्यता की परीक्षा आयोजित हुई, जिनमें लगभग 90 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय ने आधुनिक सर्विलांस सिस्टम आईसीसीसी के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की। इसके अलावा, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रीयल टाइम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

### पकड़े गए संदिग्ध

परीक्षा के दौरान, प्रयागराज और आगरा में कुल 22 अभ्यर्थियों की पहचान संदिग्ध पाई गई, जिनमें से 2 के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई। शेष अभ्यर्थियों को जांच के बाद परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी गई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय और उनकी टीम ने निरन्तर मॉनीटरिंग करते हुए परीक्षा को सफल बनाया।

# छह हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस प्रगति को साझा किया गया। इसके मुताबिक, राज्य में अब तक छह हजार से अधिक युवाओं के छोटे-बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है।

वहीं, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि प्रदान की जा चुकी है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार युवाओं को स्वरोजगार देने के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था।

# डेढ़ सप्ताह में मिले हीट स्ट्रोक के 1498 मरीज, 23 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीते दिनों कुछ एक इलाकों में तापमान में उतार-चढ़ाव भले ही हुआ है, मगर प्रदेश में हीट वेव (स्ट्रोक) का प्रकोप कम नहीं हुआ है। पिछले एक सप्ताह में 821 हीट स्ट्रोक मरीजों की पुष्टि हुई है और हीट वेव की गिरफ्त में आकर 23 मरीजों की मौत हो चुकी है। इस प्रकार बीते डेढ़ सप्ताह में कुल 1498 हीट स्ट्रोक के मरीजों की पुष्टि हुई है।

भीषण गर्मी से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, नगर विकास विभाग द्वारा खुले स्थानों पर छांव व ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए तत्काल कारगर इलाज की व्यवस्था के साथ ही हीट वेव से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि 1 जून से 7 जून के बीच हीट स्ट्रोक के कुल 821 मरीज पंजीकृत हुए और छह की मौत हुई है। हीट वेव से अब तक 23 मरीजों की मौत हो चुकी है और छह की मौत संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि इनमें वे 15 मृतक भी शामिल हैं, जिन्हें पुष्टि न होने पर संदिग्ध माना गया था। दरअसल, बीते दिनों मतदान ड्यूटी के दौरान मिर्जापुर में 13 कर्मियों की और कौशांबी के दो अन्य मरीजों की मौत हो गई थी। इतना ही नहीं, गत 27 मई से 1 जून तक के मरीजों पर गौर करें तो मात्र चार दिनों में 677 हीट स्ट्रोक के मरीज मिले थे, साथ ही दो की मौत हुई थी।

मालूम हो कि वर्षों बाद हीट वेव ने अपना कहर दिखाया है, भीषण गर्मी में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। अप्रत्याशित मौतें हुई हैं, सरकार द्वारा दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर न निकलने की हिदायत भी दी गई।

### इन जिलों में हीट वेव का प्रभाव ज्यादा

सबसे ज्यादा मरीज हमीरपुर, महोबा, अयोध्या, बुलंदशहर, मिर्जापुर, गाजीपुर, भदोही, वाराणसी, फतेहपुर आदि जिलों में मिले हैं। सभी अस्पतालों में कोल्ड रूम के साथ ही बेड आरक्षित हैं, पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं, हीट स्ट्रोक मरीजों के इलाज में कोताही न हो इसके लिए जिलाधिकारी समेत सीएमओ द्वारा निगरानी की जा रही है।

● नहीं थम रहा है हीट वेव का प्रकोप, मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी

# जयंत चौधरी के केन्द्र में मंत्री बनने पर दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ :** केंद्र में तीसरी बार शपथ लेने वाली एनडीए सरकार में राष्ट्रीय लोकदल के शामिल होने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ लेने पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के केंद्र सरकार में मंत्री बनने से देश की 68 प्रतिशत आबादी (विशेषकर जो कृषि पर निर्भर हैं) में उमंग व उत्साह का माहौल है। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व अन्य ने जयंत चौधरी को शुभकामनाएं दीं। व्यापार अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा कि जयंत के मोदी सरकार में शामिल होने से प्रदेश के किसानों में बेहतरी की उम्मीद बढ़ी है।

# सामाजिक न्याय के मुद्दे से लोगों में पकड़ बनाए रखेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित प्रदेश कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे के जरिये लोगों में अपनी पकड़ मजबूत रखेगी, ताकि इसका लाभ आने वाले चुनावों में भी मिल सके। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में इस पर संकल्प लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि संविधान बदलने की बात करने वाले अब संविधान के आगे नतमस्तक हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन के पीछे पार्टी का सामाजिक मुद्दा है। पार्टी नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाने, जातिगत जनगणना शुरू कराने, जनसंख्या के अनुसार आरक्षित वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने आदि मुद्दे उठाये थे। चुनाव में इसका लाभ मिला। अब पार्टी इन वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने कहा कि पार्टी पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र में किये गये वादों के अनुसार, पार्टी लोगों को न्याय दिलाने का काम करेगी। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ राहुल राजभर, अरशद खुर्शीद, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम खान, डा अलीमुल्लाह खान आदि ने संबोधित किया।



प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### न्याय की आवाज को घर-घर पहुंचाना होगा

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रविकांत ने कहा कि यह पार्टी के सामाजिक न्याय के एजेंडे की जीत है। हमें इस पर लगातार चलना होगा। प्रोफेसर अजय आर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के विमर्श को और ताकत देगी होगी। सामाजिक संगठनों में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। सामाजिक कार्यकर्ता ताहिरा हसन ने कहा कि सामाजिक न्याय की आवाज को हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा। यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए।

# विवेचनाओं का कराया जाए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए, जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध तरीके से निस्तारण हो। महिला सुरक्षा के लिए महिला बीट/महिला हेल्प डेस्क आदि के कार्यों की समीक्षा कर पुलिस बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाये। लोकसभा चुनाव के सकुशल सम्पन्न होने के बाद कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हें उक्त निर्देश दिए।

कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा करते हुए डीजीपी प्रशान्त कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार, 1 जुलाई से लागू होने वाली नई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने के लिए प्रशिक्षण, आवश्यक उपकरणों की खरीदारी व व्यापक प्रचार-प्रसार पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यालय स्तर से निर्गत सभी कार्य योजनाओं का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

प्रशान्त कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में पंजीकृत माफिया गिरोह के सभी सदस्यों के विरुद्ध सफल अभियोजन, सम्पत्ति जब्तीकरण व अन्य विधिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों को अत्याधिक गम्भीरता से लिया जाए।

डीजीपी ने कहा कि निर्धारित समयावधि में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए व अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाए। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को डीजीपी ने निर्देश दिया कि चेन स्नैचिंग संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाया जाए। पुलिस मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में एडीजी एलओ अमिताभ यश, एडीजी स्थापना, एडीजी लॉजिस्टिक्स, एडीजी तकनीकी सेवाएं समेत मुख्यालय के वरिष्ठ अफसरगण मौजूद रहे।



● वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

### कई जिलों के कप्तानों की बैठक में लगी फटकार

**लखनऊ :** कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में कई जिलों के कप्तानों की डीजीपी ने फटकार लगाई। अपराध नियन्त्रण में नाकाम और जनसुनवाई में लापरवाह साबित हुए कई कप्तानों से डीजीपी प्रशान्त कुमार ने नाराजगी जताई। साथ ही अपने आचरण में सुधार लाने के लिए उन्हें निर्देश दिए। सूत्रों की मानें तो डीजीपी मुख्यालय ने फील्ड में तैनात ऐसे उपाधीक्षकों और कप्तानों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है, जिनका जिलों में अभी तक खराब प्रदर्शन रहा है। सीतापुर में गत दिनों हुई एक ही परिवार के कई सदस्यों की हत्या की वारदात को लेकर कप्तान चक्रेश मिश्र ने मीडिया को गलत बयानबाजी की, जिससे विभाग की किरकिरी हुई थी। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने उन्हें भविष्य में इस तरह की बयानबाजी से बचने के लिए नसीहत दी। इसी तरह अपराध नियन्त्रण और जनसुनवाई में नाकाम सुल्तानपुर, बहराइच, संतकबीरनगर, गोण्डा, उन्नाव, हरदोई समेत दर्जनभर कप्तानों को डीजीपी ने सुधार लाने की चेतावनी दी।

# आगामी भर्ती परीक्षा को लेकर सक्रिय हुई एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● जुलाई में जारी हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। इसके लिए बोर्ड स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं, इस बार धांधली अथवा प्रश्नपत्र लीक जैसी घटना न हो, इसके लिए एसटीएफ ने भी कमर कस ली है। अधिसूचना जारी होने से पहले एसटीएफ की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गई है। फिलहाल विगत आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा मामले में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

धांधली मुक्त परीक्षा कराना एसटीएफ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट होने के बाद सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा को निरस्त करते हुए छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बोर्ड ने उसी हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी थी। अब सूचना मिल रही है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। ऐसे में एसटीएफ अलर्ट मोड पर आ गई है। एसटीएफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती धांधली मुक्त परीक्षा कराना है। हालांकि पिछली भर्ती परीक्षाओं का प्रश्नपत्र आउट कराने के मामले में एसटीएफ ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। अब तक 300 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। कार्रवाई का डर बनाए रखने के लिए लगातार धरपकड़ अभियान जारी है। बताया जा रहा कि प्रश्नपत्र आउट करने में शामिल जो आरोपी अभी तक नहीं मिल सके हैं, उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बार की पूरी भर्ती प्रक्रिया एसटीएफ की नजर में रहेगी।

# डीएसपी के स्थानांतरण को एसपी ने डीजीपी कार्यालय को लिखा पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजस्थान की महिला डॉक्टर के साथ विवाहेत्तर संबंधों में फंसे बस्ती के डीएसपी के तबादले के लिए पुलिस अधीक्षक बस्ती ने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है। उधर, मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण एसपी सिद्धार्थनगर ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अर्ध शासकीय पत्र पर मुख्यालय जल्द फैसला ले सकता है।

ये भी बताते चलें सीओ विनय कुमार चौहान की महिला मित्र ने यह रिपोर्ट बस्ती में दर्ज न कराकर राजस्थान के जयपुर में करायी थी। बाद में रिपोर्ट जयपुर से बस्ती ट्रांसफर होने के बाद महिला थाने में दर्ज हुई। यह भी बताते चलें कि डीएसपी विनय कुमार चौहान जब मथुरा में बतौर सीओ तैनात थे, तभी उनकी मुलाकात महिला डॉक्टर से हुई थी। मुलाकात दोस्ती में बदली, फिर दूसरा विवाह करने को लेकर दोनों राजी भी हुए। महिला डॉक्टर पहले से विवाहित है। उसका पति राजस्थान के एक नगर निगम में नौकरी करता है।

## योजना

कुल 9.33 करोड़ जनधन खाताधारक, 6.14 करोड़ को जारी हो चुका है रूपे कार्ड, लगभग पांच करोड़ महिलाएं हैं जनधन खाता धारक

# जनधन खाता खुलवाने में उप्र अव्वल, महिलाओं की संख्या सर्वाधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● देश में जनधन खाता धारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या उप्र में

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाता खुलवाने के मामले में प्रदेश शीर्ष पर पहुंच गया है। देश में जनधन खाताधारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या प्रदेश में है। खाता धारकों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक लगभग 5 करोड़ है। कुल 9.33 करोड़ जनधन खाताधारकों में से 6.14 करोड़ खाता धारकों को रूपे कार्ड जारी हो चुका है।

शासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस सिलसिले में वित्त मंत्रालय की ओर से रिपोर्ट जारी की गई है। मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 9 करोड़ 33 लाख 66 हजार 265 खाताधारक हैं। 29 मई तक के इन आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें 6 करोड़ 71 लाख 78 हजार 705 खाताधारक ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों के निवासी हैं, जबकि दो करोड़ 61 लाख 87 हजार 560 खाताधारक शहरी और मेट्रो सिटी में रहने वाले गरीब हैं। 9.33 करोड़ खाताधारकों के खातों में कुल 47,427.21 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। प्रदेश में रूपे कार्डधारकों की संख्या 6 करोड़ 14 लाख 39 हजार 64 है, जो देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा देश में महिला जनधन खाताधारकों की संख्या जहां 29.11 करोड़ है, वहीं प्रदेश में यह संख्या लगभग पांच करोड़ है।

### एक वर्ष में खुले 65 लाख नए खाते

वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में लगभग 65 लाख जनधन खाते खोले गए हैं। इनमें से अब तक 91 प्रतिशत से अधिक खातों के आधार सीडिंग का कार्य पूरा हो चुका है। मार्च 2023 तक प्रदेश में जनधन खातों की संख्या 8.68 करोड़ थी जो मार्च 2024 में बढ़कर 9.28 करोड़ पहुंच गई।

### एक लाख का दुर्घटना बीमा भी शामिल

प्रधानमंत्री जनधन योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक मूल बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षारता, ऋण की उपलब्धता, बीमा व पेंशन सुविधा समेत सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को रूपे डेबिट कार्ड दिया जाता है, जिसमें एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी शामिल है।


समाजवादी पार्टी
लोकसभा
कन्नौज
आप का दिल से
धन्यवाद
समाजवादी पार्टी
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को चौथी बार कन्नौज लोकसभा से सांसद निर्वाचित होने पर जनता जनार्दन का
हार्दिक आभार
अरविन्द गिरी
प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा लोकसभा प्रभारी
कलीम खान
जिलाध्यक्ष
अरविन्द सिंह यादव
पूर्व विधायक
ताहिर हुसैन सिद्दीकी
पूर्व विधायक
कल्यान सिंह दोहरे
पूर्व विधायक
मौ. इरफानुल हक़ कादरी
प्रदेश उपाध्यक्ष (स.पा.)
मनोज दीक्षित 'नन्कू'
वरिष्ठ सपा नेता
जय कुमार तिवारी 'बउअन'
वरिष्ठ सपा नेता
सुनील कुमार गुप्त
पूर्व चेयरमैन
अनिल आर्य
वरिष्ठ सपा नेता
बृजेन्द्र नारायण सक्सेना
वरिष्ठ सपा नेता
राम शंकर लोधी
राष्ट्रीय सचिव
रजनीकांत यादव
पूर्व ब्लाक प्रमुख
कुक्कू चौहान
वरिष्ठ सपा नेता
मुन्ना दरोगा
पूर्व जिलाध्यक्ष
अनिल पाल
वरिष्ठ सपा नेता
राज सिंह चौहान (छोटे ठाकुर)
वरिष्ठ सपा नेता
प्रबल प्रताप सिंह (पी.पी. सिंह बघेल)
विधान सभा अध्यक्ष सदर- कन्नौज
आकाश शाक्य
प्रदेश सचिव
हसीब हसन
प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा
श्याम सिंह यादव
जिला पंचायत सदस्य
गणेश द्विवेदी
वरिष्ठ सपा नेता
यश दोहरे 'अंशुल'
वरिष्ठ सपा नेता
विजय द्विवेदी
जिला मुख्य प्रवक्ता
कैश खान
पूर्व कोषाध्यक्ष
राजेन्द्र यादव
पूर्व ब्लाक प्रमुख
अंशू पाल
जिलाध्यक्ष सलोबा
शरद यादव
विधान सभा अध्यक्ष तिर्वा
उमेश पाल
विधान सभा अध्यक्ष छिबरामऊ
प्रीतू कटियार
पूर्व सदस्य जिला पंचायत
सुनील दिवाकर
वरिष्ठ सपा नेता
शेखर गिहार
सपा नेता
राकेश कठेरिया
पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग
रीपू यादव
जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि
नेम सिंह यादव
पूर्व सदस्य जिला पंचायत
योगेश शर्मा
जिलाध्यक्ष छात्रसभा
निवेदकः- समाजवादी पार्टी जनपद - कन्नौज

# पारा में धमाके के साथ घर में लगी आग, 11 लोग झुलसे, दो गंभीर


## आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं, घर में मिला 40 से 50 लीटर केरोसिन, इससे तेजी से फैली आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारा थाना क्षेत्र के देवपुर संतोषी नगर में रविवार रात संदिग्ध हालात में धमाके के साथ घर में आग लग गई। लपटें और धुएं के बीच मजदूर और एक परिवार के 10 सदस्य फंस गए। बाहर निकलने की कोशिश में सभी गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। पड़ोसियों की सूचना पर दो गाड़ियों की मदद से पौन घंटे में आग पर काबू पाया।

एफएसओ आलमबाग ने बताया कि करीब 7.30 बजे के प्रकाश सोनी के दो मंजिला मकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर दो दमकल के साथ पहुंचे तो देखा कि बेसमेंट और पहली मंजिल पर आग लगी थी। घटना स्थल तक गाड़ी नहीं पहुंच सकती थी। इसके चलते हाज पाइप जोड़कर घटना स्थल तक पानी पहुंचाया गया। इसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।करीब पौन घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

एफएसओ ने बताया कि अंदर बेसमेंट में भारी मात्रा में केरोसिन मौजूद था। उसी के कारण आग तेजी से फैली है। बताया समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया। एफएसओ ने बताया आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। जांच की जा रही है। 11 लोगों के झुलसने की सूचना है। बताया मकान में आग लगने का कारण पता नहीं चला है। घर के सदस्य भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने केरोसीन में आग पहुंचने से धमाके की आशंका जताई है।



आग लगने के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग व पुलिसकर्मी।



रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल में भर्ती घायल युवक। अमृत विचार



अस्पताल में भर्ती अक्षत। अमृत विचार



हादसे में घायल शोभित। अमृत विचार

### परिजन बोले, शार्ट सर्किट से लगी आग

पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, परिजन घटना का कारण शार्ट सर्किट बता रहे हैं। घर के सभी लोग कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। वहीं मोहल्ले के लोगों ने बताया कि जब धमाका हुआ तो सभी को जानकारी हुई। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### यह लोग आग से झुलसे, दो रेफर

आग से झुलसने वालों में प्रकाश सोनी (48), उनकी पत्नी क्षमा सोनी (44), अंशु वर्मा (31), शोभित वर्मा (35), तनु सोनी (21), मनु सोनी (21),अक्षत वर्मा (8), रुचि सोनी (27), आध्या वर्मा (12), अस्तित्व वर्मा (8), मजदूर अर्जुन भारतीय (18) शामिल हैं। आग से झुलसे लोगों को रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रुचि सोनी और आराध्या वर्मा को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया।

## धमाके से थर्राए आसपास के घरों में रहने वाले लोग

**अमृत विचार, लखनऊ:** आसपास के घरों में रहने वाले लोगों का कहना है कि धमाका इतनी तेज था कि लगा उनका घर गिरने वाला है। धमाके से सभी थर्रा गये। आसपास के घरों के लोग भी बाहर निकल आये। तब पता चला कि प्रकाश सोनी के घर में आग लगी है। फिलहाल आसपास के घरों के लोग नहीं बता सके कि धमाका किसी चीज से हुआ और आग कैसे लगी। कुछ लोगों ने दबी जुबान बताया कि प्रकाश के यहां केमिकल का काम होता है।

**कुत्ते और चिड़िया की बचा ली जान :** एफएसओ के मुताबिक, आग लगने की सूचना पर टीम पहुंची। बेसमेंट से आग की लपटें निकल रहीं थी इसके साथ ही धुआं भी भर रहा था। बताया दमकल कर्मियों ने आनन-फानन आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

दमकल कर्मी बेसमेंट में पहुंचे तो अंदर बंधा कुत्ता भौंक रहा था। उसे खोल कर बाहर निकाला गया। तभी एक दमकल कर्मी की नजर वहीं पर पिंजरे में बंद चिड़िया पर पड़ी। उसे भी बाहर निकाला गया। समय रहते निकाले जाने से दोनों की जान बच गई।



आग लगने के बाद मकान का ऐसा हुआ हाल। अमृत विचार



सरोज फैक्ट्री में रखे पाइप में लगी भीषण आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

# बंथरा : पाइप फैक्ट्री में आग, बड़ा हादसा टला

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बंथरा स्थित सरोज फैक्ट्री में रविवार दोपहर फैक्ट्री में रखे पाइप में आग लग गई। लपटें और धुआं देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पाने से आसपास बड़ा नुकसान होने से बच गया।

एफएसओ सरोजनीनगर सुमित कुमार सिंह के मुताबिक, रंजीत सिंह नाम के व्यक्ति ने आग लगने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही एक गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक प्लास्टिक पाइप में लगी आग विकराल रूप ले चुकी थी। जो तेजी से बगल के गोदाम तक फैल रही थी। आग को फैलने से रोकने का प्रयास करने लगे। तब तक आलमबाग, हजरतगंज और पीजीआई फायर स्टेशन से गाड़ियां पहुंच गईं।

एफएसओ ने बताया कि गाड़ियां आने के बाद तीन डिलीवरी लाइन से 8 हौज फैलाकर करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। बताया समय रहते आग पर काबू न पाया जाता नजदीकी एप्पल वेयरहाउस और अन्य वेयरहाउस को चपेट में लेने की आशंका थी। बताया कि वेयर हाउस टाटा पावर और बीपी लाजिस्टिक पाइप के थे। इसके मालिक सुरेश रस्तोगी हैं। फैक्ट्री मालिक के अनुसार आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। उन्होंने लाखों का नुकसान होने की बात कही है। अभी पूरी तरह से नुकसान का आंकलन नहीं किया जा सका है।

**▸▸ तीन टैंकर पानी से डेढ़ घंटे में पाया गया काबू, चपेट में आ सकते थे आसपास के गोदाम**

### फ्लैट में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर के ओमेक्स हाइट अपार्टमेंट में रविवार को कुमुद राय के फ्लैट में आग लग गई। लपटें और धुआं निकलता देख अंदर मौजूद लोग भाग कर बाहर निकले। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने एक टैंकर पानी से आग पर काबू पा लिया। एफएसओ गोमतीनगर ने गीजर शार्ट सर्किट से आग लगी थी। आग की चपेट में आने से बाथटब और अन्य सामान जल कर राख हो गया।

## एक नजर

### गन्ने की फसल जली किसानों ने खुद पाया काबू

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** क्षेत्र में गन्ने के खेत में आग लगने से काफी फसल जल गई। ग्राम लक्ष्मण खेड़ा गांव निवासी श्याम प्रताप सिंह ने बताया कि 11.30 बजे खेत में गन्ने की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर बाल्टियों व टैंकर में पानी भर कर आधे घंटे में आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक तीन बिस्वा फसल जल गई। इसके साथ ही आम के पेड़ और फसल का भी नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने बताया डायल 112 पर सूचना देने की कोशिश की, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

### रिश्तेदार बनकर खाते से 20 हजार पार किए

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** जालसाज ने युवक का रिश्तेदार बनकर मोबाइल पर लिंक भेजकर बैंक खाते से 20 हजार रुपये पार कर दिये। सरोजनीनगर के हनुमान पुरी निवासी मो. सुहेल ने शनिवार को मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। उधर से खुद को रिश्तेदार हर्सिल बता अपने मोबाइल में दिक्कत बताई। इसके बाद लिंक भेजा दिया। उसके बताये अनुसार प्रक्रिया पूरी करते ही उसके खाते से रकम कट गई। पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

### सरेराह महिला को हेलमेट से पीटा, वीडियो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृंदावन कॉलोनी सेक्टर 6 में शनिवार रात को पेट्रोप पंप के पास कार और स्कूटी में टक्कर हो गई। इस पर स्कूटी सवार युवक ने हेलमेट से महिला को जमकर पीटा और फरार हो गया। रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने संज्ञान लिया। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद तिवारी ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

### चेन लूटने वाले का पता नहीं लगा पाई पुलिस

**अमृत विचार , लखनऊ :** नाका थाने के सामने से शनिवार रात पति संतोष के साथ सरोजनीनगर से लौट रहीं जानकीपुरम निवासी काजल से मंगल सूत्र लूटने वाले बाइक सवारों का 12 घंटे बाद भी पुलिस पता नहीं लगा सकी है। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि लूट का मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



सरोजनीनगर में नाला खुदाई के दौरान गैस की भूमिगत पाइपलाइन में हुआ रिसाव। अमृत विचार

# सरोजनीनगर में नाला खोदते समय रिसाव से हड़कंप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** सरोजनीनगर में जेसीबी से नाला खोदते समय एलपीजी गैस की भूमिगत पाइपलाइन में रिसाव होने लगा। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत से रिसाव पर काबू पाया।

क्षेत्र के घरों में एलपीजी गैस पहुंचाने के लिए ग्रीन गैस लिमिटेड ने पाइप लाइन बिछाई है। सरोजनीनगर में गहरू स्थित मक्का खेड़ा के पास से भूमिगत पाइप लाइन गुजरी है। शुक्रवार को नगर निगम की तरफ से जेसीबी से मक्का खेड़ा के पास नाले की खोदाई कराई जा रही थी। शाम करीब 6 बजे पाइप लाइन फटने से गैस रिसाव होते ही आग की लपटें उठने लगीं। सूचना पर सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी पहुंचे। भीड़ हटवाकर जेसीबी से पहले पाइप लाइन पर मिट्टी डाल कर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। तब तक सूचना पर सरोजनीनगर अग्निशमन स्टेशन प्रभारी सुमित प्रताप सिंह दमकल कर्मियों के साथ पहुंच गये। मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

# आदिवासी नायक बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार,लखनऊः** भीमराव अंबेडकर सामजिक स्थल पर रविवार को आदिवासी नायक धरती आबा बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बिरसा मुंडा के समाज के लिए किये गए कार्यों को याद किया गया।

इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर के सेक्टर इंचार्ज जिसमें लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, पूर्व सदस्य विधान परिषद, अखिलेश रामनाथ रावत , दिनेश पाल , सुशील कुमार मुन्ना , राकेश कुमार गौतम , शिवकुमार दोहरे, आलोक कुशवाहा ,नीरज गौतम,करण पटेल, महेश गौतम, भीम प्रकाश, अनुपम चतुर्वेदी, कमल गौतम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम यूनुस से बदलकर युनुस अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **युनुस अंसारी पुत्र सत्तार ग्राम हरपुर बाबू टोला, पोस्ट कोटवा बाजार, जिला कुशीनगर 274305**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद कलाम से बदलकर कलाम खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **कलाम खान पुत्र नसीमुद्दीन ग्राम सेमरी पोस्ट सेमरी खानखोट जिला सिद्धार्थ नगर।**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SAFIUDDEEN से बदलकर SHAFIUDDIN CHAUDHARY रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **SHAFIUDDIN CHAUDHARY S/O JAMALUDDIN निवासी– ग्राम हरैया, सिद्धार्थनगर 272151**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जाका उल्लाह अब्दुल हकीम से बदलकर जक़उल्लाह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जक़उल्लाह पुत्र अब्दुल हकीम अहेशानुल्लाह 35 नया मोहल्ला लेडुआ महुआ, पोस्ट व थाना बखिरा, जिला सन्त कबीर नगर 272199**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जुबैरिया रूमान (ZUBAIRIYA RUMAN) से बदलकर जवेरिया रूमान (JAVERIA RUMAN) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जवेरिया रूमान पुत्री मोहम्मद शमीम (MOHD SHAMIM) मोहल्ला दरियाचक रसुलपूर गोरखनाथ गोरखपुर 57C नीयर बीएसएनएल टॉवर के पास पोस्ट गोरखनाथ थाना तिवारीपुर जिला गोरखपुर**

### NOTICE

I CHANDRAPATI, M/O ARMY NO. JC572674W, RANK NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY SON'S SERVICE RECORD AS 'CHANPATI' AND "05/02/1953' INSTEAD OF 'CHANDRAPATI' AND '01/01/1955 AS PER MY AADHAR.

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शेख तौसिफ आजीमुल्लाह से बदलकर तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख पुत्र आजीमुल्लाह शेख ग्राम बेलहसा, पोस्ट जिगिना ठाकुर, जिला सिद्धार्थ नगर।**

### NOTICE

I RITESH, S/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY FATHER'S SERVICE RECORD AS 'RITESH KUMAR' INSTEAD OF "RITESH' AS PER MY CBSE BOARD HIGH SCHOOL MARKSHEET.

### NOTICE

I MIRA PATEL, W/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY HUSBAND'S SERVICE RECORD AS MIRA' AND 06/01/1983 INSTEAD OF MIRA PATEL' AND '20/12/1981' AS PER MY HIGH SCHOOL MARKSHEET.

### सूचना



मैरे पुत्र रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY का नाम विप्लव पाण्डेय VIPLAV PANDEY त्रुटिवश अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही पुत्र के हैं। भविष्य में उसे रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY के नाम से जाना जाये। **अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र जगत नारायण पाण्डेय निवासी 790 हर्ष नगर इटावा आधार संख्या 329783236479**



# क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

## जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

### आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

### पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

**मौसम**

तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी, लू चलने की भी संभावना

| 43.0° | 28.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**शहर में आज**



- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन प्रात: 10 :00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक : 12 :00 बजे।
- कैंट स्थित दिलकुशा फुटबॉल मैदान में प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का मैच शाम 4 :00 बजे से।

# सुबह छह से देर शाम तक अकबरनगर की ओर न जाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अकबर नगर में अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण अभियान के चलते डायवर्जन व्यवस्था लागू की जा रही है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यह व्यवस्था सोमवार सुबह 6 बजे से अभियान के समाप्त होने तक लागू रहेगी। इस दौरान वैकल्पिक मार्गों से लोग आवाजाही कर सकेंगे।



**यातायात में यह रहेगा बदलाव**

- पालिटेक्निक से अकबरनगर की तरफ आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। इस रूट के वाहन चालकों के लिये नीलगिरी तिराहे से बांए होते हुए आम्रपाली चौराहा से बायें होकर बैरल नंबर आठ से बंधा रोड होकर वैकल्पिक मार्ग तय किया गया है।
- आईटी से पालिटेक्निक की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन से बायें होते हुए कार्मल चौराहा से पीएसी मुख्य द्वार या वायरलेस चौराहा, सर्वोदय नगर चौराहा से होते हुए बंधा रोड होकर शक्ति नगर ढाल से होकर तय किया गया है।

इसी तरह बादशाह नगर मैट्रो स्टेशन से यू-टर्न लेकर पेपर मिल से बांए आर-आर बंधा होकर जा सकेंगे।

# छावनी बना अकबरनगर, आज चलेगा बुलडोजर

## रविवार शाम को अधिकारियों ने फोर्स के साथ किया मार्च, जेसीबी पहुंची, कुकरैल नदी और बंधे पर बने भवन तोड़े जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर में सोमवार से एलडीए का बुलडोजर चलेगा। क्षेत्र के प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे पर बने मकान, दुकान, शोरूम ध्वस्त किए जाएंगे। इसके लिए रविवार को अधिकारियों ने फोर्स के साथ क्षेत्र में मार्च किया। जेसीबी के साथ एलडीए की टीम भी पहुंच गई।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष डॉ.इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ अधिकारियों, अभियंता व कर्मचारियों ने गली-गली पैदल मार्च किया और कार्रवाई के लिए अनाउसमेंट किया। जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारी भी साथ रहे। अधिकारियों ने लोगों से खुद घर खाली करने की अपील की। गलियों व मुख्य रास्तों पर बैरीकेडिंग लगाकर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए हैं। अयोध्या रोड पर पूर्व में तोड़े गए कॉम्पलेक्स का मलबा हटाकर अंदर के भवन तोड़ने के लिए रास्ता बनाया गया। शुरुआत में मुख्य सड़क पर व्यवसायिक भवन तोड़े जाएंगे। इसके बाद अंदर मकानों पर बुलडोजर चलेगा। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि धूप और लू को देखते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई दो शिफ्ट में होगी। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सचिव विवेक श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में दो टीमें बनाई हैं। पहली शिफ्ट सुबह 7 से 12 बजे दूसरी शाम 3 से 8 बजे तक तक ध्वस्तीकरण करेगी।

**बसन्तकुंज के आवास अधूरे, अकबर नगर में डटे**

**अमृत विचार, अमृत विचार :** अकबरनगर में रविवार रात तक ज्यादातर खाली नहीं हुए। एलडीए ने यहां के परिवारों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री शहरी आवास दिए हैं। रविवार को भी शिविर लगाकर आवंटन पत्र बांटे गए। इसके बाद कई परिवार बंसतकुंज योजना में आवास देखने पहुंचे। अनवर अली ने बताया कि ज्यादातर आवास अधूरे हैं। किसी में -दरवाजा नहीं तो कहीं पुताई नहीं कराई गई है। नल व टोटी नहीं हैं। कमियां दूर होने पर ही शिफ्ट हो पाएंगे। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि जो कमियां वह ठीक करा रहे हैं। जो क्षेत्र खाली हो गए पहले वहां कार्रवाई करेंगे।



अकबरनगर में निरीक्षण करते एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**900 में 150 परिवार हुए शिफ्ट**

अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में 1200 से अधिक आवासीय व व्यवसायिक भवन ध्वस्त होने हैं। एलडीए ने यहां के 1,679 अध्यासियों को आवास दिए हैं। इनमें 900 से अधिक लोगों ने आवास आवंटन पत्र प्राप्त लिए हैं। 150 परिवार नए आवासों में पहुंच चुके हैं। रविवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने क्षेत्र का भ्रमण कर सभी से आवंटन पत्र लेने की अपील की। कहां, शिविर के अलावा एलडीए की वेबसाइट से आवंटन पत्र डाउनलोड कर जल्द अपने भवन पर कब्जा प्राप्त कर लें।

**एक नजर**

### अवकाश के दिन जमा हुआ 26 लाख रुपये गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** भवन स्वामियों की सुविधा के लिए नगर निगम के कैश काउंटर रविवार को अवकाश के दिन भी खुले रहे। इसके अलावा वार्डों में गृहकर जमा करने के लिए कैम्प लगाये गए। भवन स्वामियों ने 26 लाख रुपये गृहकर जमा किया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि 30 जून तक गृहकर जमा करने पर कुल 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में भवन स्वामियों से अपना गृहकर जमा करके इस छूट का फायदा उठाने की अपील की।

### नगर निगम ने जेहटा में खाली कराई 2.65 करोड़ की जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने सदर तहसील के जेहटा गांव में 2.65 करोड़ मूल्य की 33153 वर्ग फीट भूमि खाली कराई है। इस भूमि पर भू-माफिया प्लॉटिंग कर रहे थे। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि खसरा संख्या 1892, 1894 नवीन परती में दर्ज नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच के लिए प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति ने टीम गठित की थी। नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी की उपस्थिति में कब्जा हटवा दिया गया।

### चारबाग बस स्टेशन पर पानी के लिए यात्री परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज के चारबाग बस स्टेशन पर परिवहन यात्रियों को भीषण गर्मी में पीने के पानी को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। बस अड्डे पर लगी टोटी में पानी नहीं आ रहा है। एक वाटर कूलर लगा हैं जहां भारी भीड़ लगी रहती है पानी को लेकर यात्री इधर उधर चक्कर लगाते हैं, थक हारकर मजबूरी में साधारण यात्रियों को स्टाल से बंद बोतल पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

# भीषण गर्मी में फूंका जा रहा फागिंग पर पैसा

## 35 डिग्री से अधिक तापमान में फागिंग का धुआं एलर्जी, सांस के मरीजों के लिए हानिकारक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में फागिंग की जरूरत नहीं पड़ती है। ऐसे मौसम में फागिंग से नगर निगम के पैसों की बर्बादी के साथ फागिंग का धुआं सांस और एलर्जी के मरीजों की सेहत भी बिगाड़ सकता है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने फागिंग न कराने के आदेश दिए हैं, इसके बावजूद जोनल अधिकारी फागिंग कराकर प्रतिदिन नगर निगम के लगभग दो लाख रुपये बर्बाद कर रहे हैं।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने बताया कि 25 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान तक ही फॉगिंग कराना सही है। इससे अधिक तापमान होने पर फॉगिंग नहीं कराई जाती है। 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में फॉगिंग कराने से जोनल कार्यालयों को मना किया गया है। अधिक तापमान में फागिंग कराने से एलर्जी और सांस के मरीजों को समस्या हो सकती है। भीषण गर्मी से मच्छर खत्म होने के बाद भी फागिंग कराकर जोनल अधिकारी केवल नगर निगम का पैसा फूंक रहे हैं।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, नगर निगम फॉगिंग पर प्रतिदिन दो लाख रुपये से अधिक खर्च करता है। फॉगिंग के लिए डाला पर लगीं मशीन में 40 लीटर डीजल और मैलाथियान टेक्निकल केमिकल मिलाया जाता है। मशीन स्टार्ट करने के लिए नौ लीटर और डाला के लिए 15 लीटर डीजल की जरूरत पड़ती है। ड्राइवर और हेल्पर का मानदेय देना पड़ता है। बारिश के मौसम में नगर निगम इस तरह की 30 से 35 गाड़ियों से फॉगिंग कराता है। साइकिल माउंटेड मशीनों से भी फॉगिंग पर खर्च अलग है।

**02** लाख रुपये प्रतिदिन फागिंग पर खर्च किया जाता है

**60** लाख रुपये मासिक औसतन फागिंग पर होता खर्च

**मंडलायुक्त के निर्देश से अफसर असमंजस में**

एक ओर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अत्यधिक गर्मी में फॉगिंग न कराके डेंगू से बचाव के लिए एंटी लार्वा छिड़काव कराने के जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शनिवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करके लगातार फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव कराने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त के इस निर्देश से नगर निगम के अफसर असमंजस में हैं।

> 25 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच फॉगिंग कराना सही है। अत्यधिक गर्मी में फॉगिंग नहीं कराई जाती है। इससे एलर्जी और सांस के मरीजों को समस्या हो सकती है। 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर फॉगिंग कराने के लिए जोनल कार्यालयों को मना किया गया है।
>
> -डॉ. विजय कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, लखनऊ नगर निगम



लालबाग के निशात हास्पिटल के पास सड़क पर पड़ी नालियों की सफाई से निकली सिल्ट।

# लालबाग में रैम्प हटाए बिना कर दी नालियों की सफाई

- सड़क पर छोड़ दी सिल्ट, बारिश में जलभराव होना तय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में नाले और नालियों की सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। ठेकेदार रैम्प हटाए बगैर ही नालियों की सफाई करके सिल्ट सड़क पर छोड़ रहे हैं। हजरतगंज के लालबाग क्षेत्र में रविवार को सफाईकर्मियों ने नावेल्टी सिनेमा से हिन्द सिनेमा तक नालियों की सफाई शुरू की। सड़क के दूसरी ओर नाली के पत्थर हटाकर मलबा निकाला और सिल्ट सड़क पर छोड़ दी। सड़क के दूसरी ओर नालियों पर बने रैम्प नहीं हटाए। जिससे नालली की सफाई नहीं हो पायी। रैम्प हटाकर नाली की सफाई न होने से बारिश में जलभराव होना तय है।

चौक स्थित पाटा नाला की हैदरगंज इलाके में सफाई तक नहीं शुरू हो पायी है। इस नाले में जगह-जगह गंदगी जमा है। बारिश में यहां नाले का पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। नगर निगम को 30 जून तक सभी नाले और नालियों की सफाई पूरी करनी है। महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दे देने के बाद भी नाला सफाई का काम धीमी गति से चल रहा है।

## वाशिंग सेंटर में बनवाई जा रहीं कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम वाशिंग सेंटर में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की मरम्मत करा रहा है। जोन आठ कार्यालय नगर निगम के गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला में गाड़ियां न भेजकर वृंदावन योजना के सेक्टर 10 में बिना टेंडर के मनमाने तरीके से गाड़ियां बनवा रहा है। टेंडर न कराके कोटेशन के आधार पर वाहनों की मरम्मत कराई जाती है। 35,000 रुपये से कम खर्च के कार्यों के लिए नगर निगम मुख्यालय से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

वहीं जोनल अधिकारी अजीत राय का कहना है कि केंद्रीय कार्यशाला दूर पड़ती है, जिससे गाड़ियां बनने में देर लगती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय कार्यशाला के मुख्य अभियंता (विद्युत यांत्रिक) मनोज प्रभात का कहना है कि नगर निगम की सभी गाड़ियां केंद्रीय कार्यशाला में बनने आनी चाहिए। वाहनों की मरम्मत कहीं और नहीं कराई जा सकती है, काम छोटा या हो बड़ा।

# शहर की सीमा से बाहर नहीं जाएंगी सिटी बसें

- देवा रोड, बाराबंकी, हरदोई ,संडीला, रायबरेली, सुल्तानपुर रूट से बसें हटेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** घाटे से उबरने के लिए सिटी बसें की दूरी घटाने की तैयारी कर ली गई है। सिटी बसें शहर की सीमा में ही चलाई जाएंगी। देवा रोड, बाराबंकी, हरदोई, संडीला, रायबरेली ,सुल्तानपुर रूट पर चलने वाली बसों को हटाया जाएगा। बसें हटने से यात्रियों को परेशानी होगी और कई वाहन बदलकर गंतव्य तक पहुंचने में जेब पर बोझ भी पड़ेगा।

लखनऊ शहर में 22 रूटों पर 250 सिटी बसें संचालित की जाती हैं। लखनऊ सिटी ट्रासंपोर्ट के पास 140 इलेक्ट्रिक और 100 सीएनजी सिटी बसें हैं।इनमें 40 से अधिक को लखनऊ से देवा, बाराबंकी, हरदोई, संडीला, रायबरेली रूट पर चलाई जा रही हैं। सिटी बसें उन रूट पर भी चल रही हैं, जहां संचालति हैं, जहां रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है। लंबे इंतजार से बचने के लिए यात्री इन रुट पर सिटी बसों से सफर करना मुनासिब समझ रहे हैं। इसकी वजह से रोडवेज को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए अब सिटी बसों को केवल शहर के भीतर ही चलाने की योजना बन रही है। इसके लागू होने पर देवा, बाराबंकी, हरदोई, संडीला, रायबरेली, और सुनतानपुर रोड पर सिटी बस से लोग सफर नही कर पाएंगे।

रोडवेज बसों के रूट पर सिटी बसों के संचालक को लेकर परिवहन निगम और लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के बीच बातचीत चल रही है। योजना है कि लंबी दूरी की सिटी बसों को शहर में ऐसे इलाकों से जोड़ा जाए जहां अभी इसकी सेवा लोग नही ले पा रहे हैं। हर स्टाप पर 10 मिनट के अंतराल में बसें मिलती रहें यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

राजाजीपुरम से बीबीडी, चौक घंटाघर से बीकेटी, चारबाग से पीजीआई, अलीगंज रुट पर सिटी बसों की कमी से दैनिक यात्रियों को दिक्कत हो रही है। इन मार्गों पर बसों को बढ़ाने की योजना है। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी का कहना है कि परिवहन निगम से बात चल रही है। सहमति बनने पर इसे लागू किया जाएगा।

**सिटी बसों का होगा कायाकल्प**

लखनऊ में दौड़ रही सीएनजी सिटी बसों की दशा सुधारने का खाका तैयार किया गया है। पहले चरण में 42 बसों का कायाकल्प होगा। नगरीय परिवहन निदेशालय के प्लान के मुताबिक लखनऊ समेत 13 शहरों में चलने वाली कंडम सीएनजी बसों की स्थिति सुधारी जाएगी। लखनऊ में संचालित 250 सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों में 110 खस्ताहाल हैं। इनमें उन सिटी बसों को चिह्नित किया गया है, जिनकी उम्र तो पूरी हो गई है लेकिन किलोमीटर पूरा नहीं हुआ है।

# पारा 43 डिग्री, कल से लू की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ :** तापमान तेजी से बढ़ रहा है। रविवार को दिन का तापमान 43 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मंगलवार से लू चलेगी।

तापमान और भी बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने से तापमान बढ़ा है। इसी का असर तेजी से मौसम में देखने को मिल रहा है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, रविवार को तेज धूप से पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

उन्होंने बताया कि कि मंगलवार से लखनऊ और आसपास इलाकों में लू चलने की संभावना है। तापमान में और भी बढ़ोतरी हो सकती है।



तेज धूप के कारण रविवार दोपहर को हजरतगंज चौराहे पर सन्नाटा पसरा रहा। धूप से बचने के लिए सिर पर दुपट्टा डालकर जाती महिला। अमृत विचार

## वोल्टेज लो होने से उपभोक्ता परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** 33 केवी अंडरग्राउंड केबल में सुबह 7:30 बजे फॉल्ट होने से रविवार को ऐशबाग के शास्त्रीनगर, खजुहा, रामलीला मैदान में वोल्टज लो हो गया। इससे करीब पंद्रह हजार आबादी प्रभावित रही। टुल्लू पंप न चलने से लोग पानी के लिए भटकते रहे। कूलर, एसी, फ्रिज, टीवी और अन्य उपकरण भी नहीं चल पाए। स्थानीय निवासियों के अनुसार दो दिन पूर्व केबल में फॉल्ट से घंटों बिजली गुल रही थी। देर रात बिजली आपूर्ति शुरू हुई। सुबह लो वोल्टज होने से गर्मी में परेशान होना पड़ा। अधिकारियों और उपकेंद्र पर फोन भी करने के बावजूद पूरा दिन सुधार नहीं कराया गया। एसडीओ ऐशबाग अखिलेश कुमार का कहा कि फॉल्ट के बाद कुछ जगह लो वोल्टज की समस्या हुई, लेकिन शिकायत मिलने के बाद समस्या को दूर कर दिया गया।

# 14 तक रायपुर व चेन्नई की ट्रेनें लखनऊ में रोक कर चलाई जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ जंक्शन से मानक नगर और ऐशबाग से मानकनगर के बीच लूप लाइन बनाने का काम चल रहा है। इस लाइन के बनने के बाद ट्रेनें आउटर पर नहीं रुकेंगी।

गोरखपुर से वाया ऐशबाग दिल्ली, मुंबई जाने वाली ट्रेनों का संचालन बेहतर होगा। इसके लिए प्री नान इंटरलाक और नॉन इंटरलॉक का काम भी किया जाएगा। इस कार्य के चलते 14 जून तक लखनऊ से रायपुर, लखनऊ से चेन्नई और लखनऊ से दिल्ली रूट की ट्रेनों को रोक कर चलाया जाएगा।

**13 जून को ये ट्रेनें रोककर चलाई जाएंगी :** ट्रेन नंबर 12535 लखनऊ जं. रायपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं. से साढ़े छह घंटे, 16094 लखनऊ जं. चेन्नई एक्सप्रेस लखनऊ जं. से साढ़े चार घंटे, 15054 लखनऊ जं. छपरा एक्सप्रेस लखनऊ जं. से 60 मिनट और 12003 लखनऊ जं. नई दिल्ली एक्सप्रेस लखनऊ से 70 मिनट लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर रोककर रवाना की जाएगी।

**कम दूरी तक चलेगी ये ट्रेनें**

- गोरखपुर से 11 से 14 जून तक चलने वाली ट्रेन नंबर 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह ट्रेन गोमती नगर स्टेशन पर 09.55 बजे के स्थान पर 09.50 बजे पहुंचेगी।
- नई दिल्ली से 11 व 13 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-रोजा-सीतापुर सिटी-सीतापुर-बुढ़वल रास्ते चलाई जाएगी।



गोमतीनगर में ट्रैक का निरीक्षण करते डीआरएम और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**डीआरएम ने किया गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण**

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रीष्मकाल के दौरान सुरक्षित ट्रेन परिचालन और यात्री सुविधाओं को परखने के लिए रविवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार गोमती नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) राजीव कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परि.) विक्रम कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्टेशन पर निरीक्षण के बाद उन्होंने गोमती नगर रेलवे स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया गया। इसके बाद डीआरएम ने गोमती नगर स्टेशन के पैनल रूम की व्यवस्था देखी। यहां पर उन्होंने प्वाइंट, क्रॉसिंग रजिस्टर, सतर्कता आदेश रजिस्टर एवं कॉशन ऑर्डर रजिस्टर चेक किये। डीआरएम ने पुश ट्रॉली के माध्यम से गोमती नगर-मल्हौर के मध्य गोमती नगर यार्ड का निरीक्षण किया। यार्ड में उन्होंने कर्व, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग, रेल लाइन और गोमती नगर डिपो स्थित सिक लाइन में होने वाले मेंटेनेंस कार्यों को देखा। सभी कार्यों को तय समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

**मिलेगी राहत** — ट्रॉमा के विस्तार, आधुनिक उपकरण और संसाधनों के लिए मिला 10 करोड़ रुपये का बजट

# पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में बढ़ाए जाएंगे 25 बेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सामान्य, इमरजेंसी और आईसीयू के 25 बेड बढ़ाए जाएंगे। अभी 135 बेडो पर मरीजों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर के बाद एपेक्स ट्रॉमा सेंटर दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल है। प्रदेश भर से मरीजों को रेफर करने के कारण केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर दबाव अधिक रहता है। एपेक्स में बेड बढ़ने से राहत मिलेगी। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि इस समय ट्रॉमा में 135 बेड पर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वार्ड और बेड तैयार हैं। अन्य जरूरी संसाधन जुटाए जा रहे हैं। 15 जुलाई को डॉक्टरों की गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने के बाद बढ़े हुए बेड पर मरीजों की भर्ती शुरू करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि शासन ने ट्रॉमा के विस्तार, मरीजों के उपचार की गुणवत्ता और बेहतर करने के लिए उपयोगी आधुनिक उपकरण और संसाधन के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट दिया है। बेड बढ़ाने के साथ ही ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी लैब, रेडियोलॉजी विभाग की जांच के लिए आधुनिक मशीन व उपकरण लगाए जाएंगे। इमरजेंसी, आईसीयू की सुविधाएं आधुनिक होंगी। संस्थान प्रशासन का दावा है कि इस साल के आखिर तक ट्रॉमा के सभी 210 बेड का विस्तार कर मरीजों की भर्ती शुरू हो जाएगी।

**संकरी गली की छोटी सी दुकान में खोल दिया वेलनेस सेंटर**

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) खुलवाने में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमों की अनदेखी की जा रही है। संजय गांधी पुरम में जहां ओयो होटल में सेंटर को खोला गया है। वहीं, दूसरा मामला राजाबाजार की एक संकरी गली में स्थिति छोटी दुकान में खोलने का सामने आया है। इस सेंटर पर वाहन तक आसानी से नहीं पहुंच सकता। इससे स्वास्थ्य विभाग की किरकिरी हो रही है। मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शहर में कुल 108 वेलनेस सेंटर खुलने हैं। इनमें से 75 केंद्र संचालित हो रहे हैं। शेष 33 केंद्र संचालित होने के लिए भवनों के किराए पर लेने की कवायद चल रही है। जिसमें से 25 का एग्रीमेंट भी हो चुका है। जानकारों का कहना है एक सेंटर को संचालित करने के लिए कम से कम 1300 वर्ग फुट का भवन होना जरूरी है। जिसमें हवादार तीन कमरे अनिवार्य रूप से होने चाहिए। साथ ही सेंटर ऐसी जगह पर हो जहां आसानी से एंबुलेंस पहुंच सके। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि सेंटर की जांच की जाएगी। यदि नियम विरुद्ध सेंटर खोला गया है तो जिम्मेदारों से जवाब तलब किया जाएगा।




वेलनेस सेंटर का बंद शटर।

# टर्मिनल-3 से बाहर निकलने में यात्रियों को लगेगा लंबा समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर टर्मिनल-3 से विदेशी उड़ाने शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। किंतु इस टर्मिनल के यात्रियों को एयरपोर्ट से निकलने के दौरान इमिग्रेशन, कस्टम काउंटरों पर लंबा इंतजार करना पड़ेगा। एक साथ तीन विमान आने पर यात्रियों की जांच में ज्यादा समस्या आएगी।

एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक नए टर्मिनल में 62 काउंटर हैं। इनमें काउंटर 27 प्रस्थान और 35 आगमन के लिए हैं। सामान स्कैन करने के लिए तीन कन्वेयर बेल्ट हैं लगे हैं। नए टर्मिनल पर काउंटरों की संख्या बढ़ा दी लेकर इनमें कर्मचारी नहीं बढ़ाए गए हैं। कस्टम और इमिग्रेशन के पास सीमित कर्मचारी हैं। विदेश से आने वाले यात्रियों को बाहर निकलने में दो से तीन और कभी कभी चार घंटे तक लग जाते हैं। एयरपोर्ट पर एक सुपरिटेंडेंट और एक सहायक आयुक्त की तैनाती रहती है। सुपरिटेंडेंट की संख्या पहले से काफी कम है। दरअसल पुराने अधिकारी रिटायर हो रहे हैं और नई भर्तियां नहीं हो रही हैं। इस कारण जितने कर्मचारी टर्मिनल-1 पर तैनात थे, उतने ही टर्मिनल-3 पर भी तैनात होंगे। इसी तरह इमीग्रेशन के पास भी कर्मचारियों की संख्या कम है। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि अभी उड़ानें नहीं बढ़ी हैं। इससे अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों की हैंडलिंग पहले जैसी होती रहेगी, कोई दिक्कत नहीं आएगी।



- कम होने के कारण काउंटरों पर नहीं बढ़ाए जा रहे हैं कर्मचारी

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शपथ ग्रहण में विदेशी अतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं का शामिल होना चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधी पड़ोसियों को कड़ा संदेश दे गया। शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए नेताओं की यात्रा, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। समारोह में श्रीलंका, मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। उधर भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान को शपथ ग्रहण में न बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति की ओर इशारा करता है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध विवादास्पद मुद्दों से ग्रस्त रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद चिंता का एक प्रमुख विषय है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारतीय महासागर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट को आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है और तेजी से नौसैनिक ठिकानों और बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। अपनी इस नीति के जरिए चीन पड़ोसी देशों पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

गौरतलब है पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना भारत की विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने में भारत के रणनीतिक हितों की पूर्ति करता है। समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रभावी सहयोग आवश्यक है। साथ ही मिशन 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक पहल है। इसे 2015 में शुरु किया गया था। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है। इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में समावेशी, सहयोगी तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। चीन के साथ संबंधों को देखते हुए नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी चीन के स्वच्छंद कारनामों पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे। साफ है कि नरेंद्र मोदी इस कार्यकाल में भी चीन को रोकने की दिशा में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करेंगे।

# महामारी जैसी है कोल्ड ड्रिंक्स की बढ़ती खपत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है।

गर्मी के मौसम में नॉन-अल्कोहलिक, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या सॉफ्ट-ड्रिंक्स की मांग बढ़ती है जो अकसर मिठास वाली होती हैं। इनमें से कुछेक फ्रूट जूस या फ्रूट कन्सेंट्रेट के इस्तेमाल से बनाई गई हैं, ऐसा बताया जाता है। फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (ऍफ़एसएसएआई) की सील सब पर लगी होगी। एक ग्रीन 'डॉट' भी यूनिट लेबल पर छपी होगी। ये ठंडी भी होंगी क्योंकि गर्म पेय तो कोई नहीं पीएगा। शरीर की पाचन प्रणाली और सेहत पर समग्र रूप इसका खराब से लेकर घातक असर तक होने के साक्ष्य अनुसंधान करके वैज्ञानिकों ने जुटाए हैं। ये बातें अगर मैन्युफैक्चरर लेबल लिख दे तो सॉफ्ट-ड्रिंक का एक भी टेट्रा-पैक या बोतल नहीं बिकेगी। लेकिन हमदर्द ने रूह-अफज़ा को जिन जड़ी-बूटियों के सत से रस बनाकर तैयार किया था वह बिलकुल सुरक्षित पाई गईं। बाज़ार से कोल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स खरीदना स्वभावानुसार आसान है, बशर्ते जेब में पैसा हो। ग्रीष्म ऋतु में नींबू और बेल फल का रस निकालकर पीने में तो मेहनत और समय लगता है, इसलिए लोग तुरत कुछ ठंढा पीकर, ठंढा अहसास पाना चाहते हैं। इस बात से बेखबर रहना चाहते हैं कुछ भी, कितना भी ठंढा शरीर में पहुंचे शरीर पहले इसे बॉडी टेम्परेचर अर्थात 33 डिग्री सेल्सियस पर लेकर आता है और फिर इसे पचाने में लग जाता है। इस कारण से शरीर के पीनियल ग्लैंड अथवा 'तापमान रेगुलेटर' पर दबाव बढ़ता है और यह कार्य ग्लैंड द्वारा नर्वस सिस्टम के जरिये से और रक्त संचार की मात्रा और गति को बढ़ाकर किया जाता है। इससे बॉडी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और शरीर को ठंढा रखने के चक्कर में हमारा शरीर चुस्त होने की अपेक्षा निढाल ही होता है। नींबू पानी, बेलफल रस और दही की लस्सी (प्रो-बायोटिक्स) शरीर को न केवल न्यूट्रीएंट्स देते हैं बल्कि वास्तव में ही बॉडी टेम्परेचर को मैंटेन करके रखते हैं।

गर्मियों में इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स की अत्याधिक मात्रा हमारे पेट तक पहुंचती है। इन ड्रिंक्स में प्रीज़रवेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि शेल्फ-लाइफ बढ़ाई जा सके। इनमें पेयों में मौजूद सिंथेटिक और रिफाइंड शुगर की वजह से बहुत से लोगों के 'गाल ब्लैडर' में स्टोन या पथरी होने की संभावना बनती है, कोल्ड ड्रिंक्स की खपत एक महामारी जैसी है और कमर्शियल जगत में इसे फास्ट ग्रोइंग कन्ज्यूमर गुड्स के दायरे में माना गया है। आश्चर्य होता है कि सन 2023 के साल में भारत में 6.94 बिलियन लीटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज की खपत हुई और इस साल की प्रोजेक्शन्स 7.21 बिलियन लीटर है। एक लीटर की कीमत अगर औसतन रु. 50 है तो भी यह फिगर सन 2023 के लिए रु. 347 बिलियन अर्थात 35 अरब भारतीय रुपये के बराबर बैठती है। इस साल तो यह 38 अरब रुपये के बराबर होने की उम्मीद है। यह भ्रम पालना छोड़ दिया जाना चाहिए कि चिल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने से शरीर में ठंडक का संचार होगा, बल्कि इसे पी लेने के बाद इसमें मौजूद मिठास और पेय के गाढ़ेपन के कारण नार्मल वाटर पीने की जरूरत पड़ सकती है ताकि जो पीया है उसे 'डायल्यूट' किया जा सके। इसके लिए ग्राहक एक बोतल बंद ठंढा पानी खरीद कर पीएगा। सॉफ्ट ड्रिंक्स के गाढ़ेपन और मिठास को डाल्युट करने के लिए ही अतिरिक्त पानी की जरूरत होती है। यह एक दुष्चक्र है जिससे छुटकारा पाने की तुरत जरूरत है।

> भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है।

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है। दिखाने के लिए जरूर कुछ ड्राई फ़्रूट्स के कुतरे हुए बीज या फिर कद्दू के मुरब्बे को सतह पर चिपका दिया जाता है।

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है। कुछ पदार्थ ऐसे हैं जो सिर्फ एक व्यसन या एडिक्शन पैदा करने में समर्थ हैं जैसेकि पेय में मिलाई गई 'कैफीन'। कैफीन में ऐसा क्या है जो शीतल पेय के प्रति लत पैदा करता है? इसका न्यूरो-केमिकल मैकेनिज्म ऐसा है कि मनुष्य-मस्तिष्क में न्यूरोन्स पर एक खास तरह के संवेद ग्राही मौजूद होते हैं जो कैफीन के अणुओं के संपर्क में आकर स्टिमुलेट होते हैं और एक खास रस या रसायन का स्राव करके रक्तवाहिकाओं में प्रवाहित करते हैं। इससे नर्वस सिस्टम के बाकी अणु भी रिसेप्टर्स से जुड़ कर स्टिमुलेट होते हैं या 'झूमने' लगते हैं। जब तक ब्लड स्ट्रीम में इस 'रस' की मात्रा का एक निश्चित स्तर मौजूद रहता है आदमी को 'वेल-बीइंग' अर्थात आनंद की अनुभूति बनी रहती है। इसका लेवल डाउन होते ही मनुष्य के अन्दर फिर से उसी कोल्ड ड्रिंक को पीने की प्रबल इच्छा जाग्रत होती है जिसमें कैफीन मिली होती है। 'क्यूरियस' जर्नल के सन 2018 के अंक 10(6) में प्रकाशित एक समीक्षात्मक अध्ययन और इसके अंत में उल्लिखित 24 संदर्भ अध्ययनों में से चंद स्टडीज सिर्फ चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि गंभीर परिणाम बताने वाली और बेहद चिंताजनक हैं। खासतौर से उन माता-पिता के लिए जिनके कमसिन वय के और किशोर बच्चों को सोडा ड्रिंक्स और कैफीन मिश्रित शीतल पेय लेने की लत लग चुकी है। बच्चों को एनर्जी के लिए जितनी शुगर की रोजाना जरूरत पड़ती है उसका 30 प्रतिशत तो वे शीतल पेय में मिली हुई शुगर से ही ले रहे हैं। इंग्लैंड का उदाहरण लें तो नेशनल डाइट एंड न्यूट्रीशन सर्वे (2008-12) के आंकड़ों से मालूम होता है कि उधर के बच्चे जो शीतल पेय ले रहे हैं इनमें अनेक में सोडियम बेंजोएट मिला हुआ पाया गया। यह बेन्ज़िक एसिड का सोडियम तत्व है जिसे फ़ूड संरक्षक के बतौर शीतल पेय निर्माता इंडस्ट्री इस्तेमाल करती है। इसे तरल दवाओं और सूखे खाद्य पदार्थों में भी शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए मिलाया जाता है। लेबल पर लिखा भी हो या न भी लिखा हो, लेकिन आमजन को इससे क्या? इन्हें तो स्वाद चाहिए और 'न्यूरो-स्टीमुलेटरी' आनंद! संघ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले रेगुलेटर फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने साल 2024 के ही मार्च महीने में फाइल नंबर आरसीडी-15001/12/2023-रेगुलेटरी-ऍफ़एसएसएआई-पार्ट (1)(ई-10434) के अंतर्गत हीथ और एनर्जी ड्रिंक्स के मामले में उद्योग और रिटेलर्स द्वारा पालन करने के लिए मीमो जारी किया था लेकिन न तो व्यापारी और न ही फ़ूड सेफ्टी इंस्पेक्टर्स को इससे कोई लेना-देना है। अर्थात घोर लापरवाही है। सोडियम बेंजोएट की सुरक्षित से अधिक मात्रा शरीर में प्रवेश करती है तो सूजन, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, भूख न लगना, ओक्सिडेटिव स्ट्रेस और एलर्जी तक हो सकती है। ओक्सिडेटिव स्ट्रेस खतरनाक होता हो सकता है और इस अवस्था में शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' की बहुतायत हो जाती है। साथ में इन्हें निरस्त करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स अत्यधिक कम हो जाते हैं। शरीर द्वारा चयापचयी प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। भारत का फ़ूड रेगुलेटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज में जिन रसायनों को मिलाने की इज़ाज़त देता है उन सभी का मात्रा तय की गयी है। सोडियम बेंजोएट के लिए यह मात्रा 300 पीपीएम निर्धारित है अर्थात 10 लाख डेसीलिटर में सिर्फ 300 ग्राम 0.03 प्रतिशत है और एक लिटर की बोतल में यह 0.003 प्रतिशत रहेगी। यह एक जटिल मामला है जिसकी बायो-केमिस्ट्री और बायो लॉजिकल प्रक्रियाओं को समझे बिना ही हम शीतल पेय पिए जा रहे हैं और ऐसी व्याधियों से दो-चार होते हैं जिन्हें सिर्फ न्यूट्रीशन बायोकेमिस्ट/वैज्ञानिक ही समझ पाता है, आम डॉक्टर नहीं। इसलिए पीड़ित व्यक्ति के ओइए आम अस्पताल में इनकी टॉक्सिसिटी हटाने और इलाज की कोई सोच नहीं होती। शीतल पेय में मिलाए गए आर्टिफीसियल स्वीटनर एस्पार्टेम के कारण 'इंसिडेंट स्ट्रोक', अनिद्रा न्यूरोटॉक्सिसिटी, और 'डेमेंशिया' हो सकता है लेकिन इससे आगे तो सिर्फ मृत्यु है।

## प्रसंगवश

# एक थप्पड़ की संविधान व्यथा

> कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा।

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा की टिकट पर निर्वाचित कंगना रानावत के गाल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कांस्टेबल कुलविन्दर द्वारा कथित रूप से मारे गए थप्पड़ से बखेड़ा खड़ा तो हो गया है। घटना की यादों पर पपड़ी पड़ जाएगी और उसे भुला भी दिया जाएगा। लेकिन इस थप्पड़ ने जनविमर्श तलाश करने के लिए मुझ जैसे लोगों को कुरेद दिया है।

संविधान की आत्मा भाग तीन में है। वहां मूल अधिकार में, बोलने की, यूनियन बनाने, आने जाने, रोजगार की तरह-तरह की आज़ादियों का ऐलान है। हाथ के हाथ उन पर लगे प्रतिबंधों का ब्यौरा भी है। सवाल यह है कि यदि नागरिकों के साथ सियासी या प्रशासनिक जुल्म हो रहा है। तो क्यों कंगना रानावत जैसे और लोगों के द्वारा भी भारतीय किसानों के सबसे बड़े आंदोलन में उनके परिवारों की महिलाओं के शरीक होने पर फब्तियां कसी जाएं कि 100-100 रुपए लेकर ये औरतें वहां बिठाई गई हैं।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

तो उसका प्रतिरोध किस तरह हो? ऐसे हर मुद्दे में गोडसे और सावरकर को नहीं, गांधी को ही खींचकर लाया जाता है। गांधी ने कहा था अहिंसा कायरों का धर्म नहीं है। वीर हृदय की प्राण वायु है। अंतिम सीमा तक अटल रहो लेकिन अगर कोई तुम्हारी मां, बहन, पत्नी या अन्य किसी का शील हरण करने की कोशिश करे तो समझाओ। प्रतिरोध करो फिर बताएं आगे क्या कहा था?

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा। मैं कतई हिंसा के पक्ष में नहीं हूं। हालांकि उन्मादित होकर एक थप्पड़ मारने को मैं हिंसा नहीं, आक्रोश मानता हूं। कानून भी उसे यही मान सकता है। ऐसे अपराधी को तो चेतावनी देकर भी छोड़ा जा सकता है। बिना चूं चपड़ के भी कुलविन्दर का खेद रिकार्ड कर मामला समाप्त कर सकता है। उसकी सेवा शर्तों के तहत मामूली कार्यवाई हो सकती है। लेकिन यह जनविमर्श नहीं है। संविधान में खुद गांधी के सिद्धान्तों की परीक्षा ज़रूरी है। सिविल नाफरमानी, निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह की गांधी की परिभाषाएं भी उनके साथ चली गईं। क्योंकि तब तक अंगरेज़ भी चला गया था। संविधान निर्मित आज़ाद भारत में सिविल नाफरमानी की नपुंसक परिभाषा नहीं हो सकती। डीजीपी साहब के जूतों पर अर्दली पालिश करे। उनके कुत्तों की सेवा करे। मेम साहब की डांट खाए। छुट्टी के दिन भी काम करे। अगर प्रतिरोध करे तो झूठे आधारों पर उसकी नौकरी ले ली जाए। भारत में निचली सरकारी सेवाओं का तितिम्मा बुनना अंगरेज़ी न्याय कुल की जूठन नहीं हो सकती। अगर कुलविन्दर ने छुट्टी ली होती और थप्पड़ मारती या सड़क या बाज़ार में ऐसी घटना होती। तब कानून की पैनी नज़र से अपराधों की नस्लें तक अलग हो जातीं। सवाल है कि भारत के नागरिकों की आत्मा का कोई आसमान है भी कि नहीं। जिस देश का सबसे बड़ा लोकसेवक हेट स्पीच का उत्पादन करता रहे। हेट स्पीच के उत्तेजक सम्मेलन हों। सुप्रीम कोर्ट समझाइश की नस्ल की नसीहत दे। लेकिन हो कुछ नहीं। तब नागरिक आजादी कहां है? याद रहे निर्वीर्य कुंठा दैहिक प्रतिरोध के मुकाबले नपुंसक होती है। मैं फिर कहता हूं। कतई हिंसा का समर्थन नहीं करता। ऐसा भी हुआ है हज़ारों बार कि किसी बड़े सरकारी अधिकारी पर सरकारी कर्मी द्वारा हमला किया गया हो। जूता फेंककर या थूकने की कोशिश की गई हो। लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की हो। सुरक्षा कक्ष में कंगना के साथ बदसलूकी भी हुई और वे इसका बखेड़ा नहीं खड़ा करतीं तो बात तो आई गई हो जाती। लेकिन वे चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने मामले को तूल दिया कि मुझे पंजाब में पनप रहे उग्रवाद और आतंकवाद की इस कारण चिंता हो रही है। एक थप्पड़ से आतंकवाद का अद्भुत रिश्ता कायम किया गया? उसका शिकार देश की सबसे बड़ी नेता और बाद में उसका बेटा भी तो हुए थे। इस घटना से राजनीतिक उत्कर्ष और करीअर हासिल करने की कोशिश हो? तो उससे तो एक थप्पड़ की हिंसा ही बेहतर है।

# जनता ने अपने विवेक से विपक्ष की भूमिका अदा की



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

> साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है।

अठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि केंद्रीय सत्ता के मुकाबले कोई संगठित विपक्ष नहीं था बल्कि जनता ने अपने विवेक से सत्ता के मुकाबले विपक्ष की भूमिका अदा की है। एक ओर राजनितिक परिस्थितियों का यथार्थ और दूसरी ओर जनता का निर्णयात्मक व्यवहार, इन दोनों के बीच द्वंद्वात्मक संबंध दिखाई देता है। धार्मिक भावनाओं को इस्तेमाल करके नफ़रत के बीज बोना और सांप्रदायिक मानसिकता का राजनीतिक इस्तेमाल करना सबसे सफल गुजरात में रहा जिसे 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' कहा गया। अगर संकेतों को समझा जाए तो ये जनादेश उन स्वयंभू भगवानों को रास्ता दिखाते हैं, वे चाहे सत्ता में बैठे हों या मठों या आश्रमों में।

बंगाल में जनता ने ममता के कुशासन से असंतोष जताया है तो मोदी के सुशासन को भी नहीं अपनाया है। केरल में माकपा को यह सीख दी है कि सत्ता के लिए संगठन में गुटबाजी का असर हानिकर होता है। यही कारण है कि अच्युतानंदन की लोकप्रियता को विजयन नहीं पा सके। इसी प्रकार, जहां जो राजनितिक विकल्प मिला, लोगों ने उसे चुना। अपवाद हो सकते हैं। जनतंत्र में असली भाग्य-विधाता जनता है, यह चुनाव भली-भांति स्पष्ट करता है। सबसे दिशाबोधक हिंदी प्रदेश है जिसे विशेषज्ञ और ज्ञानी गोबरपट्टी कहते हैं और राजनीतिज्ञ धर्म के अफीम की प्रयोगशाला समझते है। जिस उत्तर प्रदेश पर सबके दांव लगे थे उसने अयोध्या की सफलता और मथुरा-काशी की योजना द्वारा जीवन के वास्तविक सवालों की अवहेलना करने वाली राजनीति को शिक्षा दी है, अगर वे ग्रहण करने की योग्यता रखते हों।

उत्तर प्रदेश में छह केंद्रीय मंत्रियों का चुनाव हार जाना और कर्णाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना की शर्मनाक पराजय इस बात के द्योतक हैं कि धर्म का सहारा लेकर व्यभिचार का जाल फैलाने वाले आसाराम-रामरहीम से लेकर राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके स्त्रियों की अस्मिता को छिन्न-भिन्न करने वालों या उनके संरक्षकों को जनता ठुकरा रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि भारत की अशिक्षित-दरिद्र जनता का विवेक कितना मूल्यवान है। उसके निर्णय में असंगतियां ऐतिहासिक कारणों से हैं।

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है। दक्षिणपंथी राजनीति और वामपंथी राजनीति के अतिवाद का समाधान जनता बाकी 'मध्यमार्गी' दलों में नहीं देखती। इसके पीछे दो ठोस कारण हैं। एक, जातिवाद और नरम सांप्रदायिकता का उपयोग करते हुए भी कांग्रेस न पूर्णतः जातिवादी या सांप्रदायिक दल है, न संगठन की प्राथमिकता के नाम पर बंगाल जैसी अराजकता या केरल जैसी गुटबाजी में जनहित भूल जाती है। आपस में लड़ते-भिड़ते साथ चलते हुए जनता को सांस लेने लायक परिस्थियां देने का वातावरण संविधान के माध्यम से कांग्रेस ने ही बनाया है। जनतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण जनता का जाग्रत विवेक है, उतना ही महत्वपूर्ण विपक्ष की देशव्यापी मौजूदगी है। दूसरा, इस देशव्यापी मौजूदगी का श्रेय राहुल गांधी की न्याय-यात्राओं को है। देश को समझने के लिए, जनता की की मनोभावना से जुड़ने के लिए गांधी जी के बाद राहुल ने ही ऐसा अभियान चलाया,

इसी से यह संदेश भी निकालता है कि जिस राहुल को सत्ताधारियों ने अरबों रुपये खर्च करके 'पप्पू' बनाया था, उसी को इस चुनाव में 'मोदी बनाम राहुल' बताकर प्रतिष्ठित करने को बाध्य हुए। यह फर्क मीडिया और प्रचारतंत्र की ताकत से जनसंपर्क की ताकत का अंतर स्पष्ट करता है। इसीलिए जनता का विवेक महत्वपूर्ण तो है ही, निर्णायक भी है। इस जनता को मुख्यधारा मीडिया और ट्रोल सेना के बल पर काबू में रखने की कोशिश लगातार की गई। लेकिन जनता ने प्रचार के इन दोनों साधनों को व्यर्थ सिद्ध करते हुए सोशल मीडिया को अधिक अपना और भरोसेमंद माना। केवल पूंजी की शक्ति से चलने वाले निजी चैनलों के सामानांतर छोत्र-छोटे सोशल मीडिया चैनलों ने राहुल की यात्राओं से लेकर सत्ता के अत्याचारों तक हर पहलू से लोगों को अवगत रखा। यही कारण है कि जनता किसी प्रेरित प्रचार की जगह राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों से परिचालित हुई। महंगाई, बेरोज़गारी, गरीबी, किसानों से छल और विषमता उसके लिए वास्तविक चिंताएं थीं, मंदिर और धर्म नहीं। जनता की यह जागरूकता न केवल लोकतंत्र के जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह उसकी सुंदरता भी है।

## सोशल फोरम

# छल की भाषा

> आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ–महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है।

आज से पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था कि छल ही सत्ता और हर फायदे की गंगोत्री है। छल की भाषा का उद्देश्य है ऐसी चीजों को लोगों के विश्वास, अवधारणा या घटना के रूप में स्थापित करना, जिनका यथार्थ आधार न हो। छल की भाषा सम्मोहक होती है। कई दशक पहले 'लकड़सुंघवा' की चर्चा होती थी, अब वह एक विराट संगठन है। छल की भाषा निर्मित करने के लिए झूठ पूरे भावावेग के साथ बोलना होता है और उसे प्रचार की शक्ति चाहिए। लोग प्रदर्शित सब्जबाग में खो जाते हैं, जैसे बच्चे मेले में गुम हो जाते हैं। इसका सबसे विडंबना-भरा रूप तब सामने आता है जब नागरिक सिर्फ उस यथार्थ से ही दूर नहीं कर दिए जाते जो वे वस्तुतः रोज भोग रहे हैं, बल्कि वे अपनी श्रेष्ठ परंपराओं और आधुनिक मूल्यों से भी विच्छिन्न कर दिए जाते हैं। सब खोते-खोते अंत में बची रह जाती हैं कुछ पुरानी खाइयां-कुछ नई जंजीरें!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

छल की भाषा का निर्माण कई तरह से होता है, जिनमें एक है सफाई से तथ्य को विकृत करना। छल की भाषा से अपने को ढका जा सकता है, क्योंकि कोई क्षमतावान व्यक्ति अब अपना वास्तविक चेहरा दिखाना नहीं चाहता। इसलिए वह झूठ को आभासी सच में बदलता रहता है। उसकी भाषा चालाकियों से भरी होती है। कैसी भयावह स्थिति है, प्रचार में जो है वही सच है!

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है। साहित्य का काम है सचाई पर से सभ्यता के कृत्रिम आवरण को हटाना, जबकि साहित्यकार पर इस सभ्यता का भारी दबाव है। उसकी सामाजिक हैसियत नगण्य कर दी गई है। वह बोलता है, पर इतना अंतर्विभाजित है कि अब सुना नहीं जाता।

–फेसबुक वॉल से

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्य रूप से मानव गतिविधियों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम चक्र, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल


आज विश्व की जनसंख्या वृद्धि जिस कारण नाना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा दुरुपयोग और विभिन्न भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए मानव जनित अप्रतिम बुद्धि के तकनीकी/प्रोद्यौगिकी प्रयोगों से न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र के लिए संकट विषय बना है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण का सर्व प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि ही परिलक्षित होता है। यह स्पष्ट भी है न केवल भारत अपितु विश्व में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण या अपघटन, तापमान वृद्धि, प्राकृतिक सम्पदाओं का दोहन आदि जनसंख्या वृद्धि एवं मानव जनित भौतिक सुखों तथा अनैतिक कार्यों का ही परिणाम है।

हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण का द्वितीय सबसे बड़ा कारण स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही अनियंत्रित-अनियोजित- अटिकाऊ भौतिक विकास रहा है। अधिकतर देश की नीतियां/ कार्य छोटे-छोटे लक्ष्यों को देखते हुए बनाई गइ उनके दीर्घकालिक परिणाम नहीं देखे गए। न ही उन अल्पकालिक भौतिक विकास कार्यक्रमों के कोई सशक्त नीतियां बनी। अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रयोग के साथ ही पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान वन-प्राकृतिक संपदाओं के अनैतिक दोहन के कारण होता है। हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या से हजारों सरकारी कार्यालय-भवन बने, देश में हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने, एक्सप्रेस वे बने, रेल मार्ग बने, सुरंग खुदी, राज्य क्षेत्र तथा विधायक-सांसद निधि से सड़कें बनीं लेकिन आज भी प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए देश में ऐसा कानून नहीं बन पाया कि उक्त स्थानों में भौतिक विकास की भेंट चढ़ने वाले पेड़-पौधों के स्थान पर कार्यालयों-भवनों के चारों ओर उतने ही पेड़-पौधे पल्लवित-विकसित किए जाएं, जितने भौतिक सुखेच्छा से काटे गए। पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान वृद्धि मानव के लिए संकट बनती जा रही है।

भारत में पर्यावरण प्रदूषण का तृतीय सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग। बिस्किट,टाफी, खिलौने, कुरकुरे, ओयस, लेस, पानी बोतल आदि बहुत सारी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में केवल प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है और जागरूकता के अभाव में प्लास्टिक रेपर को यत्र-तत्र फेंक देना, उसमें कचरा भरना, उस कचरे का विकृत रूप लेना, नालियों के बंद हो जाने पर विभिन्न विषाणुजनित बीमारी पैदा होना, डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ना,जानवरों के खा देने पर बहुतायत उनको नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति को खत्म करना, प्लास्टिक की गंदगी से जल प्रदूषित होना या नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचकर समुद्री जीवों मछली, शील, कछुये, शार्क सहित कई जीवों के लिए अति घातक है। एक अध्ययन के उपरान्त लगभग 344 समुद्री जीवों की इस प्लास्टिक के उलझाव में आकर मृत्यु हो चुकी है जो बहुत चिंताजनक है। अन्ततः स्पष्ट है कि सरकारों को अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही अब जनसंख्या नियंत्रण, भौतिक विकास में नियंत्रित- नियोजित- टिकाऊ विकास तथा प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के विषय में कठोर नीतियां अविलंब बनानी आवश्यक हैं। साथ ही उनका अनुवीक्षण करना उतना ही जरूरी है इसी से साझा सम्पत्तियों की सुरक्षा, संतुलन और संरक्षण संभव है जो मानव- जीवन और भविष्य के लिए आवश्यक है।

# राजधर्म और धर्मदंड

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव-समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया–जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया-राजानाम्सृजत्प्रभु। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य -स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है की जैसे जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा-स्टेट विल विदरएबे अर्थात लोक का शासन होगा-जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है अथर्ववेद–3/4/2 में कहा गया-त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वमिमाम- हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हे वरण करती है, अर्थात राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। इसी ऋचा में कहा गया है-वि भजा वसूनि-राज्य राजा की सम्पति नहीं होती वल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। ईश्वर ने राजा को कैसे बनाया इस संबंझ में मनुस्मृति-7/4 में बताया गया की-इंद्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के नित्य अंश से ईश्वर ने राजा को बनाया।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति7/14–19 में राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है-राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्नकिया है। देशकाल, शक्ति व, शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए\वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है, ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं।

## एक नजर

### बीएड परीक्षा को लेकर चलाई गई सिटी बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर रविवार को अभ्यर्थियों की बेहतर आवागमन की सुविधा को लेकर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज निगम ने सुबह 6 से रात 10 बजे तक महानगर बस सेवा का संचालन किया। लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन से शहर के कई स्थानों के लिए बसों को चलाया गया। हालांकि परीक्षा केंद्रों के लिए बसें चलाने से सिटी बस को अधिक राजस्व प्राप्त भी हुआ।

### महाराणा प्रताप की जयंती पर पानी व जूस का वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराणा प्रताप की जयंती पर मधुलिका हॉबी क्लासेज ने रायबरेली रोड पर कई स्थानों पर जूस और पानी का वितरण कर लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। रायबरेली रोड स्थित तेलीबाग, वृन्दावन कॉलोनी चौराहा और पीजीआई गेट के पास अनुराग शाह, ज्योत्सना यादव और सतीश साहू आदि ने लोगों के बीच पानी और जूस का वितरण किया। इस मौके पर अनुराग शाह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### इस्कान में शुरू हुआ बच्चों का ग्रीष्मकालीन शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) में 5 से 15 साल की उम्र के बच्चों के समग्र विकास के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर रविवार को शुरू हुआ। शिविर में शामिल होने आये बच्चों से इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास की पत्नी अचिन्त्य रुपिणी ने बच्चों से परिचय किया और उन्हे श्रीकृष्ण के विषय में जानकारी दी। यह शिविर 16 जून तक चलेगा। सुबह 7 बजे से दोपहर 12 .30 बजे तक बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। बच्चों ने यहां मिली शिक्षाओं को हासिल करने के बाद स्वादिष्ट प्रसाद का आनंद लिया। इस्कॉन के जोनल सेकरेट्री देवकी नंदन ने सायंकालीन सत्र में मंदिर आये भक्तों को कथा सुनाई। जिसे सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गये। मन्दिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने सुन्दर कथा के लिए देवकी नंदन का आभार प्रकट किया।

### ट्रांसगोमती में भी ड्रोन रखेगा बिजली चोरों पर नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती में बिजली चोरी रोकने के लिए ड्रोन का सहारा लिया जायेगा। इसके लिए मुख्य अभियंता ने रविवार को उपकेंद्र अधिकारियो को निर्देशित किया है।साथ ही जिन इलाकों में बिजली चोरी ज्यादा हो रही है,उन इलाकों को चिन्हित कर अभियान चलाने के लिए कहा है।मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को हर साल करोड़ो का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही कटिया मारने के दौरान बिजली बाधित और दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती है। बीकेटी,जानकीपुरम,चिनहट ,गोमतीनगर,हसनगंज,इदिरानगर,मडियांव क्षेत्र में बराबर बिजली चोरी की सूचनाएं मिल रही है। अब इन इलाकों मे ड्रोन को उतारकर बिजली चोरो के खिलाफ नकेल कसने का फैसला लिया है। इस अभियान को कई चरणों में किया जायेगा। इसके लिए सभी उपकेंद्र अधिकारियों को प्लान बनाने के निर्देश दे दिए गए है।

# विज्ञान के सवालों व निगेटिव मार्किंग ने किया परेशान

## शहर के 15 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में आयोजित हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 में परीक्षार्थियों को विज्ञान के सवालों ने खूब उलझाया। कई परीक्षार्थियों ने पूछे गए कुछ प्रश्नों को एनसीईआरटी से बाहर का बताया। वहीं निगेटिव मार्किंग भी अलग से बाधा बनी। रविवार को शहर के 15 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में बीएड परीक्षा का आयोजन हुआ। 800 अंकों वाली परीक्षा में 200 प्रश्न 4 नंबर के थे। गलत जवाब की निगेटिव मार्किंग भी थी।

**लविवि से संबद्ध 33 केंद्रों में हुए आयोजन :** इस बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को मिली थी। ऐसे में लखनऊ विवि की ओर से भी पांच जनपदों में 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। लखनऊ के अलावा हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी में परीक्षा के आयोजन हुए। लविवि के रजिस्ट्रार डॉ. वीएन सिंह ने बताया है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सकुशल परीक्षा संपन्न हुई है।

**शहर में 6 हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से स्थापित परीक्षा केंद्रों में सबसे अधिक परीक्षार्थी लखनऊ में 6,054 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर में पहली पाली में 10 हजार 932 शामिल हुए। दूसरी पाली में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 10 हजार 868 रही।



केकेवी से बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 43 डिग्री में जाम और धूप ने किया बेहाल



43 डिग्री के तापमान में काफी संख्या में अभिभावक के साथ परीक्षार्थी भी परेशान दिखे। परीक्षा शुरू होने से पहले ही केंद्रों के बाहर वाहनों की कतारें लग गईं। ऐसे में लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। काफी संख्या में लोग पानी के लिए भी भटकते हुए देखे गए।



अपराजिता सिंह



आशीष यादव



शताक्षी



शिल्पी पाण्डेय

### नंबर कटने का था डर, प्रश्न पत्र हल करने में लगा समय

केकेसी कॉलेज में परीक्षा देने वालों में जौनपुर के आशीष यादव ने बताया कि विज्ञान के सवाल कुछ घुमावदार थे, निगेटिव मार्किंग होने के कारण नंबर कटने का भी डर था, इसलिए हल करने में देर लगी। बहराइच से आईं प्रियांशी कहती हैं कि जो तैयारियां की थी, अधिकतर उसी में से पूछा गया। बस हल करने में थोड़ा समय जरूर लगा। बाराबंकी से आए प्रशांत कुमार का कहना था कि 800 अंकों वाली परीक्षा में 200 प्रश्न चार अंकों के थे, इसलिए इन्हें पहले हल किया। शताश्री कहती हैं कि अंग्रेजी के प्रश्न कुछ कठिन थे। कई प्रश्न ऐसे भी पूछे गए, जो एनसीईआरटी से बाहर के थे। ऐसे में उन्हें समझने में भी देर लग गई। अपराजिता सिंह ने बताया कि प्रत्येक सही उत्तर के 2 अंक थे। वहीं गलत उत्तर पर कुल 2 अंक का 1/3 भाग कटने के डर से सवालों को हल करने में थोड़ा अधिक समय लग गया। शिल्पी पाण्डेय ने परीक्षा बढ़िया होना बताया।

### परीक्षा में आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) का हुआ प्रयोग

बीएड प्रवेश परीक्षा में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया। परीक्षा जिला नोडल अधिकारी डॉ. आरबी सिंह ने बताया है कि बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर एआई का प्रयोग किया। परीक्षा के लिए जो आवेदन पंजीकृत हैं, उनकी फोटो पहले ही डाटा बैंक में हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान वर्तमान फोटो को क्रॉस चेक करने के लिए ये तरीका अपनाया गया। वर्तमान फोटो झांसी स्थित कमांड सेंटर को भेजी गई। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि यदि परीक्षा केंद्र पर आवेदक के स्थान पर कोई और आ गया हो तो कमांड सेंटर पर रेड फ्लैग दिखने लग जाता है और परीक्षा केंद्र पर रीचेकिंग का आदेश कमांड सेंटर से आ जाता है। बताया कि परीक्षा कक्ष में परीक्षक के सक्रिय न होने पर अथवा निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के स्ट्रांग रूम में प्रवेश करने पर भी कमांड सेंटर पर अलार्म बजने की व्यवस्था की गई है।

# जेईई एडवांस : लखनऊ के ईशान, युग और अंशुमान ने साबित की श्रेष्ठता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईआईटी की 10 हजार सीटों के लिए रविवार को जेईई एडवांस-2024 का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शहर के ईशान कृष्ण अग्रवाल ने उम्दा प्रदर्शन दिखाते हुए एआईआर 346वीं रैंक हासिल की। साथ ही अंशुमान मिश्रा को एआईआर 371 और युग शर्मा को एआईआर 606 मिली है। बता दें कि जेईई एडवांस की परीक्षा बीती 26 मई को आयोजित की गई थी।

लखनऊ में 20 से अधिक अभ्यर्थियों ने अच्छी रैंक प्राप्त की है। आरोह राय को 868वीं रैंक, ऋषिता राय को 925वीं रैंक, श्रेयांश चतुर्वेदी को 1103वीं रैंक, अतुल देव को 1249वीं रैंक, सानवी पुरवार को 1605वीं रैंक, शाश्वत वाजपेयी को 1879वीं रैंक, समर सिंह यादव को 1881वीं रैंक और अग्रिम सिंह को 1985वीं रैंक प्राप्त हुई है। जेईई एडवांस-2024 की परीक्षा एक और दो में कुल 1 लाख 80 हजार 200 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें से 48 हजार 248 अभ्यर्थियों ने जेईई एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 7,964 छात्राएं शामिल हैं।

**जोसा काउंसलिंग आज से :** जेईई एडवांस-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद सोमवार को आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश के लिए ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) द्वारा काउंसलिंग शुरू होगी। इसका आयोजन 10 जून से 26 जुलाई के मध्य होगा। काउंसलिंग पांच चरणों में आयोजित की जा रही है।

जोसा काउंसलिंग में 114 इंजीनियरिंग संस्थान सम्मिलित किए गए हैं। इसमें 23 आईआईटी, 31 एनआईटी, 26 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और 34 अन्य तकनीकी संस्थान शामिल हैं। सीट आवंटन का पहला चरण 20 जून को होगा। वहीं पंजीकरण और विकल्प भरने की अंतिम तिथि 18 जून निर्धारित की गई है।

## बोले मेधावी : लक्ष्य बनाएं तभी मिलेगी सफलता

### निरंतर अभ्यास से मिली कामयाबी



ईशान कृष्ण अग्रवाल
रैंक : 346वीं

जेईई एडवांस में 346वीं रैंक हासिल करने वाले ईशान कृष्ण अग्रवाल का कहना है कि निरंतर अभ्यास से सफलता मिलती है। उनके भाई ने भी वर्ष 2020 में जेईई एडवांस उत्तीर्ण किया था। इसी के बाद उन्होंने परीक्षा में शामिल होने का मन बनाया। ईशान के पिता एमपी अग्रवाल आईएएस हैं, साथ ही प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं।

### मॉक टेस्ट देना जरूरी



युग शर्मा
रैंक : 606वीं

युग शर्मा को ऑल इंडिया रैंक में 606वां स्थान मिला है। इनका कहना है कि सफलता प्राप्त करनी है तो पाठ्यक्रम का रिवीजन करने के साथ-साथ मॉक टेस्ट देना जरूरी है। इसके सहारे तमाम सी समस्याओं के हल निकल सकते हैं। कहीं न कहीं इन्हीं सबकी मदद से परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के समय में सुधार होगा और सवालों के हल भी ढूंढे जा सकेंगे। युग शर्मा का कहना है कि उनका लक्ष्य आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग करना है।

### मन को ताजा रखना है तो खेल जरूरी



आरोह राय
रैंक : 868वीं

जेईई एडवांस में 868वीं रैंक लाने वाले आरोह राय ने कहा कि मन तरो-ताजा रखना है तो कोई न कोई खेल जरूर खेलते रहे। इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा। सोशल साइट का कम उपयोग ही बेहतर है। परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट जरूरी है। पुरानी परीक्षाओं में आए प्रश्नों से भी मदद मिलती है।

### एआई अच्छा लेकिन गलत प्रयोग न हो



अंशुमान मिश्रा
रैंक : 371वीं

371वीं रैंक पाने वाले अंशुमान मिश्रा सफलता के लिए पाठ्यक्रमों को दोहराने की बात कहते हैं। उन्होंने बताया कि एआई का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन ये समाज के लिए तभी अच्छा साबित होगा, जब इसका गलत प्रयोग न हो सके। इन्हें मेंस में 99 .99 परसेंटाइल मिले है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता समेत शिक्षकों को दिया।

### श्रेयस रहे हैं जेईई मेन लखनऊ के टॉपर

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन जनवरी परीक्षा 2024 में लखनऊ के छात्र श्रेयस सिंह पालीवाल (99 .96 परसेंटाइल) लखनऊ में सर्वोच्च परसेन्टाइल प्राप्त कर चुके हैं। सानवी पुरवार (99 .93 परसेंटाइल) ने प्राप्त किया, वहीं युग शर्मा (99 .92 परसेंटाइल) स्कोर अर्जित किया। इसके अतिरिक्त श्रेयांश गुप्ता ने 99 .93 और उत्कर्ष अग्रवाल 99 .90 परसेंटाइल हासिल कर चुके हैं।

### सीएमएस के 24 छात्र भी रैंकिंग में शामिल

सीएमएस के जनसंपर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया है कि ऑल इण्डिया रैंक अर्जित करने वालों में सीएमएस के छात्र भी शामिल हैं। इनमें श्रेयांश चतुर्वेदी, तनिष्क सोनकर, गौरव वर्मा, स्वप्निल सिंह, अनिकेश अग्रवाल, मधुरम वत्सल, किंजल सिंह, आदेश विक्रम, रमन वत्सल मिश्रा, पुष्कर अवस्थी, अमोघ अनंत, उमंग वर्मा आदि शामिल हैं।



बोगनविलिया प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्य सम्पत्ति अधिकारी पवन कुमार गंगवार व अन्य। अमृत विचार

# बोगनविलिया महोत्सव में नम्रता विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में बोगनविलिया महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीसीआईडी के महानिदेशक डॉ. सत्य नारायण सबत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सर्वोच्च अंक और उपविजेता को सम्मानित किया गया।

▸▸ महोत्सव में 19 प्रदर्शकों ने 46 प्रविष्टियां की प्रदर्शित

महोत्सव में 19 प्रदर्शकों की ओर से 46 प्रविष्टियां प्रदर्शित की गईं। प्रतियोगिता आठ वर्गों में आयोजित हुई। इस दौरान बोगनविलिया की दो दर्जन से अधिक किस्म बेगम सिकंदर, शुभ्रा, डॉ. बीपी पाल, अर्जुना, अर्चना, मेरी पाल्मर स्पेशल, लॉस बनोस वैरिगेटा, अरुणा आदि को प्रदर्शित किया गया। सर्वोच्च अंक पाने वाली इंदिरा नगर की नम्रता त्रिपाठी रहीं। वहीं ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज उपविजेता रही। इस अवसर पर राज्य संपत्ति अधिकारी पवन कुमार गंगवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**इन्हें मिला पुरस्कार :** प्रथम पुरस्कार डॉ. पूर्णिमा सिंह को मिला। इसके अलावा अनुराग गौतम, प्रांजल गौतम, सौरभ त्रिपाठी, नम्रता त्रिपाठी, लुब्ना अजीज अंसारी को पुरस्कृत किया गया। सर्वोच्च स्थान नम्रता त्रिपाठी को मिला।

### ईद - उल- अजहा पर तैयारियां तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** 17 जून को ईद- उल- अजहा (बकरीद) पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में ईदगाह- मस्जिदों में नमाज व कुर्बानी की तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्रामीण बाजारों में बकरों की बिक्री बढ़ गई है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस बार बकरे कुछ महंगे हैं। मुस्लिम धर्म गुरुओं के मुताबिक ईदगाह व मस्जिदों में ईद-उल- अजहा की नमाज के लिए समय तय कर दिया गया है। कुर्बानी को लेकर बकरों की मंडियांसज गई हैं। खरीद-फरोख्त तेज हो गई हैं।

## लविवि : दमा से बचाव के लिए सिखाए गए आसन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन एवं इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योग साइंसेज के तत्वाधान में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में दमा से बचाव के लिए कौन से आसन और प्राणायाम लाभदायक हैं, इनका अभ्यास प्रतिभागियों को कराया गया।को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि दमा के लिए हस्तउत्तानासन, अर्धकटिचक्रासन, गोमुखआसन, भुजंगासन, सर्पासन उपयोगी हैं। इस अवसर पर सीमा यादव, वसुधा तिवारी, कुमार अजय, आयुष शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



जीत के लिए एक-दूसरे को पीछे छोड़ने की कोशिश करतीं महिला एथलीट। अमृत विचार

## लखनऊ के लड़के और सहारनपुर की लड़कियों ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौथी यूपी स्टेट रग्बी चैंपियनशिन में बालक वर्ग में लखनऊ के लड़कों और सहारनपुर की लड़कियों ने जलवा बिखेरा।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता के सीनियर पुरुष और जूनियर वर्ग, दोनों में लखनऊ की टीम विजेता बनी। इसी तरह से सीनियर महिला और जूनियर वर्ग में सहारनपुर की लड़कियों ने बाजी मारी।

सीनियर पुरुष वर्ग में वाराणसी उपविजेता रही जबकि कासगंज को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। सीनिर महिला वर्ग में लखनऊ की टीम उपविजेता रही। मुज्जफर नगर को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। जूनियर बालिका वर्ग में सीतापुर की टीम उपविजेता बनी। लखनऊ को तीसरा स्थान मिला। जूनियर बालक वर्ग में शामली को दूसरा और सीतापुर को तीसरा स्थान मिला।




यूपी स्टेट रग्बी चैंपियनशिन में विजयी होने वाली सहारनपुर की टीम। अमृत विचार

# प्रिंस और प्रियंका का गोल्डन डबल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुलिस के खिलाड़ियों ने जीते 10 स्वर्ण

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर स्थित साई सेंटर में हुई राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पुलिस के एथलीटों जलवा बिखेरा।

चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रिंस कुमार और प्रियंका सिकरवार ने दोहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की। आज प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में पुलिस के एथलीटों ने 10 स्वर्ण, 11 रजत और छह कांस्य पदक पर कब्जा किया। वाराणसी की प्रियंका सरोज ने भी दो स्वर्ण पदक जीते। लखनऊ की रागिनी सिंह ने दो रजत पदक हासिल किये।

भीषण गर्मी के बावजूद धावकों को उत्साह देखते बना। उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रिंस कुमार ने 1500 मीटर और 5000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीते। वहीं प्रियंका सिकरवार ने 100 और 200 मीटर के स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वाराणसी की प्रियंका सरोज ने 100 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ के स्वर्ण पदक हासिल किये।

उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रिंस और प्रियंका सिकरवार के अलावा पंकज ने 400 मीटर, आशीष कुमार ने डिस्कस थ्रो, हिमांशु यादव ने ट्रिपल जम्प, शिवानी दुबे ने लांग जम्प और ममता पाल ने 10000 मीटर में स्वर्ण पदक हासिल किये। बागपत के लक्ष्य ने 200 मीटर, महेंद्र मौर्या ने 10000 मीटर, आगरा के रोहित कुमार ने 400 मीटर हर्डल, आगरा के ही अनुपम ने 3000 मीटर स्टीपलचेज, प्रयागराज के पवन यादव ने पोलवाल्ट, चंदौली के इमरान ने लांग जम्प, मेरठ के आर्यन त्यागी ने शाटपट, प्रयागराज के मो. शाबान ने हैमर थ्रो, इटावा के नीरज चौरसिया ने 20000 मीटर पैदल में स्वर्ण पदक जीते। महिलाओं में काजल ने 400 मीटर, मुरादाबाद की विनीता गुर्जर ने 1500 मीटर, वाराणसी के रेबी पाल, गौतमबुद्धनगर की कोमल ने 3000 मीटर स्टीपलचेज, रायबरेली की मानसी ने हाई जम्प, रायबरेली की ही अर्चना ने पोलवाल्ट, अमरोहा की सोनम ने ट्रिपल जम्प, प्रयागराज की श्रुति सिंह ने हैमर थ्रो, गाजियाबाद की विशाखा ने जैवलिन थ्रो, इटावा की ममता पाल ने 20 किलोमीटर पैदल चाल के स्वर्ण पदक जीते।

### बलरामपुर अस्पताल में दूर होगा पानी संकट, नई बोरिंग लिए मिला बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में जल्द ही पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी। अस्पताल में नई बोरिंग लगाने लिए शासन से करीब चार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया गया है। आचार संहिता की वजह से टेंडर प्रक्रिया नहीं हो पा रही थी।

पुरानी बोरिंग आए दिन खराब हो जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने जलकल से टैंकर मंगाकर किसी तरह पानी की आपूर्ति कराई थी। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया कराकर इसी माह काम शुरू कराया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश को हरा कर फाइनल में पहुंचा पं . बंगाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैंट के दिलकुशा फुटबॉल मैदान पर खेली जा रही प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 आयु वर्ग में पं. बंगाल ने फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में पं. बंगाल ने उत्तर प्रदेश को 2-0 से हराया। पं. बंगाल की ओर से रोहनदास और किश्नुसरकार न गोल किए।

दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड का मुकाबला मध्य प्रदेश से होगा। बालक अंडर-14 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश और पं. बंगाल की टीमें आमने-सामने होंगी। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड का मुकाबला उत्तर प्रदेश से होगा।

आज अंडर-17 बालक वर्ग में झारखंड और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया मुकाबला बराबरी पर छूटा। दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर कई हमले किए लेकिन सफलता किसी को नहीं मिली। दोनों टीमों के गोलकीपर सभी को हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। इसी आयु वर्ग के एक अन्य मुकाबले में पं. बंगाल ने मध्य प्रदेश को 2-0 से हराया। पं. बंगाल की ओर से अंकुश ने शानदार खेल दिखाया और 9वें और 21वें मिनट में गोल किए और जीत दर्ज की। मैच के दौरान मध्य प्रदेश ने कई बार रणनीति बदली लेकिन कोई खास फायदा नहीं मिला।



फुटबॉल पर कब्जा करने का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

▸▸ अंडर- 14 बालक वर्ग में झारखंड का उत्तर प्रदेश से होगा मुकाबला

बालक अंडर-14 आयु वर्ग में आज के मुकाबले में झारखंड ने पं बंगाल को 4-1 से हराया। अंशू ने 3 और आकाश ने एक गोल किया। पराजित टीम की ओर से सूर्यदीप ने एक गोल किया। इसी आयु वर्ग के एक अन्य लीग मैच में मध्य प्रदेश ने झाखंड को 1-0 से शिकस्त दी। विजयी टीम की ओर से जतिन सिन्हा ने 17वें मिनट में गोल किया।

## एक नजर

### पेड़ में गमछे के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र में रविवार को शारदा नहर के किनारे एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, रविवार देर शाम जनपद सीतापुर के थाना महोली अंतर्गत ग्राम डूडावल निवासी लक्ष्मण प्रसाद रावत (32) का शव क्षेत्र के ग्राम भलिया के पास शीशम के पेड़ में गमछे के फंदे से लटका मिला। पूछताछ में पता चला कि लक्ष्मण, भलिया गांव निवासी लाल सिंह के यहां जानवरों की देखभाल करता था। शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

### नशे में मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, बीकेटी :** सैरपुर क्षेत्र में ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने वाले मजदूर ने शराब के नशे में झोपड़ी में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, छतीसगढ़ के पथरला गांव निवासी देवेंद्र (40) सैरपुर थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव स्थित मिलन भट्ठा पर परिवार के साथ ईंट पथाई का काम करते थे। शनिवार रात करीब आठ बजे भाई सदानंद ने पुलिस को सूचना दी। बताया कि देवेंद्र मुबारकपुर गांव में शराब पीने गया था। नशे में धुत होने के कारण वह देवेंद्र को झोपड़ी में छोड़कर चले गए थे। रात करीब आठ बजे देवेंद्र ने झोपड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के कटी बगिया, सराय शहजादी निवासी निखत परवीन ने ससुरालवालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। बताया कि उन्नाव के अचलगंज स्थित चिकवादी टोला निवासी अकील कुरैशी से उसकी 10 वर्ष पहले शादी हुई थी। आरोप है कि पीड़िता के लिए अलग घर बनवाने का झांसा देकर दहेज में 10 लाख रुपये की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर गला दबाकर मारने की कोशिश की। आरोप लगाया कि उसने पति के अन्य महिला से संबंध हैं। इसका विरोध करने पर पीड़िता को उसके भाई के घर जबरन भेज दिया गया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।

### शोक सभा में कर्मचारी नेता को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी नेता अशोक गोयल के 30 मई को आकस्मिक निधन पर रविवार को सुबह 11 बजे मार्ग प्रकाश विभाग बालाकदर रोड पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सर्वसम्मति से अमरनाथ को कार्यवाहक प्रांतीय महामंत्री बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। शोक सभा में प्रांतीय अध्यक्ष ललित त्यागी, संरक्षक सुभाष शर्मा, उप महामंत्री चौब सिंह, संगठन मंत्री विनोद त्यागी, सहायक मंत्री अरविंद त्यागी, संरक्षक रामचरन अहिरवार, उपाध्यक्ष संजय पाठक, उप महामंत्री कृष्ण कुमार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आजीविका के लिए बैंक खाते तक नहीं खुल पाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में महिलाओं को ऋण तो दूर की बात बैंक खाते तक नहीं खुल सके। जो समूह बने उन्हें चलाने के लिए फंड नहीं मिला है। इससे वर्ष 2023-24 में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का मिशन अधूरा रहा। प्रगति इतनी खराब रही कि 2,790 के सापेक्ष पूरे वर्ष 1,010 स्वयं सहायता समूह बन पाए, जबकि समूह सदस्य 62,807 में 21,074 बनाईं गईं। इसके अलावा 649 ग्राम संगठन में 36 ही बन पाए। इन्हें फंड नहीं मिला। इसी तरह संकुल स्तरीय संघ के लिए स्टार्टअप वितरण शून्य रहा। पूरे वर्ष लेनदेन करने के लिए 2,151 बैंक खाता स्वयं सहायता समूह को खोलने का लक्ष्य मिला था। इसमें 208 ही बैंक खाते खोले गए।

# वीडियो में बोला रजनीश-ये लोग थाने बुला रहे हैं, मुझे पता है कुत्ते की तरह पीटेंगे...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


रजनीश रावत (फाइल फोटो)

▸▸ फेसबुक पर वायरल वीडियो से सामने आई मृतिकार के उत्पीड़न की दर्दनाक दास्तां

**अमृत विचार:** ये लोग मुझे थाने बुला रहे हैं, मुझे पता है कि कुत्ते की तरह पीटेंगे, मेरे सुसाइड करने का कारण रामू, उनकी पत्नी और उनके जानने वाले हैं। मैं बहुत थक गया हूं, कोई मेरी मदद नहीं कर रहा है, मार भी खायी है...यह गंभीर आरोप ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी रजनीश रावत की फेसबुक आइडी पर शेयर वीडियो में उसके द्वारा लगाये जा रहे हैं।

वीडियो 5 मिनट और 23 सेकेंड का है। वीडियो की शुरुआत में रजनीश रावत बोल रहा है कि कुलदीप नाम के व्यक्ति से बात हुई है, मेरे पिताश्री को चौकी में बंद कर दिया है। रामू के पुलिस वाले जानने वाले हैं। रामू के यहां चार माह से काम कर रहा था। पचासों हजार रुपये का काम किया है। मेरा पैसा मार दिया, मुझे मरवाया भी...। मैं बहुत अधिक परेशान हो चुका हूं। जहां काम करता था हुसैन बाड़ी बरौरा रामू नाम है उनका। मेरे पिता को छोड़ नहीं रहे हैं। कांस्टेबल मेरे घर वालों से अभद्रता से बात कर रहे हैं। मैं बहुत थक गया हूं, मार भी खायी मैने, लेकिन मेरी कोई मदद नहीं हो पा रही है। रोज-रोज की जिंदगी से छुटकारा ही ठीक है। मेरी मौत की जिम्मेदारी रामू, उसकी पत्नी व पुलिसकर्मी की होगी। बहुत परेशान किया नींद हराम हो गयी। काम नहीं कर पा रहा हूं, आंखें खराब हो गई हैं। इतना कर्जा हो गया है पूछो मत।

मुंह से पुडिया फाड़ते हुये सूरज नाम के युवक को काल कर कागज पर जहरीला पदार्थ डालता है। मुझे पता है कि मैं जाऊंगा तो ये लोग मुझे कुत्तों की तरह पीटेंगे। इनके यहां कोई कारीगर काम नहीं करता था। मैं ही सारा काम करता था। मेरा 25 हजार रुपये से कम नहीं निकलेगा। मेरे सुसाइड करने का कारण रामू, उसकी पत्नी और उनके जानने वाले पुलिसकर्मी हैं। जो कुलदीप दरोगा का नाम लेते थे, मैने उनको देखा नहीं है। नंबर रिकार्डिंग में पड़ा है। मैने शासन स्तर पर शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसलिये जिंदगीर समाप्त कर रहा हूं, बोलने के बाद रजनीश रावत कागज पर रखी कोई सामग्री मुंह में डाल लेता है। यह सारी बातें रजनीश रावत अपनी फेसबुक आईडी पर शेयर किये गये वीडियो में बोल रहा है।

### बहन और पत्नी ने भी लगाए गंभीर आरोप

रजनीश की बहन का कहना है कि मेरे भाई का मालिक पैसे के लिए परेशान कर रहा था। रामू का साला कुलदीप पुलिस में कांस्टेबल है। वह हमेशा धमकी देता था, जिससे मेरा भाई परेशान था। जब उससे पैसे मांगने गया तो उसके साथ मारपीट की गई थी। रजनीश की पत्नी पूजा ने बताया कि मेरे पति का ही पैसा रामू को देना था, लेकिन उसने पति पर उल्टा केस दर्ज करा दिया था। मेरे पति का पैसा भी नहीं दिया, उल्टा रामू और उसकी पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी से उन्होंने जान दे दी। मरने से पहले हमें भी कुछ नहीं बताया।


परिजन के साथ रजनीश की पत्नी पूजा। अमृत विचार

# कैंचीधाम जा रहे लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर की शाहजहांपुर में मौत, छह साथी घायल

## लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर अटसलिया गांव के पास लोडर से टकराई बोलेरो

संवाददाता, लखनऊ/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के कैंचीधाम (भवाली) जा रहे गोमतीनगर के भरवारा विज्ञानखंड निवासी प्रापर्टी डीलर देव नारायण यादव की शनिवार देर रात डेढ़ बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। उनके साथ मौजूद छह लोग गंभीर घायल हो गये। स्थानीय पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां से सभी को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

मित्र उमेश ने बताया कि देव नारायण प्रापर्टी का काम करते थे। शनिवार रात छह दोस्तों के साथ बोलेरो से रवाना हुए थे। स्थानीय पुलिस ने बताया कि लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अटसलिया गांव के पास बोलेरो सामने से आये लोडर से टकरा गई। हादसे में देवनारायण की मौत हो गई।

इसके अलावा उनके दोस्त अभिषेक, सिद्धार्थ, लालू समेत छह लोग घायल हो गये। जिन्हें राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। रविवार सुबह अभिषेक की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। उमेश ने बताया कि अन्य सभी अपने-अपने स्तर पर इलाज करवा रहे हैं। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

**मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम :** उमेश ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटे है। घर में अकेले कमाने वाले थे। वहीं हादसे की खबर मिलते ही सभी रिश्तेदार परिवार के हिम्मत देने के लिए पहुंचने लगे। इसके बाद देर शाम उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### मलिहाबाद में वाहन की टक्कर से दंपति घायल, बच्चे की मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : पत्नी के साथ ससुराल जा रहे बाइक सवार दंपति व बेटे को तेज रफ्तार वैन ने टक्कर मार दी ।हादसे में तीनों घायल हो गए। गंभीर घायल बेटे को परिजन लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। रहीमाबाद थाना अंतर्गत कटरा थाना औरास उन्नाव निवासी रवि अपनी पत्नी रेनू और 3 वर्षीय बेटे रौनक बाइक से ससुराल ग्राम गनेशपुर महमूदाबाद सीतापुर जा रहे थे। रास्ते में रहीमाबाद-माल रोड पर ससपन गांव के पास मोड पर सामने से आई तेज रफ्तार वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गिरकर दंपति और बेटा घायल हो गए। राहगीरों ने उठाया दंपति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि गंभीर हालत में बेटे को परिजन लखनऊ के अस्पताल ले जा रहे थे। उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। एसओ अनुभव सिंह ने बताया पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। आरोपी वैन चालक की तलाश की जा रही है।

## पिकअप ने मारी दंपति को टक्कर महिला की मौत, पति समेत 4 घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज क्षेत्र में रविवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया जबकि पति समेत चारों घायलों का इलाज चल रहा है।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, सुनीता मूल रूप से फैजुल्लागंज की रहने वाली थीं। रविवार सुबह छह बजे पति सुनील कुमार के साथ बाइक से फैजुल्लागंज जा रही थी। कबीरपुर गांव के पास मंडी से आलू लेकर आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने सुनील की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुनीता की मौत हो गई। वहीं सुनील और पिकअप सवार सदरपुर निवासी रमेश, फकीरे और गोसाईंगंज निवासी मुनमुन घायल हो गए। सुनील को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। चालक पिकअप छोड़ कर मौके से भाग गया।

## ससुराल में दुष्कर्म की कोशिश, 7 के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शादी के दो दिन बाद ही विवाहिता से उसकी ससुराल में तीन लोगों ने ससुराल वालों की शह पर दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर पड़ोसी आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने छह महीने बाद सास-ससुर, पति और ननद समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला तालकटोरा थानाक्षेत्र का है। पीड़िता की शादी 24 नवंबर 2023 को हुई थी। आरोप है कि शादी के दो दिन बाद रात में वह कमरे में बैठी थी। इस दौरान पति, सास, ससुर और ननद तीन अज्ञात लोगों के साथ शराब पी रहे थे। नशे में धुत होने पर तीनों अज्ञात उसके कमरे में घुस कर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर ससुरालवाले चुप रहने की धमकी देने लगे। इसके बाद तीनों अज्ञात ने उनके सामने ही दुष्कर्म की कोशिश की।

शोर मचाने पर पड़ोसी घरों से निकल आये तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। तालकटोरा थाना प्रभारी कैलाश चंद दुबे ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी और अज्ञात लोगों का पता लगाया जाएगा।

## निर्माण का विरोध करने पर मारपीट, चार घायल

संवाददाता, बीकेटी

▸▸ कोर्ट से स्टे मिलने के बाद भी निर्माण कराने का लगाया आरोप एक की हालत गंभीर

**अमृत विचार :** भूमि विवाद में स्टे के बाद भी निर्माण करा रहे लोगों ने विरोध करने पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए। इनमें से एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है।

महिंगवा थाना क्षेत्र के राजा सुलेमपुर गांव निवासी द्वारिका प्रसाद के मुताबिक, भूमि विवाद में कोर्ट ने स्टे दे दिया था। विवादित भूमि पर विपक्षी अमित, अरुण, आनन्द, विजय व प्रमोद रविवार सुबह निर्माण कार्य कर रहे थे। द्वारिका प्रसाद अपने भतीजे व लड़कों के साथ मौके पर पहुंचे। निर्माण कार्य का विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें वरुण, संदीप, दुर्गेश व राजेंद्र घायल हो गए। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को शाढ़ामऊ स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से घायल वरुण को लखनऊ रेफर किया गया । प्रभारी निरीक्षक शिव मंगल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच की जा रही है।

### ऑटो चलाना है तो देना पड़ेगा हफ्ता

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में ऑटो चालक से हफ्ता वूसली का मामला सामने आया है। विरोध करने पर हफ्ता वसूली करने वालों ने एक ऑटो चालक को पीट दिया। पीड़ित ने आरोपियों से जान माल का खतरा बताते हुये पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह के मुताबिक, ट्रैफिक लाइन सदर निवासी प्रदीप कुमार अवध नगर से तेलीबाग तक ऑटो चला कर परिवार का भरण पोषण करता है। 6 जून को ऑटो में बैठा था। इसी दौरान धरम और सर्वेश पहुंचे और बिना वजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात घूसों से पीटते हुए कहा कि ऑटो चलाना है तो हफ्ता देना पड़ेगा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर ने बताया दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## सिर पर मारा सरिया, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मामूली बात पर पड़ोसियों ने दुकानदार के साथ मारपीट की।इस दौरान सिर पर सरिया लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र का है जहां मलेशियामऊ निवासी मो. आरिब के भाई के साथ उनके पड़ोसी पड़ोसी मुन्ना, रफीक, जाहिद और रजी ने शनिवार को गाली-गलौज की।विरोध पर उन्होंने भूरे का जमकर पीटा। इस दौरान सरिया सिर लगने से भूरे मरणासन्न हो गया। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। भूरे को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भेजा गया। इंस्पेक्टर धीर कुमार अवस्थी ने बताया चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रबंध नगर टाउनशिप में मुआवजे का पेंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ किसान मांग रहे दो करोड़, एलडीए का 72 लाख बीघा का रेट ठुकराया

**अमृत विचार :** प्रबंध नगर टाउनशिप पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की किसानों से बात बनती नहीं दिख रही है। एलडीए ने सर्किल रेट से बढ़कर 72 लाख रुपये प्रति बीघा मुआवजा देने का प्रस्ताव रखा जिसे किसानों ने ठुकरा दिया। किसान अब दो करोड़ रुपये बीघा की मांग पर अड़ गए हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आईआईएम रोड स्थित प्रबंध नगर टाउनशिप विकसित करने की फिर से पहल की है। जो योजना से प्रभावित किसानों को सर्किल रेट बढ़ाकर प्रति बीघा 72 लाख रुपये तक मुआवजा देगा। ऐसा प्रस्ताव शुक्रवार को एलडीए में किसान संगठनों के बीच हुई बैठक में रखा गया है, लेकिन जमीन के दाम इससे कई गुना होने की वजह से किसान इस प्रस्ताव से तैयार नहीं है। भारतीय किसान यूनियन अवध के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि यह प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन किसान इसमें तैयार नहीं है। सभी की मांग दो करोड़ रुपये बीघा मुआवजा देने की है।

### जमीन अधिग्रहित लेकिन, मुआवजा नहीं

एलडीए ने 2007 में प्रबंध नगर योजना के लिए ग्राम घैला, अल्लू नगर डिगुरिया, ककौली, दाउद नगर व गाजीपुर की करीब 1,300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। इस योजना में दो हजार से अधिक किसान प्रभावित हैं। जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है और बराबर मांग रहे हैं। इनके विरोध के आगे योजना विकसित नहीं हो पा रही है। एलडीए कुछ हिस्से आवासीय निर्माण कर पाया है।

## अमौसी एयरपोर्ट से गायब लगेज चार माह बाद भी नहीं मिला

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सऊदी अरब से 4 माह पहले फ्लाइट से लखनऊ लौटी महिला का लगेज अब तक नहीं मिला है। उसने रविवार को सरोजनीनगर थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है।

मूलतः हरदोई जिले के सराय थोक पूर्वी निवासी साहिला बेगम वर्तमान में रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जिंदौर में रहती हैं। उन्होंने बताया 26 जनवरी को सऊदी अरब से फ्लाइट (एक्स वाई 896) से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचीं थी। जहां उन्हें लगेज नहीं मिला। उन्होंने एयरलाइंस अधिकारियों से संपर्क किया तो बताया गया कि लगेज सऊदी में छूट गया है। जल्द ही उसके पते पर पहुंचा दिया जाएगा। पीड़िता का कहना है कि कई बार संपर्क करने के बावजूद लगेज नहीं पहुंचाया गया। पूछने पर एयरलाइंस के अधिकारी उसके साथ टालमटोल कर रहे हैं। कोई सही जवाब नहीं दे रहा है।

# दो घरों से लाखों के जेवर चोरी

## सैरपुर और गाजीपुर थाना क्षेत्र में दो घरों को बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चोरों ने गाजीपुर व सैरपुर में दो घरों को निशाना बनाया। दो किलो चांदी के गहने समेत लाखों के सोने के गहने और अन्य सामान पार कर दिया।

गाजीपुर क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है। इंदिरानगर ब्लॉक-ए निवासी विवेक पांडेय ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह लेखराज में किराये का कमरा लेकर दो साथियों के साथ रहता है। 5 जून की रात चोर मोबाइल, लैपटाप, चार्जर, 3 अंगूठी, 8000 रुपये नगद चुरा ले गये। अगले दिन सुबह चोरी का पता चला। इसक बाद आवास के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले गये। जिसमें आरोपी कमरे में रखा बैग ले जाते दिखा। इंस्पेक्टर ने बताया चोरी का मामला दर्ज किया है। फुटेज में दिखे आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उधर, सैरपुर के नरहरपुर निवासी सुनील कुमार अवस्थी ने पुलिस को बताया 7 जून को सुबह 10 बजे घर में ताला बंद कर किसी काम से बाहर गये थे। दोपहर तीन बजे लौटे तो मेन गेट, कमरों व अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर एक जोड़ी झुमकी, दो जोड़ी झाला, मांग टीका, 3 जोड़ी टाप्स, दो जोड़ी पाजेव व करधन वजन करीब दो किलोग्राम, चार जोड़ी पायल और 10 हजार रुपये नगद चुरा ले गये। इंस्पेक्टर ने बताया चोरी का मामला दर्ज किया है।

### चोरों ने 16 अंगूठी व तीन चेन समेत लाखों के गहने पार किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। मेन गेट, कमरों व अलमारियों को ताले तोड़ कर 16 सोने की अंगूठी समेत लाखों के गहने और 15 हजार की नगदी समेट ले गये। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र के राजनगर निवासी सौरभ कुमार गुप्ता 13 मई को मकान में ताला डाल कर परिवार के साथ पैतृक गांव गए थे। 5 जून को लौटे तो मेन गेट, दो कमरों और अंदर रखी अलमारियों के ताले टूटे मिले। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सौरभ के मुताबिक चोर दो अलमारियों में रखे 15 हजार रुपये नगदी के अलावा सोने की 16 अंगूठी, दो नेकलेस , 3 चेन , 5 जोड़ी पायजेब , एक पसमीना, एक जोड़ी झुमकी, एक नथिया, चार करधन, चार चूड़ी, एक मांग टीका ले गए हैं। बाकी का सारा सामान सुरक्षित मिला है। इंस्पेक्टर ने बताया फोरेंसिक टीम से साक्ष्य इकत्रित कराए जाएंगे। घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### माइक्रोस्कोप चोरी करते पकड़ा गया आरोपी

**अमृत विचार :** हुसैनगंज स्थित एक विद्यालय में जीव विज्ञाव और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला से सात माइक्रोस्कोप और नल की टोटियां चुराते एक आरोपी को पकड़ा गया है। वह नशे की हालात में था। शनिवार दोपहर नशे की हालत में एक आरोपी चोरी करने पहुंचा था। प्रयोगशाला प्रभारी ने बताया कि कई अन्य वस्तुएं भी गायब हुई हैं।

# कर्बला हर कदम पर सिखाने का काम करती है : शहंशाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दरे हुसैन पे मिलते हैं ख्याल के लोग, ये दोस्ता का वसीला है दुश्मनी का नहीं। जिक्र-ए-कर्बला उस मुकाम का नाम है जहां एक इंसान का दूसरे इंसान के साथ भाई का ही रिश्ता हो। वो हिन्दू हो या ईसाई हमारा भाई ही होता है।

यह बात पाकिस्तान से आये मौलाना अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी ने ऐतिहासिक आसिफी इमामबाड़े में मजलिस को संबोधित करते हुए कहीं। वो यहां आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर की बरसी की मजलिस को संबोधित कर रहे थे। खचाखच भरे इमामबाड़े में अल्लामा शहंशाह हुसैन ने कहा कि लखनऊ की अजादारी की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। पाकिस्तान में भी लखनऊ के मोहर्रम का जिक्र हर जबान पर रहता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में मजलिस पढ़ रहा हूं तो यह कहना जरूरी समझता हूं कि धर्म के नाम पर बच्चों को गुमराह करना अच्छी बात नहीं है लेकिन बच्चे को हर हकीकत जाननी चाहिए यह भी पता होना चाहिए।

मौलाना ने कहा कि कर्बला इंसान को जिहालत से निकालने का काम करती है। कर्बला हर कदम पर सिखाने का काम करती है। अपनी, अपने बच्चों की, दोस्तों और रिश्तेदारों की जिंदगियां कुर्बान कर दीं लेकिन यजीद की गलत बातों को सही कहने से इनकार कर दिया। इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन इस्लाम की तस्वीर नहीं बिगड़ने दी।

बाद में मौलाना ने कर्बला के मैदान में हजरत कासिम, हजरत अब्बास, हजरत अली अकबर और हजरत अली असगर की शहादत बयान की तो लोग फूट-फूट कर रो पड़े। मजलिस में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम किए थे। इमामबाड़े जाने वाले रास्ते को वाहनों के लिए बंद कर दिया था। मजलिस शुरू होने से एक घन्टा पहले से आसपास की सड़कें बुरी तरह से जाम हो गई थीं और वाहन रेंग रहे थे।



आसिफी इमामबाड़े में मजलिस को संबोधित करते मौलाना अल्लामा शहंशाह हुसैन। अमृत विचार

# गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर नाका गुरुद्वारे में सजा दीवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आयोजन के पहले दिन कीर्तन गायन और नाम सिमरन को सुनकर लोग हुए मुग्ध

**अमृत विचार :** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव के 418वें शहीदी दिवस को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया जा रहा है। रविवार की शाम को रहिरास साहिब के पाठ से शुरू हुआ दीवान सोमवार की सुबह भी सजाया जाएगा। गुरु अर्जुन देव को शहीदों का सरताज माना जाता है। वह गुरु ग्रंथ साहिब के सम्पादक भी हैं।

रविवार की शाम को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में रहिरास साहिब के पाठ से दीवान शुरू हुआ। रागी जत्था राजिंदर सिंह ने कीर्तन गायन और नाम सिमरन के जरिये संगत को मुग्ध कर दिया। दरबार साहिब अमृतसर के पूर्व प्रचारक ज्ञानी मानसिंह ने गुरु अर्जुन देव की जीवनी और शहादत पर अपने विचार व्यक्त किए।

पटियाला वाले रागी प्रिंस पाल सिंह ने शबद कीर्तन "उनां नूं सभ जगतु करे नमस्कार" को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दशमेश सेवा सोसायटी के सदस्यों ने गुरु के लंगर का इंतजाम किया।

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि 10 जून को सुबह 5 बजे से दोपहर 3 बजे तक शहीदी दिवस पर दीवान सजेगा। इस शहीदी समागम में 5,000 लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है।


गुरु अर्जुन देव के 418वें शहीदी दिवस पर नाका स्थित गुरुद्वारे में सजा दीवान।



तीसरी बार मोदी के शपथ लेने की खुशी में आतिशबाजी करते व्यापारी। अमृत विचार

# सरकार बनते ही पटाखों की रोशनी से नहा उठे बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मोदी सरकार के शपथ लेने के साथ ही राजधानी में देर शाम व्यापारियों ने पटाखे छुड़ाए और मिष्ठान वितरित कर सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी।

राजधानी के विभिन्न संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद राजनाथ सिंह की हैट्रिक पर हर्ष व्यक्त किया। आतिशबाजी के साथ ही मिष्ठान वितरण का सिलसिला देर शाम तक चला। हजरतगंज में रॉयल कैफे के चेयरमैन मुरलीधर अहुजा और पूर्व भाजपा पार्षद साकेत शर्मा ने 51 किलो लड्डू वितरित किए।



हनुमान मंदिर पर लड्डू बांटते मुरलीधर अहुजा, साकेत शर्मा व अन्य। अमृत विचार

यहियागंज अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, आतिशबाजी एसोसिएशन के सतीश मिश्र, युवा अध्यक्ष कुश मिश्र, सोनू जायसवाल समेत तमाम ने आतिशबाजी छुड़ाकर पीएम नरेंद्र मोदी और सांसद राजनाथ सिंह को सरकार की तीसरी पारी के लिए बधाई दी। श्री सिद्धनाथ मन्दिर पर आतिशबाजी की गई। अमीनाबाद में लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष प्रभू जालान, अनिल बजाज, विनोद अग्रवाल, जितेंद्र सिंह चौहान आदि ने मिष्ठान वितरित कर हर्ष जताया। पांडेयगंज अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बाजार में लड्डू वितरण करा सरकार के तीसरे कार्यकाल की अग्रिम शुभकामनाएं भेजीं। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह जी के मंत्री पद की शपथ लेने पर हर्ष व्यक्त किया। इंदिरानगर में देवेंद्र गुप्ता, उत्तम कपूर आदि ने बधाई देकर नई सरकार का स्वागत किया। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पाक पर भारत की जीत पर ढोल की थाप पर झूमे क्रिकेट प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान पर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर उतर आए। तिरंगे लहरा कर वंदे मातरम और भारत माता के जयकारे लगाते हुए ढोल की थाप पर जमकर थिरके। आतिबाजी की और मिठाई भी बांटी। कई क्षेत्रों में युवाओं ने बाइक रैली निकाली।

राजाजीपुरम हो या आलमबाग भारतीय टीम के जीतने के बाद लखनऊ के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। भारत ने जैसे ही पाकिस्तान को हराया, वैसे ही शहर भर के विभिन्न इलाकों में उत्साहित क्रिकेट प्रेमी अपने साथियों के साथ सड़कों पर निकल पड़े। भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट- रोहित शर्मा के जयकारों का शोर गूंज उठा। ढोल की आवाज के साथ लहराते तिरंगे देख कर हर कोई उत्साहित दिखा।

गोमती नगर में लोगों ने भारत की जीत पर जमकर आतिशबाजी की। हवा में लहराते हुए रॉकेट ने आकाश में पहुंच कर सतरंगी रोशनी बिखेरी। इंदिरा नगर के साथ अलीगंज और डालीगंज में भी क्रिकेट प्रेमी जीत के जश्न में डूबे नजर आए।

## एक नजर

### स्कूटी बाइक में टक्कर, महिला से मारपीट का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** निलमथा क्षेत्र में स्कूटी व बाइक में टक्कर के बाद महिला से मार पीट का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र ने बताया कि कृष्णानगर निवासी गिरीश कुमार और उनकी पत्नी प्रीति सफाई कर्मी हैं। दोनों लोग शनिवार शाम निलमथा रिश्तेदार के घर आ रहे थे। सेक्टर-छह पेट्रोल पम्प के पास गिरीश की बाइक सामने से आ रही स्कूटी टकरा गई। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। यह जानकारी जांच में सामने आई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों ने अभी तक प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है। बताया शिकायत पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### निवेशक ने दर्ज कराई सहारा इंडिया कोऑपरेटिव पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज कोतवाली में सहारा इण्डिया कोऑपरेटिव के खिलाफ निवेशक ने 13 लाख 50 हजार हड़पने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में गोमतीनगर विशेषखंड निवासी धीरज अग्रवाल ने बताया वर्ष 2017 से वह सहारा कोऑपरेटिव में निवेश कर रहे हैं। अभी तक करीब 13 लाख 50 हजार रुपये जमा कर चुके हैं। लेकिन निवेश की मूल रकम और मुनाफा नहीं दिया। अलीगंज कपूरथला स्थित सहारा के दफ्तर पहुंच कर पूछताछ पर हर बार टाल मटोल की गई। कर्मचारियों ने बताया कि सेबी में मामला पेंडिंग है। इस कारण रुपये नहीं मिल सकते। धीरज ने सहारा इण्डिया निदेशक, कर्मचारियों के खिलाफ अलीगंज कोतवाली में अमानत में खयान और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

### 15 तक पूर्ण कराएं कार्य, वर्ना कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के कार्य 15 जून तक पूर्ण करें। जो बजट दोबारा मिला है वह तय समय पर खर्च करें। वर्ना कार्रवाई करेंगे। यह चेतावनी रविवार को जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग करके सचिवों को दी। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में वर्ष 2023-24 के वर्मी कंपोस्ट, आरआरसी सेंटर, नाडेफ, सोखपिट आदि कार्य और भुगतान की समीक्षा की। इस दौरान बजट होते हुए भी कार्य अधूरे मिले और भुगतान भी न करना पाया है। चेतावनी दी कि सभी कार्य 15 जून तक पूर्ण करके बजट हरहाल में खर्च करें। नहीं तो कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि करीब 70 लाख रुपये पिछले वर्ष नवंबर में मिले थे। जो खर्च न होने पर वर्ष समाप्त होने पर वापस हो गए थे और इस वर्ष अप्रैल में दोबारा मिले थे।

# चिनहट में दुकान पर देशी बम से हमला, मचा हड़कंप

## रात करीब 11 बजे की घटना, जांच में जुटी पुलिस, पूछताछ जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट क्षेत्र में रात करीब 11 बजे देशी बम से एक दुकान पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने देशी बम से हमला किये जाने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



धमाके के बाद दुकान के बाहर जुटे लोग। अमृत विचार

इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, थाना अंतर्गत बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी मोनिस ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया रात करीब 11 बजे वह घर पर था। इस दौरान मोहल्लावालों से पता चला कि मल्हौर रोड स्थित गारमेंट की दुकान पर कुछ लोगों ने देशी बम फेंक दिया है। उसने आनन-फानन डायल 112 पर काल की सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंची हमलावर भाग चुके थे। बताया कि दुकान के आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि हमलवर उसे व उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। मोनिस ने पड़ोसी की दुकान पर भी देशी बम से हमला करने का आरोप लगाया है। बताया बगल की दुकान इलेक्ट्रिक की है। उसके ऊपर परिवार भी रहता है। बताया कि देशी बम के हमले से दुकान में आग लगने की आशंका है। बताया कि दुकान के ऊपर रहने वाला परिवार काफी भयभीत है। मोनिस ने आरोपियों से जान माल को खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर ने बताया मामला संज्ञान में आया है। घटना स्थल की जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# हारे प्रत्याशी की पार्टी में सक्रिय भूमिका रहेगी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव से रविवार को पार्टी मुख्यालय में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, समर्थकों, विभिन्न वर्गों के लोगों ने मिलकर जीत की बधाई दी। अखिलेश यादव ने कहा, जो जीते हैं वे तो बधाई के पात्र है पर ऐसे सांसद प्रत्याशी भी है जो हारे नहीं हराए गए हैं, उनकी भी सक्रिय भूमिका रहेगी।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जो सार्थक और सकारात्मक परिवर्तन आया है, उससे देश की राजनीति भी बिना प्रभावित हुए नहीं रहेगी। पीडीए की कुशल रणनीति के चलते एनडीए गठबंधन को शिकस्त मिली। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा की ऐतिहासिक जीत के पीछे ऐसे असंख्य लोग हृदय से धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने सक्रिय रहकर चुनाव के कुशलता से सम्पन्न कराने और सार्थक परिणाम तक पहुंचाने का काम किया। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की यह जीत समाजवादियों के संघर्ष की जीत है।



कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालीं प्रतिभागी। अमृत विचार

# कुकिंग में दीप्ति की बाटी को मिला चोखा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **महिला व्यापार मंडल की प्रतियोगिता में रोहित ने दूसरा और गीता को तीसरा स्थान**

**अमृत विचार:** महिला व्यापार मंडल का कुकिंग कंप्टीशन चांसलर क्लब आशियाना में आयोजित किया गया। इसमें शेफ अलका सिंह तोमर, विनीत और सौरभ ने सभी प्रतिभागियों के खाने का स्वाद लिया और उनमें से तीन को विजेता घोषित किया।

करीब तीन घंटे चली इस प्रतियोगिता में पंजाबी, गुजराती, सिंधी, साउथ इंडियन, पहाड़ी वेज और पूरब की चोखा-बाटी समेत विभिन्न प्रांतों के व्यंजन महिलाओं ने बनाए। अलग-अलग प्रदेशों के व्यंजन का स्वाद लेने के बाद प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। दीप्ति गुप्ता ने बाटी-चोखा, कूचा चटनी, चूरमा लड्डू बनाया। मौजूद सेफ ने स्वाद लिया और लजीज बताते हुए प्रथम स्थान पर मुहर लगाई और पुरस्कार दिया।

वहीं दूसरे स्थान पर रोहित पंजवानी रहीं। इनकी रसोईं में पेरी-पेटी पनीर राइस विद् वेजीज बना। सेफ के दल ने टेस्ट लिया और दूसरे स्थान के लिए पुरस्कृत किया। गीता प्रजापति ने वेज मोक्सिकन टाकोज डिस बनाकर दल का दिल जीता और तीसरे नंबर पर रहीं। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि हिमा बिंदु नायक सेक्रेटरी जनरल रेड क्रॉस, इंटैक की पूर्व निदेशक डॉ. ममता मिश्रा, ऑल इंडिया मुस्लिम वूमेन पर्सनल लॉ बोर्ड की चेयर पर्सन शाइस्ता अंबर आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, महिला इकाई की अध्यक्ष निहारिका सिंह, डॉ. नित्या वर्मा, ज्योति आनंद, स्मृति समेत बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष निहारिका सिंह ने स्पांसर और आयोजकों का आभार जताया।

# नीट में धांधली पर हाईकोर्ट पहुंची छात्रा, याचिका दायर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका पर मंगलवार को होगी सुनवाई**

**अमृत विचार :** मोहान रोड निवासी छात्रा आयुषी पटेल ने नीट के परिणाम में धांधली का आरोप लगाया है। आयुषी ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दायर कर एनटीए से ओएमआर शीट जांचने की मांग उठाई है। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए लोगों से मदद भी मांगी है। याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी है।

मोहान रोड के पिंक सिटी की रहने वाली आयुषी पटेल ने बताया कि 4 जून को नीट के जारी परिणाम में उसका परिणाम वेबसाइट पर नहीं खुला रहा था। करीब एक घंटे बाद एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) की ओर से मेल आया कि ओएमआर शीट क्षतिग्रस्त होने की वजह से रिजल्ट नहीं बन पाया है। आयुषी ने मेल कर आपत्ति जताई और ओएमआर दिखाने का आग्रह किया।

24 घंटे के भीतर एनटीए ने मेल पर ओएमआर शीट भेजी। आयुषी का कहना है कि यह ओएमआर शीट उसी का है और उसे जानबूझकर फाड़ा गया है। मैनुअल मिलान करने पर 715 सवाल के गोले काले थे। उसने इतने ही सवाल किये थे। आयुषी ने बताया कि इस साल उसने नीट तीसरी बार दिया है। पहले प्रयास में 535 और दूसरे प्रयास में 570 अंक मिले थे। इस बार कड़ी मेहनत की थी। पूरी उम्मीद थी 715 नंबर आएगा। हाईकोर्ट में दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई है।



यूपी प्रेस क्लब में गजाधर प्रसाद अवस्थी तथा डॉ. दिनश चन्द्र अवस्थी की काव्यकृति का लोकार्पण करते प्रो. हरिशंकर मिश्र व अन्य।

# काव्य संग्रह गीत उनके लिए और लक्ष्मण शक्ति का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एक ही मंच से हुआ पिता -पुत्र के काव्य संग्रहों का लोकार्पण**

अमृत विचार : प्रेस क्लब में लोकार्पित हुई दो कृतियों गीत उनके लिए और खंड काव्य लक्ष्मण शक्ति के लोकार्पण में सबसे खास बात यह रही कि यह काव्य कृतियां पिता-पुत्र की हैं। लखनऊ के साहित्यिक इतिहास में शायद यह पहला मौका हो जिसमें पिता और पुत्र की काव्य कृतियों का लोकार्पण एक ही मंच से हुआ।

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था चेतना साहित्य परिषद की ओर से रविवार को प्रेस क्लब में गजाधर प्रसाद अवस्थी "गौरव" के काव्य संग्रह गीत उनके लिए और डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी के काव्य संग्रह लक्ष्मण शक्ति का लोकार्पण किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में राजधानी के साहित्यकार मौजूद रहे।

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. हरिशंकर मिश्र ने कहा कि प्रेम सृष्टि का आधार है। प्रेम को ऐसा होना चाहिए जो समाज को प्रगति की ओर ले जा सके। उन्होंने कहा कि इस काव्य संग्रह में कई मार्मिक दृश्य देखने को मिले। लखनऊ विश्वविद्यालय के भाषा विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा ने कहा कि राम के अनुज लक्ष्मण पर काव्य संग्रह निकलना बहुत बड़ी बात है। जय नारायण डिग्री कालेज के पूर्व प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर शुक्ल ने कहा कि दोनों काव्य संग्रह हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने वाले हैं।

## सार-संक्षेप

### महेंद्र गांव में जलभराव से ग्रामीण परेशान

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** ब्लॉक के रहीम नगर पड़ियाना ग्राम पंचायत स्थित महेंद्र गांव में रामविलास लोधी के घर से अजय लोधी के घर तक लगा खड़ंजा काफी निचला होने के कारण उसमें अक्सर जलभराव की समस्या बनी रहती है। महेंद्र गांव के मनीष कुमार पाल, श्रीकृष्ण, मुनेश्वर प्रसाद, अशोक कुमार, बेचालाल पाल, दिनेश पांडेय, गंगासागर, विजय कुमार, विपिन कुमार, मीरा, राम सुमेर, आशुतोष, कमल किशोर लोधी और अजय लोधी सहित करीब तीन दर्जन ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान से लिखित शिकायत की। कहा कि ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने अब खंड विकास अधिकारी से शिकायत करने की बात कही है।



गौरैया संरक्षण अभियान में हिस्सा लेने वाले बच्चे। अमृत विचार

### 21 दिवसीय गौरैया संरक्षण अभियान का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से 19 मई से चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण अभियान रविवार को घरौंदा वितरण अभियान के साथ सम्पन्न हो गया। आलमबाग स्थित समर बिहार सेंट्रल पार्क में आयोजित समापन समारोह में 100 से अधिक बच्चे शामिल हुए। यह अभियान भीषण गर्मी में परिंदों को दाना-पानी देने के लिए चलाया जा रहा था। इस अभियान के तहत बच्चों ने बेकार पड़ी दफ्ती, कोल्डड्रिंक की खाली बोतलों, शादी के कार्ड, अखबार, सुटली और थर्माकोल के जरिये घरौंदे तैयार किए। समापन समारोह में बच्चों को घरौंदों और मिट्टी के बर्तनों का वितरण किया गया। इस अभियान के दौरान बच्चों ने पौधे लगाए, पेंटिंग और घरौंदे बनाए और लुप्त होती गौरैया को संरक्षित करने की शपथ ली। एशनी श्रीवास्तव, गुनगुन कौर, आन्या चौरसिया, गनीव सलूजा, मैत्री शुक्ला, इरा शर्मा, एवलिन कौर और नित्या गुप्ता ने अपनी कविताओं के जरिये लोगों को अपनी-अपनी छतों पर दाना पानी रखने और घर के आसपास पेड़-पौधे लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पा श्रीवास्तव, सीमा सक्सेना, कामनेशु कुमार, रविंदर कौर, तजिंदर कौर, ऋचा मक्कर और पल्लवी कौशल आदि मौजूद रहे।



हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर के पास उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भंडारा वितरण करतीं पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया। अमृत विचार

# परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को मिलेगा स्काउट एवं प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को छात्रों की शारीरिक एवं मानसिक योग्यताओं से दक्ष करने के लिए स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्राथमिक विद्यालयों में स्काउट एंड गाइड की यूनिटें स्थापित की जाएंगी। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल द्वारा आगामी सत्र से पहले इन यूनिटों की स्थापना करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा निदेशक ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को यूनिट स्थापित करने को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा है कि कक्षा एक से पांच तक के हर परिषदीय विद्यालयों में कम से कम एक यूनिट पंजीकरण कराया जाएगा। हर दल में 24-24 सदस्य होंगे। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 तक संचालित परिषदीय विद्यालयों में भी कम से कम एक यूनिट स्थापित की जाए, जिसमें 32-32 सदस्य होंगे। प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर दलों की संख्या उसी अनुपात में बढ़ाई जा सकती है।

# रुदौलवी जैसे शायर व कलमकार जल्दी नहीं आते : डॉ. अम्मार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **प्रो. शारिब रुदौलवी के जीवन और उनकी साहित्यिक सेवाओं पर सेमिनार**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और डिजि-टेक एजुकेशनल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस क्लब में रविवार को प्रो. शारिब रुदौलवी के जीवन और उनकी साहित्यिक सेवाओं पर सेमिनार का आयोजन किया गया। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जांनिसार आलम विशिष्ट अतिथि के रूप शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रेशमा परवीन ने किया।

डॉ. अम्मार रिजवी ने अपने संबोधन में प्रो. शारिब रुदौलवी को अपने बड़े भाई और दोस्त के रूप में याद करते हुए कहा कि शारिब भाई यूनिवर्सिटी में मुझ से एक साल सीनियर थे। उन्होंने कहा कि उनके जैसे नायाब शायर और कलमकार जल्दी नहीं आते। उन्होंने हमेशा इस बात का ख्याल रखा कि कभी किसी का दिल न टूटे। वो जो कहते थे वही करते थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में उर्दू बोलने वालों की संख्या चार करोड़ है, जबकि अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या एक करोड़ है। लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जांनिसार आलम ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है जवाहरलाल यूनिवर्सिटी में प्रो. शारिब रूदौलवी उनके शिक्षक थे। प्रो. शारिब की खासियत थी कि यूनिवर्सिटी में सभी विद्यार्थियों को वह नाम से जानते थे। सेमिनार की मुख्य वक्ता खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज की प्रो. रेशमा परवीन ने कहा कि प्रो. शारिब रुदौलवी एक तरफ जहां उर्दू के बड़े साहित्यकार आलोचक और शायर थे तो दूसरी तरफ उनके अंदर मानवीय भाव और मानवता कूट-कूट कर भरी हुई थी। डिजिटल एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहम्मद तौसीफ अहमद ने कहा कि शारिब रुदौलवी ने अपना पूरा जीवन उर्दू साहित्य के लिए समर्पित कर दिया। उनके पढ़ाए हुए छात्र आज देश और दुनिया में उर्दू भाषा की प्रगति कर रहे हैं।



कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते नवनिर्वाचित सपा सांसद।

### नवनिर्वाचित सपा सांसद का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** मोहनलालगंज लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सपा सांसद आरके चौधरी का शनिवार देर शाम सरोजनीनगर सपा इकाई ने जोरदार स्वागत किया। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव व एडवोकेट राम सिंह यादव के संचालन में हुए कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रो. अभिषेक मिश्रा भी मौजूद रहे। समारोह को सांसद आरके चौधरी, पूर्व सांसद सुशीला सरोज, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर खान, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव गुड्डू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रुद्र दमन सिंह बबलू, हरिपाल यादव व राजबाला रावत ने भी संबोधित किया। इस मौके पर त्रिवेणी पाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद यादव, मोनू बाजपेई, भूपेंद्र सिंह, बृजेश गुप्ता, बंथरा की नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी रही विमला बहादुर, औरावां के निवर्तमान प्रधान विनोद शुक्ला, सभासद संतोष यादव, विजयश्री, गोविंद यादव, अजय प्रताप बिन्नू, शिवकुमार टाइगर, गुरु प्रसाद, शशिलेंद्र यादव, जगमोहन यादव, रामबाबू चौरसिया, राजेश यादव, मनीष यादव, मनोज सिंह, चन्द्रावल पूर्व प्रधान राजेंद्र यादव, रविंद्र रूद्र, प्रमोद, साहिल, इंद्रेश यादव, कृष्ण मुरारी, अंकित मौर्य, अजीत यादव, विशाल सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू यादव, अरविंद दुबे, डॉ. सुषमा रावत, अशोक कश्यप, चंद्रवीर यादव और एडवोकेट अनुज यादव मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने मनाया सेवा संकल्प दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने राजधानी समेत कई जनपदों में किए आयोजन**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सेवा संकल्प दिवस मनाया। इस दौरान बाजारों में भंडारे और सेवा के विभिन्न प्रकल्प आयोजित किए गए। इनमें रक्तदान शिविर, अनाथालय और चिकित्सालयों में वस्त्र, दवा और भोजन वितरण किए गए।

राजधानी स्थित हजरतगंज में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के समक्ष भंडारे लगाया गया। इसकी शुरुआत पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया एवं शशि बंसल ने की। इस अवसर पर पूर्व मेयर ने कहा कि संगठन का संकल्प दिवस एक तरह का सेवा भाव है। संगठन के विभिन्न प्रकल्प किसी न किसी रूप में गरीबों की मदद करते हैं। इस आयोजन के लिए उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश के अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा अध्यक्ष अश्वन वर्मा, वेद रतन श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री महिला एकता अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री बीनू मिश्रा, राजीव कक्कड़ अनुज गौतम, महामंत्री हरीश मलानी, दीपेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह, पदम जैन, मनीष पांडे आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारत जल्द ही होगा हिंदू राष्ट्रः स्वामी निश्चलानंद

**झूंसी, प्रयागराज, अमृत विचार :** गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की बात एक बार फिर से कही है। रविवार को शिवगंगा आश्रम झूंसी में आयोजित हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में पुरी शंकराचार्य ने भक्तों से कहा कि आजादी से पहले देश को अंग्रेजों से मुक्त कराना भले ही उस समय असंभव लग रहा होगा लेकिन देश के कर्णधारों ने इस कार्य को संभव कर दिखाया। उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने को लेकर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

### एनएचएआई ने गिराया ब्लाक प्रमुख का भवन

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनएचएआई की सीमा परिधि में आए ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्य के भवन को ढहा दिया गया। हाईवे के चौड़ीकरण के दौरान एनएचएआई ने यह कार्रवाई की है। भवन के ध्वस्तीकरण की जानकारी मिलने पर समर्थकों के साथ पहुंचे ब्लाक प्रमुख के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। राजमार्ग पर करीब एक घंटे तक बवाल होता रहा। इससे कुछ देर के लिए वाहनों का आवागमन तक प्रभावित रहा। पुलिस को जाम हटवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### अंडर-14 में 33 तो अंडर-23 में 25 खिलाड़ी चयनित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा जिले के अंडर-14, अंडर-23 एवं रणजी ट्रॉफी के ट्रायल्स का आयोजन लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया गया। बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सचिव डॉ. सीए जावेद ने बताया की अंडर-14 में 33, अंडर 23 में 25, रणजी ट्रॉफी में 21 बच्चों ने ट्रॉयल्स में प्रतिभाग किया है। यहां से चयनित बच्चों को जोन के लिए लखनऊ भेजा जायगा।

# लखीमपुर में सड़क हादसे में साले-बहनोई समेत 3 की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शनिवार की देर रात लखीमपुर-पलिया मार्ग पर थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार साले-बहनोई और दूसरी बाइक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के घरों में चीख पुकार मची हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

हादसा जहानपुर चौराहा के पास हुआ। थाना फरधान क्षेत्र के गांव अग्गर बुजुर्ग निवासी अभिषेक कुमार (24) पुत्र रामनरेश अपने बहनोई कोतवाली मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया के गांव धिम्मापुर निवासी अवधेश कुमार (32) के साथ रिश्तेदारी टहलने गया था। दोनों शनिवार देर शाम रिश्तेदारी से वापस रहे थे। लखीमपुर-पलिया मार्ग पर जहानपुर चौराहे के पास थाना पढुआ की कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी अखिलेश मंडल (19) की बाइक से आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मौत की खबर मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

रोते-बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

## बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय पार्टी से निष्कासित

**अयोध्या, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने अपने लोकसभा प्रत्याशी रहे सच्चिदानंद पांडेय को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। वहीं प्रत्याशी ने इस्तीफा देने की बात कही है।

रविवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार ने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते सच्चिदानंद पांडेय को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। वह पार्टी कार्यकर्ताओं से अक्सर वाद-विवाद कर रहे थे और उनको कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन सुधार नहीं आया, जिसके चलते पार्टी से निष्कासित किया गया।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**जमीन विवाद**

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जमीन विवाद में शनिवार की देर शाम महुई गांव गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। पट्टीदारों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कई राउंड फायरिंग हुई। घटना में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई और धारदार हथियारों के हमले में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना चौकी प्रभारी और कोतवाली पुलिस को दी गई लेकिन आधे घंटे बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। गांव में तनाव को देखते हुए कई थानों की फोर्स तैनात कर दी गई है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। एसपी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

महुई गांव में जमीन के एक टुकड़े को लेकर इंद्रजीत यादव और धर्मेंद्र यादव के बीच विवाद चल रहा है। शनिवार की सुबह एक पक्ष जमीन पर मिट्टी डालने लगा। दूसरे पक्ष ने ऐतराज जताया तो दूसरा पक्ष मान गया। इसके बाद शनिवार की देर शाम लगभग 8.30 बजे वह पक्ष ट्राली ट्रैक्टर से दोबारा मिट्टी डालने लगा। दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र यादव (28) पुत्र रामनयन यादव ने मौके पर पहुंच कर इसका विरोध किया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति ने धर्मेंद्र पर फायरिंग कर दी। धर्मेंद्र के सिर, हाथ और पेट में तीन गोलियां लगीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे पक्ष ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग की। धर्मेंद्र के चचेरे भाई रिंकू ने बताया कि भाई को बचाने के लिए जब उसके पिता योगेन्द्र यादव, भाई धर्मदेव यादव और चाचा बजरंगी यादव पहुंचे तो लगभग एक दर्जन की संख्या में मौजूद हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। गोलियों की तड़तड़ाहट और घायलों की चीख-पुकार सुनकर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हमलावर उन्हें जान-माल की धमकियां देते हुए फरार हो गए। लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया और शेष घायलों का उपचार शुरू किया गया। जिला अस्पताल पहुंचे एएसपी शशि शेखर सिंह ने पीड़ित पक्ष से घटना की पूरी जानकारी ली।

# स्कार्पियो ने कांस्टेबल व पत्नी को रौंदा, मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के हेड कांस्टेबल (मेजर) अपनी पत्नी को लेकर शहर दैनिक खरीदारी करने आ रहे थे कि लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर रविवार को कोतवाली नगर के अमहट के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। हाइवे का डिवाइडर तोड़ते हुए बेकाबू स्कार्पियो ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी, जिसमें दंपति की मौत हो गई। हादसे में साइकिल सवार भी घायल हुआ है, जिसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

कोतवाली नगर के अमहट से एक एक्सयूवी गाड़ी लखनऊ-बलिया मार्ग से तेज रफ्तार से निकली। स्थानीय लोगों की मानें तो एक्सयूवी की स्पीड इतनी तेज थी कि अमहट स्थित पेट्रोल पंप के पास वह डिवाइडर तोड़कर दूसरी ओर आ गई। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति व एक साइकिल सवार को उसने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर गए और सिर फट जाने के कारण दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि साइकिल सवार बुरी तरह घायल हुआ। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान कृष्ण प्रसाद यादव निवासी लौहर पश्चिम धम्मौर के रूप में हुई।

## प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र स्टेट रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में चार दिवसीय 22वीं प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता जिले के भवदीय शूटिंग रेंज में सोमवार से आयोजित होगी। वरिष्ठ शूटिंग कोच व प्रतियोगिता कोआर्डिनेटर शनि कुमार वर्मा ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे यूपीएसआरए के पदाधिकारी करेंगे। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रान्तों के लगभग तीन हजार एयर रायफल व एयर पिस्टल शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। महिला व पुरुष वर्ग के विभिन्न कैटेगरी में होने वाली प्रतियोगिता में एयर रायफल व एयर पिस्टल के उप्र के सहित हरियाणा, नोयडा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे।

# महाराष्ट्र सदन को ढाई एकड़ भूमि आवंटित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में भक्त निवास महाराष्ट्र सदन निर्माण की कवायद तेज हो गई है। रविवार को महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग के मंत्री रवींद्र चव्हाण अयोध्या पहुंचे। उनके साथ कई विधायक और उनके परिवार के सदस्यों के साथ मंत्रालय के लगभग 70 अधिकारी भी मौजूद रहे। सबसे पहले रामजन्मभूमि परिसर में दर्शन पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद मंत्री रवींद्र चव्हाण एनएच 27 के निकट शाहनवाजपुर माझा में 76 करोड़ की लागत से आवंटित ढाई एकड़ भूमि को देखने पहुंचे।

इस दौरान आवास परिषद कार्यालय में निर्धारित राशि का लगभग 10 प्रतिशत जमा कर आवंटन प्राप्त किया।



भूमि देखने पहुंचे मंत्री रवींद्र चव्हाण बातचीत करते हुए। अमृत विचार

अयोध्या में एक स्थानीय होटल में आये सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया। मंत्री रवींद्र चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बीच वर्षों से नजदीकियां रही हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा की। हमें सौभाग्य मिला कि यहां पर रामलला के दर्शन के लिए आए हैं। अयोध्या में प्रतिदिन महाराष्ट्र से भक्त आते हैं। इसलिए महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्रिमंडल ने यह निर्णय लिया कि अयोध्या में ढाई एकड़ की भूमि पर महाराष्ट्र सदन भक्ति निवास तैयार किया जाएगा।

## चित्रकूट में भाई की डांट से क्षुब्ध दो बहनों ने दी जान

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** भाई की डांट-फटकार से दो बहनें इतनी आहत हो गईं कि घर से निकल गईं। परिजनों ने दोनों की खोजबीन की और न मिलने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। बाद में दोनों के शव एक कुएं से बरामद किए गए। नांदिन कुर्मियान गांव निवासी दीपक सिंह ने बताया कि गांव में एक घर में रामायण का पाठ हो रहा था। वहां से जब वह घर लौटा तो देखा कि दोनों बहनें सोमवती (23) व अनामिका उर्फ खुशबू (18) जाग रही थीं। उसने उन्हें देर तक जागने के लिए डांटा और सोने के लिए कहकर खुद भी सोने चला गया। सुबह जब नींद खुली तो पाया कि दोनों बहनें घर पर नहीं हैं।

# हरदोई में मानव तस्करी में डॉक्टर को भेजा जेल

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मीरा स्थित फेमिली लाइफ केयर सेंटर के संचालक डॉ. तबरेज खान को मानव तस्करी के केस में जेल भेजा गया है। डॉक्टर खान का कुछ दिन पहले बच्चा बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच पड़ताल शुरू की। अस्पताल सील करने के साथ रविवार को आरोपी को जेल भेजा गया। इस मामले में प्रसव कराने वाली दाई और बच्चा खरीदने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है। बता दें कि 7 जून को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में अस्पताल का संचालक डॉ. तबरेज खान हिंदू महिला का नवजात बच्चा एक मुस्लिम परिवार को बेचने की बात कर रहा था। यह भी कहते हुए सुना गया कि मेरे पास बच्चे के बहुत हिंदू खरीदार थे। ज्यादा पैसे भी दे रहे थे, लेकिन मैंने मुसलमान होने के नाते मुस्लिम भाई को बच्चा बेच दिया। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो स्वास्थ्य प्रशासन के हाथ पांव फूल गये।

## मुठभेड़ में तीन गो तस्कर दबोचे गए

**ताखा, इटावा, अमृत विचार।** गाय की बछिया को काटकर उनके अवशेषों को फेंकने वाले शातिर गोतस्करों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है। फायरिंग में एक तस्कर गोली लगने से घायल हो गया। ऊसराहार के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अटिया तिराहे के पास बीती रात पुलिस और गोतस्करों की बीच मुठभेड़ हो गई। थानाध्यक्ष बेचन कुमार सिंह ने बताया पकड़े गए तस्करों में ऋषि नट, विनोद नट, व राजकुमार निवासी नगला गुदे थाना कुदरकोट औरैया शामिल हैं। ऋषि पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

# पल्लवी का हत्यारोपी पति गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**कार्रवाई**

- लखनऊ निवासी युवती की औरैया में हुई थी शादी
- पिता ने दहेज हत्या का लगाया आरोप, सास-ससुर हिरासत में

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के गांव असेनी के समीप आम के बाग में शुक्रवार सुबह पत्तों के ढेर के बीच महिला का शव मिला था। शनिवार को मृतका के पिता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। उन्होंने बेटी की गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मृतका के पति, सास व ससुर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार देर शाम घटना के बाद से फरार पति को दिबियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

लखनऊ शहर के थाना नाका हिंडोला मोती नगर निवासी रामशंकर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 24 फरवरी को उसने अपनी बेटी पल्लवी (20) का साईं ट्रस्ट ऐशबाग में सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहायल थाना क्षेत्र के गांव बरू निवासी सुमित कुमार के साथ शादी कराई थी। आरोप कि बेटी जब ससुराल पहुंची तो ससुरालीजन दहेज की मांग करने लगे। करीब एक माह पहले पल्लवी मायके में थी। बीती 29 मई को दामाद सुमित राठौर बेटी पल्लवी को ससुराल ले गया। आरोप लगाया कि सात जून की शाम पल्लवी को असेनी के समीप आम के बाग में ले जाकर पति सुमित, सास नीरज देवी व ससुर नरेंद्र ने गला दबाकर हत्या कर दी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित परिवार लखनऊ के लिए रवाना हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी पति, सास व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सास व ससुर हिरासत में हैं। वहीं शनिवार की देर रात पुलिस ने फरार पति को दबोच लिया।

## सार-संक्षेप

### स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स के लिए की गयी गर्डर लॉन्चिंग

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर पश्चिम रेलवे के गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स निर्माण के लिए रविवार को ब्लॉक लेकर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया गया। गर्डर लॉन्चिंग का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे एवं राजस्थान में पहली बार किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे में भी प्रथम बार 72×48 मीटर के एयर कॉनकोर्स के लिए गर्डर लॉन्चिंग का कार्य गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर किया गया।



गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन में गर्डर की लॉन्चिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, स्टेशन पुनर्विकास के तहत गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन के दोनों ओर को जोड़ते हुए 72×48 मीटर के एयर कॉनकोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इसमें रेलयात्रियों एवं शहरवासियों के लिए कियोस्क, शॉपिंग मॉल, कैफेटेरिया, फन जोन आदि विकसित किए जाएंगे। इसके लिए रविवार की सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक मेगा ब्लॉक लेकर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया गया। गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर पूर्ण ब्लॉक लेने से रेल यातायात प्रभावित हुआ। गर्डर लॉन्चिंग के कारण गांधीनगर जयपुर स्टेशन से गुजरने वाली 6 ट्रेनों को रद, 4 को आंशिक रद, दो को को रेगुलेट एवं 11 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया। शाम 7 बजे बाद गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर रेल यातायात सुचारु कर दिया गया है।

### गम और गुस्से के बीच मौलाना का शव सुपुर्द-ए-खाक

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जमीयत उलमा के जिला महासचिव मौलाना मोहम्मद फारूक के शव को रविवार को गम और गुस्से के बीच सुपर्द ए खाक कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। मौलाना फारूख के जनाजे में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, विधायक रानीगंज आरके वर्मा समेत हजारों लोग शामिल हुए। बता दें कि जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर निवासी 65 वर्षीय मौलाना मोहम्मद फारूक कादीपुर में मदरसे का संचालन करते थे। बेटे मौलाना असद के अनुसार शनिवार की सुबह मौलाना फारूक गांव के ही चंद्रमणि के बुलावे पर जमीन के रुपये के लेनदेन के सिलसिले में स्कूटी लेकर घर से निकले थे। चंद्रमणि के घर उनके पिता की कुल्हाड़ी, फावड़ा, रंभा से प्रहार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पर वे लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। फोर्स के साथ सीओ सदर अमरनाथ राय, सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी व एएसपी पश्चिमी संजय राय पहुंचे तो एएसपी से लोगों की झड़प हुई। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए प्रतापगढ़ के अलावा प्रयागराज, कौशाम्बी और फतेहपुर से जिले से भी पुलिस फोर्स बुला ली गई थी। डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल भी मौके पर पहुंचे। रविवार को छावनी बन चुके सोनपुर गांव में मौलाना को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर करीब 12 :15 बजे शांति पूर्वक सुपुर्द- ए- खाक कर दिया गया।



नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद खुशी का इजहार करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कोठारी बंधु चौराहे पर भाजपा पदाधिकारियों ने मनाया विजय उत्सव

**लखनऊ, अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी के रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने एवं राजनाथ सिंह को तीसरी बार कैबिनेट मंत्री बनने पर पर पश्चिम मंडल-1 के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। टिकैतराय एलडीए कॉलोनी, कोठारी बंधु चौराहे पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। फल एवं मिष्ठान्न वितरित कर ढोल-नगाड़े के साथ विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के संयोजक सत्येंद्र सिंह, अवध क्षेत्र ओबीसी मोर्चा के महामंत्री रामशंकर राजपूत, महानगर मंत्री अशोक श्रीवास्तव, महानगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष गणेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पार्षद शिवकुमार यादव (गुड्डू), पार्षद धर्मेंद्र सिंह, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, उपाध्यक्ष नोटेश किशोर दीक्षित, आनंद अवस्थी, ज्योति सिंह, शिवशंकर साहू (भोला), कोषाध्यक्ष नागेंद्र अवस्थी सहित मंडल के पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## गोंडा में चाचा के घर में मिला छात्रा का शव

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** धानेपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत पूरे महा के मजरा लोनियन पुरवा में रविवार को एक छात्रा का शव फंदे से लटकता पाया गया है। पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। धानेपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत पूरे महा के मजरा लोनियन पुरवा की रहने वाले दुखहरन की बेटी ईशा ने इसी वर्ष इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। रविवार की सुबह ईशा की मां ने गांव के प्रधान को सूचना दी कि उसके देवर राधेश्याम के घर से बदबू आ रही है। ग्राम प्रधान ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जब राधेश्याम के घर पहुंची तो वहां ईशा का शव छत के हुक में रस्सी के फंदे से लटक रहा था।

# सालभर भी नहीं चलेगी राजग सरकारः संजय

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मोदी 3.0 मंत्री मंडल पर जमकर निशाना साधा और कहा है कि यह सरकार एक साल भी नहीं चलेगी। उन्होंने घटक दलों से स्पीकर का पद अपने पास रखने की सलाह दी है। संजय ने अयोध्या में भाजपा की पराजय के मामले में भाजपा को हिन्दू विरोधी करार दिया है। प्रयागराज में मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने आप की हार पर उन्होंने इसकी समीक्षा की बात कही है।

इधर, मोदी 3.0 मंत्रिमंडल शपथ लेकर अपनी नई पारी खेलने के लिए तैयार है तो वहीं इंडिया गठबंधन के घटक दल मंत्रीमंडल पर अपनी भड़ास निकालने में लगी हुई है। आम आदमी पार्टी के आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने तो बाकायदा इस मंत्रिमंडल और सरकार उम्र तक तय कर दी है।



पत्रकारों से बात करते आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह।

# बेनी प्रसाद के बाद केंद्र में मंत्री बने कीर्तिवर्धन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** 2014 से लगातार बीजेपी से जीत रहे कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया को मोदी सरकार 3.0 में राज्यमंत्री पद की सौगात मिली है। गोंडा संसदीय सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने रविवार को मंत्री पद की शपथ ली। रविवार की शाम को शपथ ग्रहण कार्यक्रम से पहले ही एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें मंत्री बनने का न्योता भेज दिया गया था। वर्ष 2009 के बाद यह पहली बार होगा जब केंद्र सरकार में देवीपाटन मंडल को भागीदारी मिली है।



वर्ष 2014 व 2019 के बाद वह इस बार भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा की श्रेया वर्मा को करीब 47 हजार मतों से पराजित कर जीत की हैट्रिक लगाई है। भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिव राजीव गौबा द्वारा उन्हें निमंत्रण पत्र भेजा गया था। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें राज्यमंत्री पद पर शपथ लेने बुलाया गया है। इससे पूर्व वर्ष 2009 में यूपीए सरकार में गोंडा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने वाले बेनी प्रसाद वर्मा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिली थी।

### पांच बार चुने गए सांसद

58 वर्षीय कीर्तिवर्धन सिंह गोंडा संसदीय सीट से पांच बार सांसद चुने गए जा चुके हैं। वर्ष 1999 में कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभाला था। उसके बाद 1999 में वह समाजवादी पार्टी से सांसद बने। 2004 में भी वह सपा से चुनाव जीत कर संसद तक पहुंचे। लेकिन 2014 में वह भाजपा में शामिल हो गए और लगातार 2014, 2019 तथा 2024 का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। निर्विवाद कीर्तिवर्धन सिंह को उत्तर प्रदेश कोटे से राज्यमंत्री बनाने का निर्णय किया गया। अजय मिश्र टेनी के चुनाव हार जाने के कारण उसका फायदा कीर्तिवर्धन सिंह को मिला है।

### 54 साल की राजनीतिक विरासत के वारिस हैं कीर्तिवर्धन

राज परिवार के वारिस होने के साथ ही कीर्तिवर्धन सिंह राजनीतिक विरासत के भी वारिस हैं। 1971 में कीर्तिवर्धन सिंह के पिता कुंवर आनंद सिंह पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत कर मैदान में आए थे। उसके बाद 1980, 1984 एवं 1989 में आनंद सिंह सांसद रहे। 1991 में आनंद सिंह बृजभूषण शरण सिंह से हार गए थे। 1996 में बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह सांसद चुनी गई थीं। लेकिन 1999 में कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की जगह स्वयं राजनीति की कमान संभाली और चुनाव जीत कर राजनीतिक पदार्पण किया।

### शपथ ग्रहण समारोह से बृजभूषण ने किया किनारा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नहीं गए। एनडीए की तरफ से बृजभूषण को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया था लेकिन वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नहीं गए। समारोह में शामिल होने के बजाय वह मऊ और अयोध्या जिले में आयोजित अपने निजी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए गए हैं। कहा उनके कार्यक्रम पहले से तय थे और वह अपने तय कार्यक्रम को कभी कैंसिल नहीं करते। इसलिए वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने में असमर्थ हैं।

# संडीला से सिमटती जा रही बसपा

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**लड्डुओं के शहर में पहले लाखों में था पार्टी का वोट बैंक**

**अमृत विचार।** बीते ज़माने में सण्डीला को बसपा का सबसे मज़बूत गढ़ समझा जाता था। साल 1996, 2002 और 2017 में बसपा के टिकट पर जीत कर लखनऊ अब्दुल मन्नान को मायावती ने मंत्री और फिर काबीना मंत्री बनाया। तब कहा जाता था कि पूरब की सियासत अब्दुल मन्नान के इशारे पर चलती थी, लेकिन साल 2012 में अब्दुल मन्नान के हारने के बाद अभी तक वहां से बसपा की न सिर्फ हार हो रही है, बल्कि लोकसभा-2024 के चुनाव नतीजों पर गौर करें तो वहां से बसपा के वोटों का दायरा काफी तेज़ी से सिमटता हुआ नज़र आ रहा है। सूबे की राजधानी से सटा हुआ सण्डीला लड्डुओं के शहर के नाम से मशहूर है।

वहीं के नवाब इल्तिफात रसूल, नवाब ऐजाज़ रसूल और कुदेसिया बेग़म सण्डीला की सियासत में अलग पहचान रखते थे। वक्त के साथ उन सियासी हस्तियों का दौर बीत गया, उसके बाद बेहंदर के ब्लॉक प्रमुख बन कर सियासत की शुरुआत करने वाले अब्दुल मन्नान ने तेज़ी से अपनी पाली की शुरुआत की और बसपा के टिकट पर माननीय बने। मन्नान के रहते हुए सण्डीला में बसपा का किला काफी मज़बूत हो गया। तब वह दौर था जब अब्दुल मन्नान बसपा सुप्रीमों मायावती के काफी करीबी लोगों में गिने जाने लगे। लेकिन साल 2012 में हुए विधानसभा चुनाव में बसपा के अब्दुल मन्नान को भाजपा के कुंवर महावीर सिंह से हार का सामना करना पड़ा। उस चुनाव के बाद मन्नान ने बसपा के हाथी से उतर कर सपा की साइकिल पर सवार होते हुए साल 2017 के चुनाव में विधानसभा का सफर तय करने का फैसला लिया।

# तीन कारों की टक्कर, चार यूट्यूबर्स की मौत

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** हसनपुर-गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल के पास तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत हो गई, जबकि पांच युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को अस्पताल में रखवा दिया है।

हादसा हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गजरौला-हसनपुर मार्ग पर रविवार रात 10:30 बजे हुआ। गजरौला के मोहल्ला अल्लीपुर निवासी 17 वर्षीय सलमान पुत्र तहसीन तथा उसी मोहल्ले के 18 वर्षीय शाहरुख पुत्र अच्छन, 19 वर्षीय शाहनवाज पुत्र मकसूद, नवादा रोड निवासी 17 वर्षीय लकी पुत्र बब्बू और मोहल्ले के ही दिलशाद और जैद के साथ अर्टिगा कार से हसनपुर के किसी होटल में खाना खाने आए थे। रात करीब 10:30 बजे कार से गजरौला लौट रहे थे। इस दौरान मनौटा पुल के पास सामने से आ रही


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

▶▶ अमरोहा की घटना, हादसे में पांच लोग घायल

बोलेरो से टक्कर हो गई। इस बीच पीछे से आई एक स्विफ्ट कार ने भी टक्कर मार दी। हादसे में लकी, सलमान, शाहरूख और शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जैद, दिलशाद और तीन अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया। जबकि घायलों को भी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चारों मृतक यूट्यूब पर वीडियो बनाते थे। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हुई है। जबकि पांच युवक घायल हैं।

## सीबीआई ने एनएचएआई के जीएम को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली : सीबीआई ने मध्य प्रदेश के छतरपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक पुरुषोत्तम लाल चौधरी को 10 लाख रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मामले में छह अन्य आरोपियों को शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया, जिनमें एनएचएआई के सलाहकार शरद वर्मा, रेजिडेंट इंजीनियर प्रेम कुमार सिन्हा तथा आरोपी कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक' के चार कर्मचारी सत्यनारायण अंगुलुरी, बृजेश मिश्रा, अनिल जैन और शुभम जैन शामिल हैं। आरोपी एनएचएआई द्वारा कंपनी को दिए गए झांसी-खजुराहो परियोजना के अंतिम बिल की प्रक्रिया पूरी करने, के लिए रिश्वत ले रहे थे।

## मां-बेटे का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला

महाराजगंज : जिले के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला और उसके पांच वर्षीय बेटे का शव रविवार को अपने घर में संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव में वंदना (25) और उसके बेटे चिंटू (पांच) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर के अंदर फंदे से लटका मिला। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने कहा कि मां और बेटे के शव फंदे से लटके हुए मिले हैं। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आतिशबाजी के दौरान भाजपा कार्यालय में लगी आग

इंदौर, एजेंसी

प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने के जश्न में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं की आतिशबाजी के दौरान इंदौर में चार मंजिला पार्टी कार्यालय की छत में रविवार रात आग लग गई। घटना के चश्मदीदों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शहर के जावरा कम्पाउंड क्षेत्र में भाजपा के मुख्य कार्यालय की छत में पार्टी कार्यकर्ताओं की आतिशबाजी के दौरान आग लगी। भाजपा के मीडिया विभाग के एक पदाधिकारी ने बताया कि आतिशबाजी के दौरान पार्टी कार्यालय की छत पर पड़े प्लाईवुड के टुकड़ों, पुराने सोफा, फर्नीचर और अन्य अनुपयोगी सामान में किसी पटाखे के कारण आग लगी। उन्होंने बताया कि आग पर दमकल विभाग की मदद से काबू पा लिया गया और इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।


भाजपा कार्यालय की छत पर पड़े कबाड़ में लगी आग से उठतीं लपटें।

## टीएमयू में छात्र ने हॉस्टल में पंखे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ बीबीए अंतिम वर्ष की कर रहा था पढ़ाई

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र ने ब्वॉयज हॉस्टल के कमरे में पंखें से लटक कर जान दे दी। छात्र अक्षत जैन पुत्र राजेंद्र जैन आगरा के ग्वालियर रोड ब्राह्मण सिटी का रहने वाला था। रविवार सुबह उसका शव हास्टल के कमरे में लटका मिला है। पुलिस प्रेम-प्रसंग का मामला बता रही है।

शनिवार रात को अक्षत जैन हॉस्टल की मेस में खाना खाकर आया। इस दौरान उसने अपने कुछ दोस्तों से बातचीत की और फिर कमरे में सोने चला गया। टीएमयू के मीडिया प्रभारी डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि अक्षत जैन बीबीए अंतिम वर्ष का छात्र था। छात्रों ने जानकारी दी कि अक्षत जैन का रूम अंदर से बंद है। हॉस्टल स्टाफ ने रूम खोलकर देखा तो अक्षत पंखे से लटका हुआ था। तत्काल यह जानकारी पाकबड़ा थाना पुलिस को दी गई। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है छात्र का किसी युवती से प्रेम संबंध था, शायद उसी के चलते उसने आत्महत्या की है।


मुंबई में सीएसएमटी के बाहर रविवार रात हुई बारिश के दौरान खुद को बचाने के लिए छाते का सहारा लेती महिला।

## भिंडरावाला का पोस्टर लगाने को लेकर 53 पर एफआईआर

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** रूरिया गुरुद्वारा परिसर में दोबारा भिंडरा वाला का पोस्टर लगाने के मामले में 13 नामजद समेत 53 लोगों के खिलाफ एफआआईआर दर्ज की गई है।

पूरनपुर के रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरा वाला का पोस्टर लगा था। शिकायत मिलने पर अधिकारी पहुंचे और हटाने के लिए कहा। पोस्टर नहीं हटाया गया तो तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। बुधवार को पोस्टर हट गया जिस पर सिख समाज ने गहरी नाराजगी जताई। शनिवार को पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के भीतर लगा दिया गया। हालांकि अफसरों के पहुंचने पर उसे उतार लिया गया। दोबारा पोस्टर लगाने पर दरोगा प्रदीप कुमार की ओर से 53 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें 13 लोगों को नामजद किया है। आरोपियों में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के किच्छा निवासी सुखविंदर सिंह औलख, इंद्रजीत कौर खालसा, हल्द्वानी के चांदनी चौक निवासी होम बहादुर सिंह, रंपुरा कोन के बहादुर सिंह, न्यूरिया के गांव गुलड़िया निवासी गगनदीप कौर, गांव मुजफ्फरनगर नौगवां के बलजिंदर सिंह, शाहजहांपुर के खुटार के गांव पुनोटी के हरदीप सिंह, ललौरीखेड़ा के गांव खरुआ के देवेश कुमार, दुधियाखुर्द बालामनी के खजान सिंह, पूरनपुर के बमनपुरी के कुलवंत सिंह, हल्द्वानी वाले कमेटी अध्यक्ष अमरीक सिंह, पंजाब के लुधियाना के गालिव खुर्द उगराव के तेजेंद्र सिंह शामिल हैं।

## आप नेता सोमनाथ भारती ने सिर मुंडवाने से किया इनकार

**नई दिल्ली :** नरेन्द्र मोदी के एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनने पर सिर मुंडवाने का संकल्प जताने वाले आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती ने अब अपना वादा पूरा करने से इनकार कर दिया है। भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का तीसरा कार्यकाल केवल उनका अपना नहीं है, राजग के सहयोगी दलों के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि अगर मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए चुने गए तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा। हालांकि, वह अपने दम पर नहीं जीते हैं, उन्होंने अपने गठबंधन के समर्थन से बहुमत हासिल किया है। आप नेता ने कहा कि मैं अपने शब्दों पर कायम हूं। अगर वह अपने दम पर नहीं जीते हैं, तो यह उनकी जीत नहीं है। इसलिए, जैसा कि मैंने कहा, अगर वह स्वतंत्र रूप से नहीं जीते हैं, तो मैं अपना सिर नहीं मुंडवाऊंगा।


## उत्तराखंड

# जीत की हैट्रिक का अजय टम्टा को मिला इनाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा संसदीय सीट से सांसद बने अजय टम्टा को जीत की हैट्रिक बनाने का ईनाम मिल गया है। उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उत्तराखंड से अजय भट्ट रिप्लेस कर अजय टम्टा को लिया गया है। टम्टा को राज्यमंत्री बनाए जाने पर अल्मोड़ा लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।

तीसरी बार सांसद बने अजय टम्टा मोदी के पहले कार्यकाल में कपड़ा राज्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने जिला पंचायत से अपना राजनैतिक सफर की शुरूआत की। पहले अल्मोड़ा जिला पंचायत में उपाध्यक्ष और फिर बाद में जिला पंचायत अध्यक्ष चुन लिया गया।


राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यमंत्री पद की शपथ लेते अल्मोड़ा से सांसद अजय टम्टा

▶▶ उत्तराखंड से अजय भट्ट को किया रिप्लेस

2007 के चुनावों में अजय टम्टा ने सोमेश्वर से विधानसभा का चुनाव लड़ा। वह दो बार विधानसभा के सदस्य और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। 2009 के लोकसभा चुनाव में उन्हें अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया लेकिन वह कांग्रेस के प्रदीप टम्टा से चुनाव हार गए। लेकिन 2014 और 2019 के चुनावों में उन्होंने इस सीट पर रिकार्ड मतों से अपना कब्जा जमाया। इस बार भी वह लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने में कामयाब हुए।

अजय टम्टा देश और प्रदेश की सियासत में एक सधे हुए राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते हैं। अपने सरल स्वभाव के कारण वह कार्यकर्ताओं में भी खासे लोकप्रिय हैं। उन्होंने हमेशा केंद्र और प्रदेश की राजनीति में सामंजस्य बनाए रखा। जिसका लाभ उन्हें इस चुनाव में भी मिला। तीसरी बार जीत के बाद अजय टम्टा भाजपा में एक मझे हुए सियासतदार के रूप में सामने आए। इससे पहले उत्तराखंड से नैनीताल के सांसद अजय भट्ट मोदी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री थे। लेकिन इस बार अजय टम्टा को लिया गया है। उनके राज्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ता खुश हैं।

## कैंची धाम में फोटोग्राफी पर रोक

**नैनीताल, अमृत विचार :** 15 जून को कैंची धाम का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया जायेगा।

डीएम वंदना सिंह ने बताया कि कैंची मंदिर परिसर के आसपास वाहनों का हॉर्न बजाना, प्लास्टिक का प्रयोग, धूम्रपान, सोशल मीडिया के लिए रील्स, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल को मंदिर परिसर और पुल के आसपास नदी में विशेष सतर्कता, नदी में कूड़ा-करकट व स्नान पर रोक लगाने के लिए कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिये हैं।

## दिल्ली के लोहिया अस्पताल में भर्ती पूर्व राज्यपाल कोश्यारी से मिले सीएम धामी



**देहरादून।** पूर्व सीएम व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी स्वास्थ्य खराब होने की वजह से दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कोश्यारी को बीते दिनों तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अस्पताल पहुंचकर कोश्यारी से भेंट की। उनकी कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## चारधाम यात्रा में अब तक 100 श्रद्धालुओं की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 49 श्रद्धालुओं ने तोड़ा दम

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब 60 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। वहीं, मौतों का आंकड़ा भी नहीं थम रहा है। अब तक 100 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। केदारनाथ धाम में सर्वाधिक 49 लोगों की मौत हुई है।

चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई थी, तब से 19,10,919 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में 7,48,348, बदरीनाथ धाम में 4,72,065 श्रद्धालु, यमुनोत्री धाम में 3,46,545 और गंगोत्री धाम में 3,39,892 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। लेकिन मौतों के आंकड़े ने शासन- प्रशासन की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। हालांकि चारधाम यात्रा में जो मौतें हुई हैं वे सभी हृदय गति रुकने से हुई हैं। एक माह के भीतर 100 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।


## वर्ग पहेली-96

**बाएं से दाएं**

1. 1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर
5. साबूदाना।
6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।
7. 1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम, खखार।
8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।
9. 1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।
3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यवस्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।
4. 1. खेदजनक 2. दुखद।
6. 1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।



### वर्ग पहेली -95 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कें | स | ल | ■ | 2 वि | के | ट |
| ■ | ■ | ■ | ■ | भा | ■ | ■ |
| ■ | 3 वि | ■ | 4 दे | व | की | य |
| 5 वि | चा | र | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | र | ■ | गा | ■ | 6 भ | ■ |
| ■ | शी | ■ | 7 र | स | वा | न |
| 8 खि | ल | त | ■ | ■ | नी | ■ |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | 1 | | | |
| | 8 | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | | 9 | 5 | 3 | 4 | |
| | 4 | | 9 | | | | 2 | 1 |
| 8 | | | | | | | | 7 |
| 5 | 3 | | | | 6 | | 9 | |
| | 6 | 9 | 8 | 2 | | | 1 | 5 |
| | | | | 4 | | | 6 | |
| | | | 6 | | 3 | | 8 | |

### सुडोकू - 8 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 21.40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आप नया कुछ सीखने का प्रयास कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ कुण्ठित हो सकते हैं। परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। जिस काम में आपको जोखिम की संभावना दिख रही है, फिलहाल उसे टालना हितकर होगा।

**वृष** — आज आप अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। आप सबकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अधिकारियों के साथ तनाव हो सकता है। घर के बुजुर्ग जातकों की सेहत का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। अपनी वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक दौड़-धूप में अपना समय बर्बाद न करें।

**कर्क** — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। लोग आपसे काफी कुछ सीखना चाहेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपका समय बीतेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। यदि आप नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो दिन आपके लिए अनुकूल है।

**सिंह** — आज व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आज आपको किसी भी बड़ी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मशीनों के रखरखाव में सावधानी रखें। विदेश यात्रा में परेशानियां संभव है। आपको अपनी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं। आज कई अटके हुए कार्यों को शुरू करेंगे। शत्रुओं के ऊपर आपका दबाव बढ़ेगा। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अधीनस्थ कर्मचारी आपके लिए काफी अच्छा कार्य करेंगे।

**तुला** — आज आप नए कारोबार की तरफ बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिल सकती है। बुरे लोगों की संगत से आपको बाहर निकल जाना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। लोगों की मदद करने से आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज कई लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। व्यावसायिक संबंधों को लेकर आपके मन में शंका का भाव रहेगा। आज किसी से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा न करें। आज आपको स्वत : की आगे बढ़ना होगा। पारिवारिक जीवन शान्तिपूर्वक बीतेगा।

**धनु** — आज आपको अपनी सेहत का काफी ध्यान रखना होगा। पेट से जुड़े विकार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी अध्यात्मिक संस्था से आपका जुड़ाव हो सकता है।

**मकर** — आज आपके सहयोगी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा होगी। राजनीतिक चर्चाओं में आप समय बिता सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपका मन काम के बजाय अन्य गतिविधियों में ज्यादा होगा।

**कुंभ** — आज दिनचर्या को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आपकी इच्छानुसार काम न होने से मन कुछ अप्रसन्न होगा, किन्तु आपके मौके कम नहीं हुए हैं। यात्रा आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगी। यदि आप किसी जॉब में हैं, तो उसमें बदलाव को लेकर भी कुछ विचार बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके मन में तनाव रहेगा। भविष्य को लेकर चिंता रहेगी। कानूनी मामलों को लेकर कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। इस समय अपना मन शांत रखें और नए विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप अपनी व्यवहारकुशलता से लोगों को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
लश्कर
सुबह : 08.09
एक और एक ग्यारह
शाम : 06.18

&pictures
द कराटे किड
सुबह : 10.58
जनहित में जारी
रात : 08.00

SONY PIX
स्पाइडर-मैन : फार फ्रॉम होम
सुबह : 10.32
द रेड 2
शाम : 06.36

ZEE CINEMA
हैलो चार्ली
सुबह : 09.35
ज़माने को दिखाना है
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
जीने नहीं दूंगा
सुबह : 11.30
भगवंत केसरी
रात : 07.50

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर सुबह : 09.35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं।
पंडित बेहोश!

# नीट परीक्षा ने परिवारों को तोड़ दिया: राहुल

## कांग्रेस नेता बोले- परीक्षा में हुई धांधली 24 लाख से अधिक छात्रों को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट परीक्षा विवाद



• शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे पेपर लीक उद्योग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफिया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

गांधी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक बच्चों को प्रभावित किया और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

### छात्रों से कहा- मैं संसद में बनूंगा आपकी आवाज

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं से 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट-यूजी में अंक बढ़ाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतम अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को नकार रही है।

## ट्रेन में युवती का दो हिस्सों में मिला शव हाथ और पैर गायब

इंदौर (मध्यप्रदेश)। शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात युवती का दो हिस्सों में कटा शव रविवार को बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी की सूचना पर डॉ. आम्बेडकर नगर-इंदौर यात्री ट्रेन से युवती का शव बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। युवती के सिर से कमर तक का हिस्सा ट्रेन में छोड़े गए ट्रॉली बैग में मिला, जबकि उसकी कमर से नीचे का भाग प्लास्टिक की बोरी में बंद था। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर गायब हैं। युवती की हत्या किसी और स्थान पर एक-दो दिन पहले की गई और इसके बाद उसके शव को काट कर इसके हिस्सों को शनिवार रात यात्री ट्रेन में रख दिया गया।

## भाजपा को वोट नहीं देने पर बीड में मराठा समुदाय के लोगों पर हमला

जालना, एजेंसी



• जरांगे ने फडणवीस से कार्रवाई का किया आग्रह

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा की उम्मीदवार को वोट न देने पर मराठा समुदाय के लोगों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का रविवार को आग्रह किया।

अंतरवाली सारथी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन पत्रकारों से वार्ता करते हुए जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। पंकजा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनावने से हार गई थीं। जरांगे ने गृह मंत्री और बीड के पुलिस अधीक्षक से हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मराठा युवाओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

जरांगे मराठा समुदाय के लोगों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर शनिवार से अनशन कर रहे हैं। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें।

## शेयर बाजार आई गिरावट पर रिपोर्ट को कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने को 3 जनवरी को दिए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और सेबी को समिति के सुझावों पर विचार करना तथा नियामक ढांचे को मजबूत, निवेशकों की सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार का कामकाज सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक नजर

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में 6 गिरफ्तार

लातूर (महाराष्ट्र), नौ जून (भाषा) महाराष्ट्र के लातूर जिले में 30-वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विट्ठल नगर की रहने वाली अनीता बालाजी लश्करे ने छह जून को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार परेशान करते और धमकी देते थे।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। लैलूंगा थाना क्षेत्र के घरघोड़ा रोड पर 3 लोग बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरघोड़ा की तरफ जा रहे थे तभी गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मोटर साइकिल के तेज गति में होने के कारण हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है वही एक अन्य घायल तीसरे युवक की हॉस्पिटल में मौत होने की जानकारी मिल रही है।

## किसानों ने महिला कांस्टेबल के समर्थन में निकाला मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

कंगना थप्पड़ विवाद

• किसानों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ बयान पर रनौत की आलोचना की

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सहित कई किसान संगठनों ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल के समर्थन में मोहाली में मार्च निकाला, जिसने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

किसान नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मोहाली के गुरुद्वारा अम्ब साहिब से शुरू हुए मार्च के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था। महिला कांस्टेबल के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। किसान नेताओं ने पंजाब के लोगों के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के लिए रनौत की आलोचना की। कौर किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रनौत के रुख से नाराज थीं। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। मोहाली पुलिस ने कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही जमानती अपराध हैं।

कंगना ने गुरुवार को वीडियो संदेश में कहा था कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई थी। कंगना ने कहा था, कांस्टेबल बगल से उनकी ओर आई तथा उसने मेरे चेहरे पर (थप्पड़) मारा और मुझे गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो उसने कहा कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करती है।

### कंगना ने किया हिमाचल पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा का अनुरोध

शिमला। अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उन्हें कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। सीआईएसएफ की कांस्टेबल ने शुक्रवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। महानिदेशक ने सांसद को बताया कि खतरे का आकलन करने के बाद राज्य कानून-व्यवस्था इकाई द्वारा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## बीजद की हार के बाद पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास

भुवनेश्वर। पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आने के ठीक छह महीने और 13 दिन बाद संन्यास लेने की रविवार को घोषणा की और कहा कि वह ओडिशा को अपने दिल में तथा गुरु नवीन बाबू को अपनी सांसों में रखेंगे। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद नवीन पटनायक की सहायता करना था और यही कारण है कि उन्होंने 2024 का चुनाव नहीं लड़ा।



• पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आए छह महीने और 13 दिन के बाद की घोषणा

पांडियन ने चुनावों में हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने की स्थिति में लोगों, बीजू जनता दल (बीजद) नेताओं व कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा एकमात्र मकसद नवीन बाबू की सहायता करना था। अब मैंने सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। यदि इस सफर में मैंने किसी को कोई ठेस पहुंचाई हो, तो मुझे माफ कर दें। यदि मेरे खिलाफ विमर्श ने बीजद की हार में कोई भूमिका निभाई है, तो मुझे खेद है। चुनाव प्रचार के दौरान पांडियन ने कहा था कि अगर पार्टी अध्यक्ष पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। पांडियन ने झाड़सुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में रैली में घोषणा की थी, भाजपा कहती हैं कि ओडिशा में भाजपा की लहर है और परिवर्तन की लहर है, लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं कि अगर पटनायक एक बार फिर मुख्यमंत्री नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने पांडियन के खिलाफ जारी आलोचना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और शानदार काम करने के लिए उनकी सराहना की। पटनायक ने स्पष्ट किया था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।

## मणिपुर के जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर हिंसा

• उग्रवादियों के दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने के बाद से था तनाव

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं। मणिपुर पुलिस ने कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी।


वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई। इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है, जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं। पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार/असत्यापित सूचना फैलाने से बचे। जातीय संघर्ष से ग्रसित मणिपुर राज्य के जिरीबाम में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद बृहस्पतिवार शाम को हिंसा भड़क उठी थी। अधिकारी ने बताया था कि सोइबम सरतकुमार सिंह नाम का व्यक्ति छह जून को अपने खेत जाने के बाद लापता हो गया था। बाद में उसका शव मिला, जिस पर नुकीली चीज से किए गए घाव के निशान थे।

### ट्रक में जा रही वस्तुओं में गुस्साई भीड़ ने लगा दी थी आग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच शनिवार देर रात सोरोक अटिंगबी खुनौ में गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक को रोका और उसमें ले जाई जा रही आवश्यक वस्तुओं को कथित तौर पर आग लगा दी। मणिपुर में पिछले साल से मई से जारी हिंसा से अब तक जिरीबाम अप्रभावित रहा है। यहां भी मेइती, मुस्लिम, नगा, कुकी और गैर-मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल के मेइती और पहाड़ी इलाकों के कुकी लोगों में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक की मौत हो गई है और हजारों बेघर हो गए हैं।

## रामोजी राव का हैदराबाद की फिल्म सिटी में किया गया अंतिम संस्कार

हैदराबाद। मीडिया जगत की हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी। रामोजी राव का शनिवार की सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। रामोजी राव के अंतिम संस्कार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेता शामिल हुए। रामोजी राव ने समाचार पत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल की शुरुआत करके आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था।



## जल संकट को लेकर उपराज्यपाल सक्सेना आतिशी से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना सोमवार को जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे और हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुनक नहर राष्ट्रीय राजधानी के पेयजल के प्राथमिक स्रोतों में से एक है। आतिशी ने इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक के लिए सक्सेना से समय मांगा था। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा था कि दिल्ली को नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है।

## कारोबार/कृषि

# अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

## पिछले सप्ताह हुए चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में दिखा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

### 8 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 3.28 लाख करोड़

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3 .28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में सेंसेक्स 2,732 .05 अंक या 3 .69 प्रतिशत उछल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने कुल 3,28,116 .58 करोड़ रुपये जोड़े। एसबीआई और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई।

## एफपीआई ने जून में इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया।

चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था। जनवरी में 25,743 करोड़ निकाले थे। निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी।

## एनसीएलटी ने हिमालयन मिनरल वाटर पर दिवाला कार्रवाई की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



• न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने सीआईआरपी के लिए नियुक्त किया आईआरपी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है। दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक/वित्तीय ऋणदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है।

जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।

## भारत के पीसी बाजार में आसुस को दिख रहे बड़े अवसर

ताइपे। भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया कि भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 प्रतिशत है। करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं।

## बजट में स्टार्टअप के लिए वाणिज्य मंत्रालय मांग सकता है ज्यादा राशि

नई दिल्ली, एजेंसी

• नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में पेश कर सकती है बजट

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है।

अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ की राशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

## ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है। इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी।

ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतर्राष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया।

## डोसा, इडली बनाने के मिश्रण पर देना होगा 18% जीएसटी : जीएएआर

नई दिल्ली, एजेंसी

• पाउडर के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है

इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है।

गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जीएसटी नियमों के तहत नहीं है, जैसे सत्तू के मामले में। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5% जीएसटी है। जीएएआर ने कहा कि उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

## चार वर्षों में यात्री वाहनों का निर्यात 2 .68 लाख इकाई बढ़ा

नई दिल्ली, एजेसी



• निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत

• यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 2022-23 में 6,62,703 इकाई हुआ।

पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 1,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में यात्रा वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको भी शामिल हैं। हुंदै ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,63,155 इकाई और 2022-23 में 1,53,019 इकाई निर्यात की।



## खेल डायरी

### अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकीं



**गैलोवे (अमेरिका), एजेंसी।** भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई। बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी। उन्होंने 16वें और 18वें होल में बर्डी बनाई लेकिन यह कट में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अदिति का दो दिन का स्कोर दो अंडर रहा जबकि कट तीन अंडर पर गया। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 132 है और वह एक शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर काबिज हैं।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर



**हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन), एजेंसी।** भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया, जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए। स्वीडन के सेबेस्टियन सोडरबर्ग ने 6 अंडर 66 का कार्ड खेल कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनका कुल स्कोर 21 अंडर पार पर है और उन्होंने आठ शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

### अवनि को एलईटी एक्सेस सीरीज के कट में जगह



**मोंटौबन (फ्रांस), एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत एलईटी एक्सेस सीरीज के मोंटौबन लेडीज ओपन के दूसरे दौर में निराशाजनक 78 का कार्ड खेलने के बाद भी कट में जगह हासिल करने में सफल रही। शुरुआती दौर में 71 के कार्ड के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर रही अवनि ने दूसरे दौर के 15वें होल में ट्रिपल-बोगी और 18वें होल में डबल बोगी करने के साथ ही 17वें होल में भी बोगी कर बैठी। वह दूसरे दौर के बाद कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर खिसक गयी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय में दुर्गा नित्तूर (75-81) कट में जगह बनाने से चूक गई।

### कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता



**पेरिस, एजेंसी।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष एकल फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। स्पेन के तीसरे वरीय अल्कारेज ने चौथे वरीय ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। ज्वेरेव के खिलाफ 10 मैच में यह अल्कारेज की पांचवीं जीत है। इक्कीस साल के अल्कारेज अपने देश के दिग्गज रफेल नडाल को रोलां गैरो पर 14 ट्रॉफी जीतते हुए देखते हुए बड़े हुए हैं और अब वह नडाल को पछाड़कर तीन सतहों पर मेजर चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले अल्कारेज 2022 में हार्ट कोर्ट पर अमेरिकी ओपन और 2023 में ग्रास कोर्ट पर विंबलडन खिताब जीत चुके हैं।

### होंडा टीम के मोहसिन 17वें स्थान पर

**मोतेगी (जापान), एजेंसी।** होंडा रेसिंग इंडिया टीम एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप में तीसरे चरण की रेस 2 से कोई अंक हासिल नहीं कर सकी क्योंकि रविवार को यहां केविन समर क्विंटल बाइक इंजन की समस्या के कारण रेस पूरी नहीं कर सके, जबकि मोहसिन परम्बन एपी 250 वर्ग में 17वें स्थान पर रहे। ग्रिड में 18वें स्थान से रेस शुरू करने वाले केविन को इंजन की समस्या के कारण छठे लैप के दौरान रेस से हटना पड़ा। केविन इस रेस से पहले कुछ 10 अंक हासिल कर चुके हैं जबकि टीम के उनके साथी राइडर मोहसिन अपने दो अंक को बढ़ाने में विफल रहे। मोहसिन ने रेस को 17वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया, जो अंक हासिल करने की सूची से बाहर था। केरल के इस राइडर ने सत्र की शुरुआती रेस से दो अंक हासिल किये थे।

### अरेवालो और पाविच को फ्रेंच ओपन का खिताब



**पेरिस, एजेंसी।** अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं। यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था। अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था। अरेवालो ने कहा, मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है।

### नागल ने नेकारकप चैलेंजर जीता

**हीलब्रॉन (जर्मनी), एजेंसी।** भारत के शीर्ष रैंक के एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां स्विट्जरलैंड के अलेक्जेंडर रिट्सचर्ड को हराकर नेकारकप एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता को जीत लिया। नागल ने तीन सेट तक चले मुकाबले को 6-1, 7-6 (7-5), 6-3 से अपने नाम कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को प्रबल कर लिया। वह इस जीत के बाद सोमवार को जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 80 में प्रवेश कर जायेंगे। पेरिस ओलंपिक से जुड़ी आधिकारिक घोषणा सोमवार को हो सकती है। तीसरी वरीयता प्राप्त नागल को पहला सेट जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिट्सचर्ड ने दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा द.अफ्रीका

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था।

दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा। नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी। अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स। **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। **यात्रा करने वाले रिजर्व :** अफीफ हुसैन, हसन महमूद। **मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।**

# स्कॉटलैंड ने ओमान को सात विकेट से धोया

एंटीगा, एजेंसी

सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम पर रविवार को खेले गए टी20 विश्वकप के मुकाबले में स्कॉटलैंड ने ओमान को 7 विकेट से रौंद दिया। स्कॉटलैंड के ब्रेंडन मैक्कुलन को 31 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाने पर प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

ओमान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 150 रनों का लक्ष्य स्कॉटलैंड को दिया। ओमान की तरफ से प्रतीक अथावले ने सर्वाधिक 54 और अयान खान ने 41 रनों का पारी खेली। जवाब में उतरी स्कॉटलैंड की टीम ने 13.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रेंडन मैक्कुलन ने सर्वाधिक 61 और जॉर्ज मोन्से ने 41 रनों का योगदान दिया। स्कॉटलैंड के साफयान शरीफ ने दो विकेट झटके।

# भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हराया

## बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ, जसप्रीत बुमराह ने तीन और हार्दिक पंड्या ने दो विकेट झटके

न्यूयॉर्क, एजेंसी



ऋषभ पंत

ऋषभ पंत (42) और अक्षर पटेल (20) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में छोटे स्कोर का बचाव करते पाकिस्तान को छह रन से हरा दिया है। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पांचवें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने कप्तान बाबर आजम (13) को आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। उसके बाद मोहम्मद रिजवान और उस्मान खान ने पारी को संभालाने का प्रयास किया इसी दौरान 11वें ओवर में अक्षर पटेल ने उस्मान (13) को पगबाधा आउट कर दिया। फखर जमान (13) हार्दिक का शिकार बने। 17वें ओवर में हार्दिक ने शादाब खान (4) को आउट कर भारत की मैच में वापसी कराई। इफ्तिखार अहमद (5) रन बनाकर आउट हुये। नसीम शाह चार गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी और छह रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या को दो विकेट मिले। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान को जीत के लिए 120 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

वर्षा बाधित मैच में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में विराट कोहली (4) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (13) भी पवेलियन लौट गये। इसके बाद ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने पारी को संभाला। भारतीय टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी इस दौरान आठवें ओवर में नसीम शाह ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर पाकिस्तान को तीसरी सफलता दिलाई। पटेल ने 18 गेंदों में 20 रन बनाये। 12वें ओवर में हारिस रउफ़ सूर्यकुमार यादव (7) का विकेट चटकाते हुए पाकिस्तान की मैच में वापसी कराई। इसके बाद भारत ने लगातार पांच विकेट गवां दिये। शिवम दुबे (3), हार्दिक पंड्या (7), रवींद्र जाडेजा (शून्य), जसप्रीत बुमराह (शून्य) पर आउट हुये। अर्शदीप सिंह (9) पर रनआउट हुये। मोहम्मद सिराज (7) रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय पारी 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने तीन -तीन विकेट लिये। मोहम्मद आमिर को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी को एक विकेट मिला।

**भारत 119/10** — 19 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित का राउफ बो शाहीन | 13 | 12 | 1/1 |
| कोहली का उस्मान बो नसीम | 04 | 03 | 1/0 |
| पंत का बाबर बो आमिर | 42 | 31 | 6/0 |
| अक्षर पटेल बो नसीम | 20 | 18 | 2/1 |
| सूर्यकुमार का आमिर बो राउफ | 07 | 08 | 1/0 |
| शिवम का एवं बो नसीम | 03 | 09 | 0/0 |
| हार्दिक का इफ्तिखार बो राउफ | 07 | 12 | 1/0 |
| जडेजा का इमाद बो आमिर | 00 | 01 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 09 | 13 | 1/0 |
| बुमराह का इमाद बो राउफ | 00 | 01 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 07 | 07 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** शाहीन 4-0-29-1, नसीम 4-0-21-3, आमिर 4-0-23-2, इफ्तिखार 1-0-7-0, वसीम 3-0-17-0, राउफ 3-0-21-3

**पाकिस्तान 113/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 09

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मोहम्मद रिजवान बो बुमराह | 31 | 44 | 1/1 |
| बाबर आजम का सूर्यकुमार बो बुमराह | 13 | 10 | 2/0 |
| उस्मान खान पगबाधा बो अक्षर | 13 | 15 | 1/0 |
| फखर जमां का पंत बो पंड्या | 13 | 08 | 1/1 |
| इमाद वसीम का पंत बो अर्शदीप | 15 | 23 | 1/0 |
| शादाब खान का पंत बो पंड्या | 04 | 07 | 0/0 |
| इफ्तिखार का अर्शदीप बो बुमराह | 05 | 09 | 0/0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |
| नसीम शाह नाबाद | 10 | 04 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-31-1, मोहम्मद सिराज 4-0-19-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-14-3, हार्दिक पंड्या 4-0-24-2, रवीन्द्र जडेजा 2-0-10-0, अक्षर 2-0-11-1

# गुरप्रीत फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए कप्तान



**दोहा, एजेंसी।** भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा।

भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है। छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने इस मुकाबले के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी अमेय रानावाडे, लालचुंगनुंगा और सुभाशीष बोस शामिल नहीं है।

# वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रनों से रौंदा

- वेस्टइंडीज के अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट लेकर युगांडा की कमर तोड़ दी
- घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण युगांडा 12 ओवर में 39 रन पर ढेर हो गया
- अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया

प्रॉविडेंस, एजेंसी



अकील हुसैन

जॉनसन चार्ल्स (44) और उसके बाद अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के 18वें मुकाबले में युगांडा को रिकार्ड 134 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अल्पेश रामजनी ने ब्रैंडन किंग (13) को बोल्ड कर युगांडा को पहली सफलता दिलाई। 10वें ओवर में निकोलस पूरन (22) आउट हुये उन्हें मसाबा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कप्तान रोवमन पॉवेल (23), शरफेन रदरफोर्ड (22) रन बनाकर आउट हुये। जॉनसन चार्ल्स ने 42 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये 44 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 17 गेदों में 30 रन और रोमारियो शेफोर्ड (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। युगांडा की ओर से ब्रायन मसाबा ने दो विकेट लिये।अल्पेश रामजनी, कॉसमास क्येवूता और दिनेश नकरानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की टीम को वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 11 रन पर पांच विकेट और अल्ज़ारी जोसेफ छह रन पर दो विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौल्त 12 ओवर में 39 रन पर ढ़ेर कर दिया। युगांड की ओर से जुमा मियाजी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड, आंद्रे रसल और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है।

# महिला-पुरुष हॉकी टीम को ब्रिटेन से मिली हार

- क्रमश: 3-2 और 3-2 से हार का सामना करना पड़ा

लंदनए एजेंसी

भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को रविवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में ब्रिटेन के खिलाफ खेले गये अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय महिला टीम और पुरुष टीम को ब्रिटेन के खिलाफ खेले गये मुकाबलों में क्रमशः 3-2 और 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की लेकिन शुरुआती मिनटों में ही ब्रिटेन ने गोलकर बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम की ओर से वॉटसन चार्लोट ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल दागा। इसके बाद ब्रिटेन ने छठे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं सकी। भारत की ओर से गोल करने का प्रयास लगातार जारी रहा और 14वें मिनट में लालरेमसियामी ने भारत के लिए पहला गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में ब्रिटेन की टीम ने जोरदार वापसी की और आक्रामक रुख अपनाते हुए 55वें और 56वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। बाल्सडन ग्रेस ने 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। 58वें मिनट में बाल्सडन ग्रेस ने अपना दूसरा गोल करते हुए स्कोर को 3-2 कर दिया।

ब्रिटेन ने खेल के पहले मिनट में ही गोल करके भारतीय पुरुष टीम पर दबाव बना दिया। खेल के दूसरे क्वार्टर में भारत ने वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। खेल का चौथा और निर्णायक क्वार्टर दोनों टीमों के लिए इस मैच को जीतने के लिए महत्वपूर्ण और आखिरी मौका था। लेकिन यहां ब्रिटेन ने बेहतर खेल का मुज़ाहिरा करते हुए खेल के आखिरी क्वार्टर में एक और गोल करके मैच में जीत लिया।

# भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक

स्ट्रासबर्ग, एजेंसी



भारत की अन्नू रानी ने स्टेड डी''हाउतेपिएरे में नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता।

शनिवार को फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एथलेटिक्स सत्र 2024 की अपनी चौथी प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने अपने अंतिम प्रयास में 57.48 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर तीसरे पायदान पर रही। फ्रांस की एलिज़ी मिनार्ड ने 57.77 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हमवतन जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई भाला फेंक चैंपियन का इस सत्र में यूरोप में यह तीसरा मौका था जब अन्नू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

31 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पिछले महीने जर्मनी में ऑफेनबर्ग में हाइलो जेवलिन मीटिंग में 60.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरुआत की थी। उस प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही थीं।

# स्कॉट फ्लेमिंग फिर बास्केटबॉल टीम के कोच बने

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) ने रविवार को अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद स्कॉट फ्लेमिंग को फिर से पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्लेमिंग को बीएफआई ने राष्ट्रीय टीम के कोच के अलावा देश में कोचिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। फ्लेमिंग इससे पहले 2012 से 2015 तक भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने एनबीए इंडिया के बास्केटबॉल संचालन के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

# पूजा तोमर यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय बनीं

केंटकी, एजेंसी



पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं।

मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं। साइक्लोन के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं।

# गॉफ और सिनियाकोवा जीतीं

**फ्रेंच ओपन**

पेरिस, एजेंसी



कोको गॉफ ने रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

गॉफ ने कहा, तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# 100 का प्रेमी, 96 की प्रेमिका, रचाई शादी



**फ्रांस।** द्वितीय विश्व युद्ध लड़ने वाले अमेरिका के पूर्व सैनिक हारोल्ड टेरेंस ने 100 साल की उम्र में अपनी 96 वर्षीय प्रेमिका जीन स्वेर्लिन से शादी की। टेरेंस और स्वेर्लिन ने फ्रांस में नॉरमैंडी के डी-डे समुद्र तट पर स्थित एक टाउन हॉल में शादी की। यह वही स्थान है जहां छह जून, 1944 को मित्र देशों के विमानों के उतरने के बाद भीषण लड़ाई हुई थी जिससे यूरोप को एडोल्फ हिटलर के अत्याचार से मुक्ति दिलाने में मदद मिली। विवाह में शामिल हुए कुछ लोगों ने विश्व युद्ध के समय की पोशाक पहनीं। जीन स्वेर्लिन ने गुलाबी रंग की पोशाक पहनी थी, वहीं, टेरेंस ने हल्के नीले रंग के सूट पहना। टेरेंस ने कहा, प्यार केवल युवाओं के लिए नहीं हैं। दंपती को फ्रांस के राष्ट्रपति ने राजकीय रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया था।

- द्वितीय विश्व युद्ध लड़ चुका है पूर्व सैनिक
- रात्रिभोज पर राष्ट्रपति ने किया था आमंत्रित

# संतुलित दिमाग के लिए सही मात्रा में पानी जरूरी



आस्ट्रेलिया के बैलरैट क्लेरेंडन कॉलेज ने पिछले महीने पांचवीं से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए कक्षा में पानी की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर एक परीक्षण किया। स्कूल के अनुसार प्रारंभिक प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि ऐसा करने से कक्षा के दौरान शोर कम हुआ और शौचालय जाने के लिए छात्रों के ब्रेक लेने में कमी आई। स्कूल ने पाया पाया कि पानी हमारे दिमाग के लिए बेहद जरूरी है। बच्चों को एक दिन में कितना पानी पीने की जरूरत होती है, सामान्य तौर पर चार से आठ साल के बच्चों को प्रतिदिन लगभग 1.2 लीटर पानी पीना चाहिए। 9 से 13 साल के लड़कों को 1.6 लीटर पानी पीना चाहिए। नौ से 13 साल की लड़कियों को 1.4 लीटर पानी पीना चाहिए।

### जर्मनी का रिसर्च पानी पढ़ाई में मददगार है

जर्मनी के पांच और छह साल के बच्चों पर 2020 में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जिन बच्चों ने सुबह चार घंटे की अवधि में पानी की अपनी दैनिक आवश्यकता का कम से कम 50 प्रतिशत (लगभग एक लीटर) पानी पिया, उनका दिमाग समग्र रूप से बेहतर कार्य करता है। बच्चों की दिनचर्या में पानी शामिल करें नियमित समय पर पानी पीने से बच्चों और युवाओं के लिए नियमित दिनचर्या बनाने में भी मदद मिल सकती है। नियमित दिनचर्या ध्यान, भावनाओं और व्यवहार को प्रबंधित करने का महत्वपूर्ण तरीका है। ऐसा जरूरी नहीं है कि पानी पीने के लिए ब्रेक कक्षा के दौरान ही दिया जाए (खासकर अगर स्कूल को लगता है कि इससे पढ़ाई में बाधा पैदा होती है)।

### हमारे मस्तिष्क के लिए पानी इतना महत्वपूर्ण क्यों

मस्तिष्क के कुल द्रव्यमान का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा पानी है और हमारे दिमाग को काम करते रहने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। पानी हार्मोन के स्तर को संतुलित करने, उचित रक्त प्रवाह बनाए रखने और मस्तिष्क में विटामिन, खनिज एवं ऑक्सीजन पहुंचाने में मस्तिष्क की कोशिकाओं और ऊतकों की मदद करता है। इसलिए यदि छात्रों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाया जाए तो इससे उनकी एकाग्रता बढ़ती है।

### 13 देशों के 6,469 बच्चों हुआ था अध्ययन

आहार संबंधी ऑस्ट्रेलियाई दिशा-निर्देशों के अनुसार, सादा पानी पीना बेहतर होता है लेकिन यदि आपका बच्चा पानी पीना पसंद नहीं करता है, तो आप जूस की कुछ बूंदें इसमें मिला सकते है। शोध से पता चलता है कि कई स्कूली बच्चे पर्याप्त पानी नहीं पीते। कुल 13 देशों के 6,469 बच्चों (चार से 17 वर्ष की आयु वर्ग) को शामिल कर 2017 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे और 75 प्रतिशत किशोर पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन नहीं करते। हमें कितनी बार पानी पीना चाहिए। इस बारे में कोई विशेष सलाह नहीं दी गई है।

## एक नजर

### चीन में कृषि प्रशिक्षण लेंगे पाकिस्तानी छात्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोस्ट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया।

### अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**नियामी।** अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुनः तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया। पहले आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट किया और बाद में काफिले पर गोलीबारी शुरू कर दी।

### अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के छह साइबर ठग गिरफ्तार

**भरतपुर।** राजस्थान में धौलपुर में पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि उनसे छह मोबाइल फोन एवं एक चौपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इनके खिलाफ विभिन्न राज्यों मे साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज होने के साथ विदेशों तक फैले उनके जाल का खुलासा भी हुआ है। पुलिस के अनुसार थानाधिकारी रामनरेश के नेतृत्व मे थाना सदर पुलिस एवं साइबर क्राइम के संयुक्त दल ने सदर चौराहा से नाकाबंदी के दौरान इनको गिरफ्तार किया।

# इजराइल ने लेबनान पर बरसाईं मिसाइलें

## हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार को मार गिराया

**बेरूत, एजेंसी**

इजराइल ने दक्षिणी लेबनान पर शनिवार को हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोगों को ढेर कर दिया। हमले में आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजराइली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक ठिकाने को निशाना बनाया था। जिसमें हवाई हमले में हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं। एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को भी निशाना बनाया गया जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

हिजबुल्लाह और इजराइली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजराइल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा तीन दिन पूर्व कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजराइली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजराइल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया है। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी शुरू कर दी।



### इजराइल के साथ सहयोग बंद करें इस्लामिक देश

**तेहरान।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजराइल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए। इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजराइली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

### कतर, मिस्र ने हमास को परिणाम भुगतने की दी धमकी

**दोहा।** कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजराइल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इजराइल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी।

### खुफिया डेटा ने इजराइली बंधकों को मुक्त कराने में की मदद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजराइल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया था। बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादी किए ढेर

**मोगादिशु।** सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सूचना मंत्रालय कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक भी मारे गए। अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है।

यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

- अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा है अल-शबाब संगठन

# मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला एटीसी अधिकारी को ड्यूटी से हटाया

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों की जान उस समय बाल-बाल बची, जब इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान उसी रनवे पर उतर गया, जहां से एयर इंडिया का एक जेट विमान तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ान भरने तेजी से आगे बढ़ रहा था।

घटना का वीडियो तरुण शुक्ला नाम के एक यूजर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। इससे मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुंबई से एक वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी (एटीसीओ) को ड्यूटी से हटा दिया। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके दावा किया कि इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई 6053 के पायलट ने एटीसी की ओर से दिये गए निर्देशों का पालन किया था। इंडिगो के एक प्रतिनिधि ने कहा 8 जून, 2024 को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई एयरपोर्ट पर एटीसी की ओर से लैंडिंग की मंजूरी दी गयी। पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया। इंडिगो में, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।



- जिस रनवे पर इंडिगो का विमान उतरा उसी पर उड़ान भरने के लिए दौड़ा एयर इंडिया का जेट



### यूरोपीय संसद के लिए 20 देशों में मतदान शुरू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया। यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे। सदन में सीट जनसंख्या के आधार पर आवंटित की जाती हैं। माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं। हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते।

## उत्तर कोरिया के खिलाफ संदेश प्रसारित करेगा दक्षिण कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया में गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के खिलाफ लाउडस्पीकर के जरिए संदेश प्रसारित फिर से शुरू करेगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन के नेतृत्व में रविवार को एक आपात सुरक्षा बैठक की गई जिसमें अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। चांग और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया के लोगों में घबराहट पैदा करने और शांति में खलल डालने के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की। साथ ही कहा कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के लिए पूरी तरह उत्तर कोरिया ही जिम्मेदार होगा। सेना ने बताया कि सप्ताहांत में कचरे से भरे सैंकड़ों गुब्बारे सियोल की ओर भेजे थे। उत्तर कोरिया ने मई के अंत से अब तक तीसरी बार कूड़ा-कचरे वाले गुब्बारे भेजे।

- गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में सीमावर्ती क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से देगा संदेश

## यूक्रेन ने रूस के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर किया हमला

**कीव।** यूक्रेन ने रविवार को कहा कि उसके बलों ने अग्रिम चौकियों से लगभग 600 किलोमीटर दूर वायुसेना अड्डे के निकट खड़े रूसी अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर हमला किया है। यूक्रेन के सहयोगी पश्चिमी देशों ने उसे रूस के अंदर सीमित हमलों के लिए अपने हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी।

यूक्रेन की मुख्य सैन्य खुफिया सेवा ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें साझा कीं और कहा कि इनमें हमले के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है। यदि इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह यूक्रेन द्वारा सुखोई-57 लड़ाकू विमान पर किया गया पहला सफल हमला होगा। सुखोई दोहरे इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे रूस का सबसे उन्नत सैन्य विमान माना जाता है। एक तस्वीर में, खड़े हुए विमान के चारों ओर मलबा देखा जा सकता है।

## नेपाल से प्रत्यर्पित मुख्य संदिग्ध से सीआईडी ने की पूछताछ

**कोलकाता, एजेंसी**

**बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड**

सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में नेपाल पुलिस द्वारा भारत प्रत्यर्पित किए गए मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू की।

बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था। सीआईडी अधिकारी ने कहा हम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। सांसद की तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी नेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए बारानगर आवास से निकले थे।

## मुठभेड़ में त्रिपुरा सीमा पर बंगलादेशी तस्कर की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कलामचौरा इलाके में किराने के सामान की तस्करी की कोशिश कर रहे तेजधार हथियारों से लैस बंगलादेशी नागरिक रविवार को सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया। बीएसएफ ने कहा कि सुबह 7:30 बजे तस्करों के एक समूह को सीमा पार बंगलादेश में तस्करी की कोशिश करते हुए देखा।

तस्कर सीमा बाड़ की दोनों ओर थे। बीएसएफ ने उन्हें रोकने की चुनौती दी, तो तस्करों ने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और हमलावर हो गए। तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को घेरने की कोशिश की, उनका उद्देश्य उन पर हमला करना और उनका हथियार जब्त करना था। अपने जीवन और सरकारी संपत्ति के खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के एक जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पीएजी राउंड फायर किया।

## बॉलीवुड हलचल

### योद्धा के बाद फिर एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा के बाद एक बार फिर एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस एक्शन फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करेंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म का टाइटल अभी नहीं रखा गया है। वहीं, मुराद खेतानी सिने एक स्टूडियो के साथ अपने मूवी टनल प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण करने वाले हैं। यह एक एक्शन, रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होने वाली है। फिल्म का काम इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसके बाद सितंबर के आसपास उत्तराखंड में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

### खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है, जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमें बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही हैं। करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है। मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही है, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।

### गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन आगामी गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में एक छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। बच्चन इससे पहले इस श्रृंखला की पहली फिल्म फक्त महिलाओ माते (2022) में दिखाई दिए थे, जिसमें उन्होंने कथावाचक की भूमिका निभाई थी। 81 वर्षीय अभिनेता फिल्म में भगवान की भूमिका निभाएंगे। आनंद पंडित और वैशाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन जय बोडास और पार्थ त्रिवेदी ने किया है। इस फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला मुख्य भूमिका में हैं।

## अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला

**दुबई।** अदन की खाड़ी में एंटीगुआ और बारबुडा के झंडे वाले एक मालवाहक पोत पर संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को हमला किया। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि मिसाइल जहाज के आगे के हिस्से पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई लेकिन जहाज पर सवार लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एक और मिसाइल दागी गई लेकिन यह जहाज पर नहीं गिरी।

इसके बाद आस-पास छोटी नौकाओं पर सवार लोगों ने पोत पर गोलीबारी की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी शनिवार देर रात अदन के समीप उसी क्षेत्र में हमले की सूचना दी लेकिन उसने इसके बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और इसके बाद से ही वह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन से लड़ रहा है।

**सियासत** हेलिकॉप्टर हादसे में रईसी की मौत के बाद होने हैं चुनाव

# ईरान में राष्ट्रपति पद की दौड़ में 6 उम्मीदवार

**दुबई, एजेंसी**

ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है।

हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था।

संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल-हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे।

### चार महिला उम्मीदवारों में से एक ने नाम वापस लिया

**तेहरान।** ईरान की संसद की पूर्व सदस्य और देश के राष्ट्रपति पद की रेस में शामिल चार महिलाओं में से एक जोहरे इलाहियन ने भी रविवार को अपनी उम्मीदवारी वापस ली और लोगों द्वारा विश्वसनीय उम्मीदवार के लिए अपने समर्थन की घोषणा की। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार तीन अन्य महिलाओं ने पहले ही नाम वापस ले लिया। इलाहियन ने एक्स पर लिखा लोगों, विद्वानों और बौद्धिक अभिजात वर्ग द्वारा भरोसेमंद उम्मीदवार का समर्थन करते हुए और प्रमुख नेतृत्व पदों पर महिलाओं की उपस्थिति पर इस्लामी क्रांति के विवेकपूर्ण नेता के सकारात्मक और बुद्धिमान दृष्टिकोण के लिए आभार व्यक्त करते हुए मैं अपनी उम्मीदवारी को वापस लेने की घोषणा करती हूं। ईरानी मीडिया के अनुसार, अन्य महिला उम्मीदवार पहले ही दौड़ से हट चुकी हैं। ईरान के स्वीकृत चुनावी कैलेंडर के अंतर्गत, उम्मीदवारों का पंजीकरण 30 मई से तीन जून तक हुआ और पात्रता जांच चार जून से 13 जून तक की जाएगी। चुनाव 28 जून को होगा और अगर आवश्यक हुआ तो दूसरा दौर पांच जुलाई को होगा।